वर्ष-31, अंक- 217, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
25 मई 2025


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### देवघर एम्स में होगा पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का इलाज

**मेदिनीनगर।** पीएलएफआई के प्रमुख दिनेश गोप का इलाज अब देवघर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कराने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में पलामू पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से अनुमति मांगी है। जानकारी के अनुसार दिनेश गोप ने पूर्व में दिल्ली एम्स में इलाज के लिए 24 मई को ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिया था। लेकिन अब यह जानकारी सामने आई है कि जिस उपचार के लिए वह दिल्ली जाना चाहता था, वही चिकित्सकीय सुविधा देवघर एम्स में उपलब्ध है। ऐसे में राज्य से बाहर भेजने की आवश्यकता नहीं पाई गई। पलामू पुलिस ने कारा व सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय को पत्र भेजकर दिल्ली एम्स की जगह देवघर एम्स में इलाज की सिफारिश की है। अनुमति मिलने के बाद उसे देवघर एम्स में भर्ती कराया जाएगा। सितंबर 2024 में दिनेश गोप को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। हाथ की बीमारी के इलाज के लिए पहले रिम्स भेजा गया और फिर एम्स रेफर किया गया था। उस समय देवघर एम्स में न्यूरोसर्जन उपलब्ध नहीं थे, लेकिन अब ओपीडी शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि दिनेश गोप पर झारखंड में 100 से अधिक नक्सली हमलों और कई पुलिस कर्मियों की हत्या का आरोप हैं। जेल मैन्युअल के अनुसार राज्य के बाहर इलाज की अनुमति तभी मिलती है जब राज्य में इलाज संभव न हो। फिलहाल मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व जेल में हुई छापेमारी में यह भी सामने आया था कि दिनेश गोप को जेल में विशेष सुविधाएं दी गई थीं, जिसे लेकर जेल अधीक्षक को शोकॉज नोटिस जारी किया गया था।

## ईचाबार जंगल में मुठभेड़, 10 लाख का इनामी नक्सली पप्पू लोहरा ढेर

- सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू भी मारा गया
- ईचाबार जंगल में सुरक्षाबलों की कार्रवाई, घायलावस्था में एक नक्सली गिरफ्तार, आरक्षी अवध सिंह घायल
- पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया
- इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज किया गया
- नक्सलियों से 5 बाइक व हथियार बरामद हुए
- पप्पू लोहरा कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल था
- अफसरों ने मौके का निरीक्षण कर रणनीति बनाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड जनमुक्ति परिषद के सुप्रिमो और 10 लाख के इनामी नक्सली पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा उर्फ सोमेद लोहरा अपने दस्ते के साथ लातेहार थाना क्षेत्र में सक्रिय था। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि पप्पू लोहरा अपने दस्ते के साथ ईचाबार जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मंशा से एकत्र हुआ है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पु.अ.नि. रविन्द्र महली के नेतृत्व में सैट के जवानों और लातेहार पुलिस की एक टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। सुरक्षाबलों द्वारा रेकी के दौरान उग्रवादियों की गतिविधियों की पुष्टि होते ही मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से करीब आधे घंटे तक गोलीबारी हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दबाव में उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग गए। इस दौरान आरक्षी अवध सिंह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान पुलिस ने दो शव बरामद किए, जिनकी पहचान 10 लाख का इनामी जेजेएमपी सुप्रिमो पप्पू लोहरा और 5 लाख का इनामी सबजोनल कमांडर सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी उर्फ प्रभात गंझू के रूप में हुई। इसके अतिरिक्त झाड़ी में छिपा एक घायल नक्सली आशीष कुमार (पिता सुनेश्वर सिंह, ग्राम कोठिल, थाना लातेहार) को गिरफ्तार किया गया। पप्पू लोहरा वर्ष 2009-10 से जेजेएमपी से जुड़ा था और लातेहार सहित कई जिलों में लेवी वसूलने, विकास कार्यों में बाधा डालने और आम लोगों में दहशत फैलाने जैसी कई घटनाओं में शामिल रहा है। उसके विरुद्ध दर्ज प्रमुख घटनाओं में 2021 में नावाडीह जंगल मुठभेड़, 2024 में बोकाखांड़-ओरवाई मुठभेड़, 2021 में विशुनदेव सिंह की हत्या, 2019 में टोरी रेलवे कोल साइडिंग में आगजनी, 2018 में पुल निर्माण कर्मी की हत्या, 2020 में आम नागरिक उमेश प्रसाद की धारदार हथियार से हत्या, 2020 में कल्टु उरांव की हत्या, और 2020 में चंदन तुरी की गोली मारकर हत्या शामिल है। पुलिस द्वारा की गई बरामदगी में एक इंसास राइफल, 20 कारतूसों के खोखे, दो मैग्जीन पाउच, एक लाल-काला टीवीएस मोटरसाइकिल, तीन पिट्ठू बैग, एक सोल्डर बैग, एक तिरपाल और एक प्लास्टिक सीट शामिल है। छापेमारी दल में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल शेष पृष्ठ 11 पर

### आईजी ने प्रेस वार्ता में मुठभेड़ की पूरी जानकारी दी



आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाई.एस. रमेश और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि लातेहार में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा मारा गया। पुलिस ने बताया कि पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा, ग्राम कोने, जिला लातेहार का रहने वाला था और 10 लाख का इनामी नक्सली था। वह अपने दस्ते के साथ लातेहार थाना क्षेत्र में भटक रहा था जिसकी सूचना लगातार मिल रही थी। सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस ने हेसाबार जंगल में सघन छापेमारी अभियान चलाया। लातेहार थाना पुलिस व सैट बल के साथ विशेष दल का गठन किया गया और घटनास्थल भेजा गया। हेसाबार जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई, जहां उग्रवादियों ने पुलिस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से लगभग आधे घंटे तक गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस का दबाव बढ़ता देख कुछ उग्रवादी भागने में सफल रहे। इस बीच पुलिस जवान अवध सिंह घायल हो गए। सर्च अभियान में दो शव बरामद हुए और एक घायल नक्सली आशीष कुमार (पिता सोनेश्वर सिंह, निवासी लातेहार) को पकड़ा गया। मारे गए नक्सलियों में एक की पहचान 10 लाख के इनामी पप्पू लोहरा और दूसरे की पहचान 5 लाख के इनामी सब जोनल कमांडर सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी (निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना बालूमाथ) के रूप में हुई। पुलिस को घटनास्थल से एक इंसास राइफल, 20 खोखा, दो पाउच में मैगजीन, एक लाल-काली टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल, तीन पिट्ठू बैग, एक शोल्डर बैग, तिरपाल, और प्लास्टिक शीट बरामद हुआ। छापेमारी अभियान में लातेहार एसपी कुमार गौरव, एसडीपीओ अरविंद कुमार, डीएसपी संजीव मिश्रा, पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, अवर निरीक्षक रमाकांत गुप्ता, राहुल सिंह, रविंद्र मोहली, उमापद महतो समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

- 26 जून को चाईबासा कोर्ट में पेश होने का आदेश



**नवीन मेल डेस्क**

**चाईबासा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 26 जून 2025 को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का निर्देश दिया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को झारखंड के चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने वर्ष 2018 के एक बयान को लेकर जारी मानहानि मामले में 26 जून 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि पेशी से अनुपस्थित रहने पर और कड़े कदम उठाए जाएंगे।

यह मामला 28 मार्च 2018 से जुड़ा है। कांग्रेस के एक अधिवेशन में राहुल गांधी ने भाजपा पर टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता, यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। उस समय अमित शाह भाजपा अध्यक्ष थे। इस बयान को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप कटियार ने 9 जुलाई 2018 को चाईबासा सीजेएम कोर्ट में मानहानि की अर्जी दाखिल की थी।

मामला वर्ष 2020 में हाईकोर्ट के आदेश पर चाईबासा ट्रांसफर हुआ। समन और जमानती वारंट के बावजूद राहुल पेश नहीं हुए, और कोर्ट उनकी पेशी से छूट की अर्जी भी खारिज कर चुका है।

## बैंक घोटाले का वांछित अंगद सिंह चंडोक अमेरिका से प्रत्यर्पित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित और रेड कॉर्नर नोटिस जारी अपराधी अंगद सिंह चंडोक को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित कर लिया है। आरोपित को 23 मई को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जहां उसे सीबीआई ने हिरासत में लिया। वर्ष 2014 में अंगद सिंह चंडोक पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगे। उसपर अपने परिवार के सदस्यों—पिता सुरेंद्र सिंह, मां हरलीन कौर और भाई हर्षबीर सिंह के साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है। वर्ष 2016 में वह अपने परिवार सहित भारत से फरार हो गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर झासा का फूटा गुस्सा

- झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ का ऐलान...अब विधायक की किसी बैठक में नहीं लेंगे हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की गढ़वा जिला इकाई की बैठक शुक्रवार को अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें गढ़वा-रंका के भाजपा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की गई। बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों ने एक स्वर में विधायक की भाषा को असंसदीय, अमर्यादित और प्रशासनिक गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया। यह फैसला 23 मई को समाहरणालय सभागार में दिशा समिति की बैठक के दौरान हुई घटना के बाद लिया गया। बैठक में शेष पृष्ठ 11 पर

### नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल हुए हेमंत सोरेन, कहा-

## ‘विकसित गांव’ से साकार होगी ‘विकसित भारत’ और ‘विकसित राज्य’ की संकल्पना

- झारखंड की जनता की आवश्यकताओं से पीएम को कराया अवगत
- बकाया एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपए की मांग की

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में सम्मिलित हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नीति आयोग के अध्यक्ष अमिताभ कांत और विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने विचारों को रखने के साथ कई अहम सुझाव दिए। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि ‘विकसित भारत’ की परिकल्पना ‘विकसित राज्य’ से होती है, जिसमें ‘विकसित गांव’ को जोड़ना सबसे जरूरी है। ‘विकसित भारत’ की मूल परिकल्पना का केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, युवा कौशल, किसानों के विकास, पूर्ण शिक्षा, आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सतत विकास है, जिसके लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। नीति आयोग की इस बैठक में मुख्यमंत्री ने झारखंड की जनता की आवश्यकताओं से प्रधानमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगभग 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए की राशि प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में खनिज और कोयले के साथ-साथ अन्य खनिजों की बहुतायत है। इनके खनन में प्रदूषण और विस्थापन एक बहुत बड़ा कारक रहा है। खनन कंपनियों द्वारा ली गई भूमि, जो कि नॉन पेमेंट ऑफ लैंड कंपनसेशन में आती है, का राज्य सरकार का एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपए बकाया है। इसे यथाशीघ्र मुहैया कराया जाए और सीबीए एक्ट में संशोधन कर खनन के बाद कंपनियों को भूमि राज्य सरकार को पुनः वापस देने का प्रावधान किया जाए। राज्य में अनधिकृत खनन के लिए कंपनियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग को बताया कि झारखंड सरकार ने सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई योजनाएं बनाई हैं, जिसमें पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य योजना आदि प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के मानदंड में कुछ बदलाव की आवश्यकता की बात कही। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, राज्य सरकार 25 लाख परिवारों को 5 किलोग्राम चावल प्रतिमाह, आयुष्मान योजना से वंचित 28 लाख परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित 38 लाख गरीब परिवारों को 15 लाख रुपए शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता हो

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में ‘कोल बेस्ड मीथेन गैस’ की बहुतायत है, जिसका तकनीकी रूप से इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए और कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत राज्य में इस्तेमाल होने से रोजगार सृजन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश का वन क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष है, जिससे आधारभूत संरचना के लिए क्लीयरेंस में देरी अवरोध बनती है। इसका निवारण किया जाए और पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी प्रदान कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रेल परिचालन का विस्तार जाए और कंपनियों के सीएसआर फंड और डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाहित किया जाए।

### डेडीकेटेड इंडस्ट्रीयल माइनिंग कॉरिडोर विकसित किया जाए

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रदेश का साहेबगंज जिला कार्गो हब की दृष्टि से बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है, जो सीमावर्ती राज्यों को भी सुविधा प्रदान करेगा। इसी जिले में गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण या उच्च स्तरीय बांध बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए स्ट्रैटेजिक इंपॉर्टेंट क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विस्तार को प्राथमिकता में शामिल करना होगा। राज्य में डेडीकेटेड इंडस्ट्रीयल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने से सामान्य परिचालन में सुविधा बढ़ जाएगी।



# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** मेदनीनगर मुख्य पथ के बसडीहा कॉलेज गेट के समीप शुक्रवार की देर रात सड़क दुर्घटना में तरहसी के धुमा गांव निवासी विकास भुइयां की मौके पर ही मौत हो गई व एक अन्य व्यक्ति नागेंद्र भुईया गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक से पांकी के कसमार से वापस रात्रि 9:30 बजे धुमा गांव जा रहे थे। इस बीच बसडीहा के समीप ट्रक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों युवकों को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मौके पर मौजूद चिकित्सक ने विकास भुइयां के मृत्यु की पुष्टि की वहीं गंभीर रूप से घायल नागेंद्र भुइयां को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल से ट्रक व क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। शनिवार की सुबह मामले की जानकारी मिलने के बाद भुइयां समाज के दर्जनों लोगों ने घटना के संबंध में पांकी थाना को लिखित आवेदन देकर ट्रक ड्राइवर पर कानूनी कार्रवाई व मृतक के आश्रितों को मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, बबलू भुइयां, संजय भुइया समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# छात्र के साथ मारपीट मामले में छह पर प्राथमिकी दर्ज

### परीक्षा केंद्र से अमही गांव ले जाकर की गई थी पिटाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के नावाडीह निवासी 11 वीं के छात्र सत्यम कुमार सिंह को चार-पांच लोगों ने हुसैनाबाद के नहर मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र के पास से एक कार में जबरदस्ती बैठा कर हुसैनाबाद के अमही गांव के पास सुनसान जगह ले जाकर मारपीट मामले में छह नमाजद समेत अन्य अज्ञात पर हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। घटना के संबंध में कहा गया है कि सत्यम कुमार सिंह के साथ पिटाई की गई थी। बाद में उसे हैदरनगर थाना को सूचना देकर देवी धाम हैदरनगर बुलाया और




पिस्टल के साथ सत्यम कुमार सिंह को पुलिस के हवाले कर दिया गया। हैदरनगर पुलिस ने सत्यम को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया। आवेदन में बताया गया है कि वह 11 वीं की परीक्षा देने नहर मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर गया था। वहां छह नामजद व अन्य अज्ञात लोग पहुंच कर उससे बोले कि जरूरी बात करना है। कुछ दूर ले जाकर उसे जबरदस्ती एक कार में बैठा लिया। कार से सत्यम कुमार सिंह को अमही गांव के पास सुनसान जगह ले गए। वहां पिस्टल से सिर पर वार कर घायल करने के बाद भी पिटाई की। सत्यम कुमार सिंह के मुताबिक पिटाई के बाद उन्होंने कहा कि यहां छोड़ने पर वह हुसैनाबाद थाना में केस कर देगा। उन्होंने सत्यम के कमर में पिस्तौल खोंस कर वीडियो बनाया। उन्होंने प्लान बनाकर हैदरनगर थाना पुलिस को फोन कर देवी धाम हैदरनगर बुलाया। उसे देवी धाम हैदरनगर के पास उसे पिस्टल के साथ थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सत्यम कुमार सिंह का प्राथमिक उपचार पीएचसी हैदरनगर में कराने के बाद चिकित्सक ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद रेफर कर दिया। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# स्कूटी व बाइक की आमने सामने की टक्कर में तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला ग्राम स्थित स्वामी इंडियन आयल पेट्रोल पंप के समीप एनएच 139 पर शनिवार सुबह 10 बजे स्कूटी और बाइक में आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बिहार के औरंगाबाद निवासी लक्ष्मण साव के 35 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार व छतरपुर निवासी चंदू कुमार तथा उनकी 30 वर्षीय पत्नी अनिता देवी शामिल है। सुरेंद्र कुमार को सिर में चोट लगने के साथ ही नाक, कान से खून निकल रहा था। अनिता कुमारी के आगे का दो दांत टूट गया है। साथ ही बायां हाथ में भी गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हरिहरगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि सुरेंद्र कुमार अपने बाइक से छतरपुर की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से चंदू कुमार अपनी पत्नी अनीता देवी के साथ स्कूटी से हरिहरगंज की ओर आ रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित होकर स्कूटी व बाइक आमने-सामने टकरा गई।

# विश्व जैव विविधता दिवस पर वाद-विवाद व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) पलामू के इको क्लब द्वारा लिटरेरी क्लब एवं इंस्टिट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल ( आईआईसी ) के सहयोग से रोचक और ज्ञानवर्धक वाद-विवाद, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने जैव विविधता की वर्तमान स्थिति, उससे जुड़ी चुनौतियों एवं इसके संरक्षण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम डॉ. राजेश नारायण देव (प्रोफेसर-इन-चार्ज, इको क्लब) और डॉ. मुरली मनोहर (अध्यक्ष, आईआईसी, प्रोफेसर-इन-चार्ज, लिटरेरी क्लब) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। निर्णायक मंडल में निपेन कुमार दास, पंजित लंका,महेंद्र मरांडी उपस्थित थे। सभी सम्मानित शिक्षकों ने छात्रों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और पर्यावरण की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें भारत की जैव विविधता, राष्ट्रीय उद्यान, संकटग्रस्त प्रजातियां, खाद्य श्रृंखलाएंऔर पारिस्थितिकी सेवाएं जैसे विषयों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता के अंत में टेंसर टाइटन्स ने प्रथम स्थान, फैंटास्टिक फोर ने द्वितीय स्थान, नोविस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।तीनों टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। इसके बाद वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें संरक्षण बनाम विकास और प्रौद्योगिकी बनाम प्रकृति जैसे विचारोत्तेजक विषयों पर छात्रों ने सटीक और प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की गहन समझ और प्रस्तुति कौशल ने सभागार का वातावरण प्रेरणादायक बना दिया।

# लोहड़ी में लगा निःशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी मध्य विद्यालय में शनिवार को सेसा संस्था पलामू व एसीलर विजन फाउंडेशन बेंगलुरु के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सक श्याम सुंदर शाह व अमृत लकड़ा द्वारा 130 मरीजों की आंखों की जांच की गई। तथा जरुरतमंद मरीजों को मौके पर ही स्वयंसेवक ज्योति टोप्पो व अजय कुमार द्वारा निःशुल्क चश्मे वितरित भी किए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सेसा संस्था राधा व्यापार आश्रम तथा स्थानीय कार्यकताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# डायबिटीज से बचने के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

पांकी। प्रखंड के शिक्षा निकेतन स्कूल के बच्चों ने शनिवार को डायबिटीज से बचने के लिए जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल परिसर से की गई। इस दौरान विद्यालय के बच्चे प्रधानाध्यापक विनोद सिंह के नेतृत्व में कतारबद्ध होकर हाथों में



तख्ती लिए डायबिटीज के रोकथाम के लिए नारा लगाते हुए प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक, भगत सिंह चौक, थाना रोड, मुख्य बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान स्कूली बच्चे डायबिटीज से लड़ना है सेहत को अपनाना है, मीठा कम सेहत ज्यादा डायबिटीज को करो अलविदा, फल खाओ फिट रहो डायबिटीज को दूर करो, चीनी छोड़ो सेहत अपनाओ डायबिटीज को दूर भगाओ जैसे नारा लगाते हुए सभी लोगों को डायबिटीज के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने चीनी के सही उपयोग व मात्रा की भी जानकारी दी। मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे स्कूल के प्रधानाध्यापक विनोद सिंह ने बताया कि डायबिटीज जैसा जानलेवा रोग भारत के लिए चिंता का विषय बना है। आंकड़ा यह है कि विश्व के पटल पर भारत डायबिटीज के हब का रूप ले रखा है। अब ज्यादातर महिलाएं एवं बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं, जिसका मुख्य कारण है गलत खान-पान। आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को डायबिटीज के बारे में शिक्षित करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना। मौके पर कार्यक्रम में स्कूल के दर्जनों शिक्षक समेत सैकड़ो की संख्या में स्कूली बच्चे शामिल थे।

# सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर हुसैनाबाद में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार सुरक्षा की दृष्टिकोण से हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के नेतृत्व में शनिवार को हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर लगातार इन दिनों सुरक्षा की दृष्टिकोण से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मालूम हो कि क्षेत्रों में विभिन्न मार्गों से कई लोगों द्वारा बिना हेलमेट के युवा वर्ग काफी तेज गति से बाइक चलाते हैं, और प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो चुकी हैं। जिसको लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से पटेल चौक के समीप मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें कई लोगों को बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर गाड़ी जब्त कर उन्हें चालान के लिए परिवहन विभाग को भेज दिया गया है। वहीं सभी दो पहिए वाहनों को पुलिस बल के द्वारा रोककर पूरी तलाशी ली जा रही है। वहीं थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर पुलिस गश्त लगा रही है। जिससे किसी तरह से किसी आगंतुक लोगों को परेशानी न हो, साथ ही क्षेत्र में किसी तरह के क्राइम को नियंत्रित किया जा सकें।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान की अधूरी कार्रवाई से लोगों में असंतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर पूर्वी पंचायत के बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण से संकुचित हो रहे गली मुहल्लों की साफ-सफाई कराने का अभियान प्रथम चरण में 10 मई को बाजार क्षेत्र के जवाहर पथ मुहल्ला से शुरू किया गया था, किन्तु इस कार्य में आधी अधूरी कार्रवाई से लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष व्याप्त है। यूं कहा जाये कि बाजार क्षेत्र के अतिक्रमित भूमि को खाली कराने की प्रक्रिया सात वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। इसके लिये सात वर्षों से लगातार विभिन्न संगठनों के लोगों ने कई बार संबधित अधिकारी के साथ पत्राचार करते रहे हैं। इस मुहल्ले में 19 कुल चिन्हित घरों के मालिकों को चौथी बार नोटिस प्रशासन ने तामिला कराया था। किन्तु कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर अंततः सरकारी भूमि, मुख्य पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने



को लेकर स्थानीय प्रशासन व पुलिस बल स्वयं बुलडोजर लेकर 10 मई को निकल पड़े। इसमें दो स्थानों पर मकान व अन्य के निजी घरों के आगे ओटा व चबूतरा का अवैध निर्माण पाये जाने पर ओटा, चबूतरा तोड़वाने का काम तो प्रशासन ने की, पर बड़े मकानों को अब तक नहीं तोड़े जाने से प्रभावित अन्य परिवारों में रोष है। इसकी मॉनेटरिंग स्वयं अंचल अधिकारी संतोष कुमार व अंचल निरीक्षक सुनील कुमार ने किया। पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार पासवान, सुदर्शन राम, नाजमा खातून व शहनाज परवीन, समाजसेवी नावाजिश खान, अनूप कुमार सिंह, जयप्रकाश कुशवाहा, पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान के अलावा प्रभावित परिजनों में शमीम राईन, नसीम, मुमताज राईन, आकाश कुमार वर्मा, उसमान, इजरायल आदि ने कहा कि लंबे समय के बाद शुरू की गई कार्रवाई में अब तक एक मुहल्ला की भी सफाई नहीं की जा सकी है। उन्होंने बाजार क्षेत्र के सभी गली-मुहल्लों सहित सदाबह नदी सहित आसपास के नदी नाले की अतिक्रमित भूमि को भी खाली कराने का आग्रह अंचलाधिकारी से किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय एकमात्र सदाबह नदी की भूमि को कई स्थानों पर अतिक्रमण कर निजी उपयोग किया जा रहा है। इससे जल संचयन व संग्रहण भी बाधित हो रहा है। इस संबध में भी कई संगठनों ने अंचल कार्यालय में कई बार आवेदन प्रेषित किया है। साथ ही बाजार क्षेत्र के ही कई मुख्य पथों पर रैयतों के समान खूंटा गाड़कर माल - मवेशी को बांधकर आवागमन अवरुद्ध करने वाले संबधित मालिकों पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। अब तक की गई कार्रवाई के बाद इस मुहल्ले के लोगों को दो निर्मित व व्यापक अतिक्रमित बड़े मकानों सहित पुराना स्टेट बैंक परिसर पर टिकी है। जहां पर प्रशासनिक कार्रवाई होने की प्रतिक्षा इस मुहल्ले के लोगों को है।

# बरसात में बढ़ जाती है जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा

**एंटीवैनम इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होने से होती है परेशानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरसात के आरंभ के साथ इस क्षेत्र में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाती है। ऐसे में इनके दंश से किसी के जान पर नहीं बन आए, इससे पहले ही लोगों ने स्थानीय सिंचाई विभाग की भूमि पर प्रखंड कार्यालय के पास में स्थित सीएचसी में भी एंटीवैनम इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि भव्य भवन नाम बड़े और दर्शन छोटे कहावत चरितार्थ करती नजर आती है। अभी तक इसे विभागीय स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण एक चिकित्सक की तक की पदस्थापना नहीं की जा सकी है। बताया जाता है कि 16.5 करोड़ की लागत से 30 बेड के इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के 5 साल बाद भी इसमें मुकम्मल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया नहीं जा सका है। कुछ ही मामले में इस केंद्र की उपयोगिता सार्थक साबित होती बताई जाती है। इसमें संस्थागत प्रसव व मामूली रोगों की जांच कर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। गंभीर प्रसव पीड़िता, दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायलों और अन्य मरीजों के अलावा विषैले जीव-जंतुओं के काटने के बाद जख्मियों को हुसैनाबाद, हैदरनगर अथवा मेदिनीनगर में ही बेहतर इलाज मिल पाता है। इस क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। मुख्य पथ की वजह से दुर्घनाएं भी होती रहती हैं। वैसे बताया जाता है कि इस केंद्र में कोल्ड चेन की बदले वैकल्पिक तौर पर फ्रीज की व्यवस्था कर दी गई है। इससे वैक्सीन और एंटीरैबीज इंजेक्शन उपलब्ध कराई गई है। जबकि पूछने पर बताया गया कि चिकित्सक के नहीं होने की वजह से एंटीवैनम इंजेक्शन की भी व्यवस्था करना संभव नहीं है। हुसैनाबाद और हैदरनगर में इस इंजेक्शन की पर्याप्त भंडारण है। बताया गया कि सीएचसी भवन का निर्माण ही बिना प्रशासनिक स्वीकृति के किया गया है। यही वजह है कि प्रावधान के अनुसार इसमें चिकित्सक और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। फिलहाल, इसे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित किया जाता है। जिसमें केंद्र सरकार के प्रावधान के अनुसार एक सीएचओ, दो एएनएम, एक एमपीडब्ल्यू और एक आउटसोर्स कर्मी शामिल हैं। हालांकि कुछ माह पहले तक डा.विनोद कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिनका तबादला हो गया है। मगर, उनकी जगह किसी अन्य चिकित्सक को प्रतिनियुक्त नहीं किया गया है।

# प्रहरी क्लब के रूप में चयनित शिक्षक समाज में जागरूकता फैलाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** झारखंड सरकार द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने व समाज में जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में हुई। इस प्रशिक्षण में सतबरवा राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय से विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी समेत दिलीप प्रसाद, बलराम साह, दीपक कुमार, मंजू पांडे व जयप्रकाश राम को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण झारखंड के प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ की भी उपस्थिति में हुई। प्रशिक्षण 12 जून को पलामू जिले के सभी माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से दो-दो शिक्षक, जिन्हें 'प्रहरी क्लब' के रूप में चयनित किया जाएगा, को जिला स्तर पर प्रशिक्षित किया जाएगा। ये शिक्षक विद्यालय स्तर पर प्रभात फेरी, स्लोगन लेखन, क्विज, पेंटिंग, रंगोली, निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, साइकिल रैली तथा डिजिटल माध्यमों से जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। शिक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि मादक पदार्थों की लत किसी को किसी भी उम्र में लग सकती है। इसके लक्षणों में अनिद्रा, अत्यधिक सक्रियता, अनियमित हृदय गति, जबड़ों में दर्द, चेहरे पर सूजन, शारीरिक कमजोरी, प्रतिक्षा तंत्र का कमजोर होना, दांतों की समस्या और पोषण की कमी प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर व्यक्ति को शीघ्र इलाज और सहायता की आवश्यकता होती है ।कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक अभिषेक तिवारी ने यह संकल्प दोहराया कि 'नशे को ना, जीवन को हां' के संदेश को हर विद्यालय और समुदाय तक पहुँचाया जाएगा।

## जलस्रोतों को दुरुस्त करने का आदेश

**हैदरनगर।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में हैदरनगर प्रखंड के सभी पंचायतों में खराब पड़े जलमीनार, चपानलों सहित अन्य जलस्रोतों को एक सप्ताह में दुरुस्त कराने का आदेश बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने दिया है। उन्होंने प्रखंड के सभी मुखिया व पंचायत सचिव को आदेश पत्र जारी कर बताया है कि पंचायतों में खराब पड़े जलमीनार सहित अन्य जलस्रोतों की मरम्मत एक सप्ताह के भीतर कराना सुनिश्चित करेंगे। इसकी रिपोर्ट भी प्रखंड कार्यालय में मांगी गई है। उन्होंने कहा कि गर्मी के प्रभाव को देखते हुए पेयजल की समस्या के सुरक्षानात्मक उपाय के अंतर्गत आम लोगों को विभिन्न जल श्रोतों से पीने का पानी उपलब्ध कराने की नैतिक जिम्मेवारी भी नियमानुसार लेना आवश्यक है। इसे पूरा करने के लिए उन्हें तत्काल कदम उठाया जाना चाहिए।

## पत्रकार की पत्नी का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** डालटनगंज से प्रकाशित एक अखबार के प्रधान संपादक एवं प्रसार भारती (आकाशवाणी एवं दूरदर्शन) के जिला प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह उर्फ गुड्डू की पत्नी का शनिवार की सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वह पिछले तीन-चार दिनों से बीमार थीं। उनके निधन से पूरे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। इस शोकसंतप्त परिवार के प्रति विभिन्न सामाजिक, पत्रकारिता एवं राजनीतिक संगठनों ने संवेदना प्रकट की है। हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, रामप्रवेश सिंह, विवेकानंद सिंह, पत्रकार उदय प्रकाश ओझा, शंभू चौरसिया, अंगद किशोर, जफर हुसैन, सैयद नौशाद, सतेंद्र चंदेल ,गौतम पटेल, जितेंद्र रावत, जितेंद्र कुमार समेत प्रगतिशील पत्रकार मंच से जुड़े सभी पत्रकारों ने आत्मा की शांति व परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**वट सावित्री पूजा कल : पति की दीर्घायु व अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं महिलाएं**

# रेलवे स्टेशन परिसर स्थित बरगद वृक्ष बनता है सुहागिनों की आस्था का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पति की दीघार्यु और अखंड सौभाग्य की कामना का महान पर्व ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि दिन सोमवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर मान्यतानुसार वट सावित्री व्रत पूजन किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर इस व्रत पूजन को लेकर सुहागिनों की आस्था रेलवे स्टेशन परिसर स्थित बरगद गाछ तले उमड़ पड़ती है। पास स्थित काली मंदिर के पुजारी शिवलाल प्रसाद और धर्मप्रेमी द्वारिका प्रसाद ने कहा कि इस व्रत पूजन को लेकर सुहागिनों की आस्था का प्रमुख केंद्र यही बरगद गाछ है। इस व्रत को लेकर साफ-सफाई का काम पूरा कर दिया जाएगा। जहां पौ फटने के साथ के साथ ही नव परिधानों व सोलह



श्रृंगार से सजी-धजी सुहागिनों का इस व्रत पूजन को लेकर दोपहर तक तांता लगा रहता है। इसमें स्थानीय के अलावा प्रखंड क्षेत्र अन्य स्थानों की सुहागिन भी बड़ी संख्या में शामिल होती हैं। पुरोहित पंडित अखिलेश पांडेय ने कहा कि वैसे, तो ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि का आरंभ 26 मई को 12 बजकर 11 मिनट पर हो जाएगा। जबकि 27 मई को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर यह समाप्त होगा। मगर, हिंदू पंचांग के अनुसार किसी भी व्रत और पर्व का निर्धारण उदया तिथि के आधार पर किया जाता है। ऐसे में वट सावित्री पूजा व्रत 26 मई को ही रखा गया है। इस व्रत का पालन करने से सुहागिनों को शास्त्र सम्मत फल की प्राप्ति होती है। व्रती महिलाओं को अखंड सौभाग्य के वरदान की प्राप्ति होती है।

### बरगद गाछ की पूजा पर मिलता है ब्रह्मा विष्णु व महेश का वरदान

उन्होंने कहा कि मान्यतानुसार जेष्ठ अमावस्या को वट वृक्ष की परिक्रमा करने पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश सुहागिनों को सदा सौभाग्यवती रहने का वरदान देते हैं। इस मान्यता के अनुसार सुहागिनों का समूह परंपरागत आस्था और विश्वास के साथ इस व्रत पर वट वृक्ष तले पूजा-अर्चना करती हैं। वट अमावस्या के पूजन को लेकर प्रचलित कथा के अनुसार सावित्री अश्वपति की कन्या थीं। जिसने सत्यवान को पति के रूप में स्वीकार किया था। सत्यवान लकड़ी काटने के लिए जंगल में जाया करता था। जबकि सावित्री भी अंधे सास-ससुर की सेवा करने के बाद सत्यवान के पीछे जंगल में चली जाती थी। एक दिन सत्यवान को लकड़ियां काटते हुए चक्कर आ गया और वह पेड़ से उतरकर नीचे बैठ गया। उसी समय भैंसे पर सवार होकर यमराज उसके प्राण लेने आए। सावित्री ने उन्हें पहचाना और कहा कि आप उसके पति सत्यवान का प्राण न लें। ऐसा कह वह भी उनके पीछे चल पड़ी। यमराज ने मना भी किया। मगर वह वापस नहीं लौटी। अंततोगत्वा सावित्री के पतिव्रत धर्म से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान स्वरुप अंधे सास ससुर की सेवा में आंखें दे दीं। सावित्री को 100 पुत्र होने का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़ दिया। तभी से वट पूजा से जुड़ी धार्मिक मान्यता के अनुसार महिलाएं इस दिन व्रत रखती हैं। पति की दीघार्यु और खुद के अखंड सौभाग्य की कामना के लिए वटवृक्ष तले उपासना करती हैं। इस क्षेत्र के प्रायः हर गांव में जहां बरगद गाछ मौजूद हैं, वट सावित्री व्रत पूजन का प्रचलन है।

## छाए रहे बादल, टिपटिप बरसता रहा पानी

**मोहम्मदगंज।** मौसम का मिजाज शनिवार को भी बदला सा नजर आया। दिन भर बादल छाए रहे। इस बीच टिपटिप पानी बरसता रहा। मगर, हवाओं के नहीं बहने से माहौल उमस भरा बना रहा। इसमें असहज स्थिति बनी रही। लोगों ने बेचैनी महसूस किया। उन्होंने कहा कि इस मौसम की बेरुखी से बरसात को लेकर शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। बल्कि ऐसा मौसम मौसमी बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसा मौसम खेती को लेकर किसी काम का नहीं है। हालांकि मवेशियों के लिए घास को हरा-भरा करने में फायदेमंद साबित हो सकता है। जो गर्मी की वजह से सूखने लगे थे। वैसे, लोग इसे मानसून के आगमन को लेकर संकेत मान रहे हैं।

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर

## टैक्सी स्टैंड में निगम ने पेयजल किल्लत दूर की



- **टूटे पाइप और नल बदले गए, यात्रियों और चालकों ने जताया आभार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छह मुहान स्थित टैक्सी स्टैंड में लंबे समय से जारी पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम ने तत्काल राहत की पहल की है। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में इस समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुराने व टूटे पाइप व नलों की मरम्मत कर दी है, जिससे अब यात्रियों और ऑटो चालकों को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने गुरुवार के अंक में इस पेयजल संकट पर विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें बताया गया था कि यहां पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने से ऑटो चालक और यात्री बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर थे।

नगर निगम के सहायक आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि पेयजल की तत्काल व्यवस्था कर दी गई है और आगे की स्थिति को देखते हुए आवश्यकतानुसार और भी बेहतर प्रबंध किए जाएंगे। इस पहल के बाद टैक्सी चालकों ने नगर निगम को धन्यवाद दिया और भविष्य में यहां आरओ सिस्टम लगाए जाने की भी मांग की है।

### सतत विकास लक्ष्य को लेकर उपायुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक

# प्रवेश, पोषण व स्वास्थ्य से जुड़े संकेतकों पर दिया गया विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सतत विकास लक्ष्य को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीजी के विभिन्न संकेतकों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को लक्ष्यों की पूर्ति हेतु ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग से संबंधित चर्चा में उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षाओं में बच्चों के नामांकन को प्राथमिकता देने को कहा। इसके लिए प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया।

समाज कल्याण विभाग के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के नामांकन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और सटीक डेटा संग्रह की आवश्यकता पर बल दिया।

स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों के इंडिकेटरों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर एकत्र किए गए आंकड़ों का सही मिलान करें और केवल सत्य एवं अद्यतन जानकारी ही ऑनलाइन प्रविष्ट करें।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोहरदगा स्टेशन पर आरपीएफ की मानवीय संवेदनाओं ने बचाई एक जिंदगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोहरदगा स्टेशन पर ट्रेन संख्या 18636 (एसएसएम-आरएनसी इंटरसिटी एक्सप्रेस) के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक बुजुर्ग यात्री के साथ हुई घटना ने आरपीएफ के उपनिरीक्षक एल.के. मिश्रा और उनके साथियों कल्पना कुमारी, संतराज चौहान, तथा भरत सिंह की इंसानियत को जीवंत किया। 65 वर्षीय राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी ट्रेन से उतरते समय भारी भीड़ में गिर पड़े और उनके बाएं टखने में गंभीर मोच आ गई। कठिन परिस्थिति में आरपीएफ के जवानों ने तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उनकी सेवा भावना के चलते रामनाथ जी और उनकी पत्नी को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए ऑटो रिक्शा की व्यवस्था भी की। इस सहायता ने बुजुर्ग दंपति के दिलों में गहरी कृतज्ञता और भरोसा जगा दिया।

इस घटना ने साबित कर दिया कि जब सेवा दिल से हो, तो कोई भी कठिनाई इंसानियत के रास्ते में बाधा नहीं बनती। आरपीएफ के इन जवानों ने अपनी तत्परता और समर्पण से 'ऑपरेशन सेवा' को सफल बनाते हुए मानवता की एक मिसाल पेश की। रामनाथ चंद्रवंशी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। ट्रेन से उतरते समय अचानक पीछे से भीड़ बढ़ गई, जिससे वह गिर पड़े और उनके ऊपर से कई लोग गुजर गए। गिरने के कारण उनके घुटने में चोट आई और वे चल पाने में असमर्थ हो गए। इसी दौरान आरपीएफ की टीम ने उनकी मदद की। राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ ने इस सेवा के लिए आरपीएफ का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी तत्परता और सेवा से उनकी जान बची।

# केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण, बंदियों से संवाद व विधिक सहायता की समीक्षा

- **प्रधान जिला न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल को दिए सख्त निर्देश**
- **बंदियों को जागरूकता अभियान के तहत नि:शुल्क विधिक सहायता का भरोसा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सौरभ कुमार गौतम के साथ केंद्रीय कारा का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने कारा बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी और विधिक सहायता की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी बंदी अधिवक्ता के बिना न रहे। इसके लिए डलसा के माध्यम से जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सजायुक्त बंदियों को अपील अवश्य दाखिल करनी चाहिए। जो निजी अधिवक्ता रखने में असमर्थ हैं, वे लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के अधिवक्ताओं की मदद ले सकते हैं। एलएडीसी के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया गया कि जिन बंदियों की अपील उच्च न्यायालय में नहीं हुई है, उनका डेटा एकत्र कर शीघ्र अपील दर्ज करें। इसके साथ ही दिवाकर पांडेय ने महिला वार्ड का निरीक्षण किया और महिला बंदियों से जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि अधिकांश ने जमानत आवेदन और अपील दाखिल कर रखी हैं, जिनमें कुछ सरकारी अधिवक्ता और कुछ निजी अधिवक्ताओं की मदद से कार्य कर रहे हैं। बाद में पाकशाला और अन्य वार्डों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बंदियों को अपने केस की जानकारी रखने तथा एलएडीसी के अधिवक्ताओं से नियमित संपर्क में रहने का सुझाव दिया।

साथ ही काराधीक्षक को महिला वार्ड और पाकशाला को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के मौके पर कारा अधीक्षक भागीरथ करजी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अन्य अधिवक्ता और सैकड़ों बंदी मौजूद थे।

## दो साल से खराब सोलर जलमीनार बनी पेयजल संकट का कारण



- **जमुने गांव में दर्जनों घरों को गर्मी में झेलनी पड़ रही परेशानी, प्रशासन से मरम्मती की गुहार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत पांकी–मेदिनीनगर मुख्य पथ के किनारे स्थित जमुने गांव में करीब दो वर्षों से खराब पड़ी सोलर जलमीनार ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नीलांबर-पीतांबर पब्लिक स्कूल के समीप 14वें वित्त आयोग की राशि से लगभग तीन लाख रुपये की लागत से बनी यह जलमीनार वर्षों तक दर्जनों घरों और राहगीरों के लिए स्वच्छ जल का प्रमुख स्त्रोत थी। ग्रामवासियों के अनुसार, जलमीनार के खराब होने से न केवल गर्मी में पानी की किल्लत बढ़ गई है, बल्कि कई घरों के चापानल सूखने से लोगों को दूर-दराज के कूपों या पड़ोसियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। अब जबकि जिला प्रशासन ने बेकार पड़ी जलमीनारों की मरम्मती को लेकर निर्देश जारी किए हैं, ग्रामीणों को आशा है कि जल्द ही यह जलमीनार फिर से चालू होगी। स्थानीय लोगों ने वरीय अधिकारियों से अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस तपती गर्मी में राहत मिल सके।

### चैनपुर में भाजपा नेत्री स्मिता ने निजी खर्च से किया स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य

**चैनपुर।** प्रखंड अंतर्गत चैनपुर महावीर मंदिर के पास कई दिनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्मिता ने अपने निजी खर्चे से लगवाया। इससे बाजार और राहगीरों को अंधेरे से राहत मिली है। सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने भाजपा नेत्री की सराहना करते हुए उनके सरल और जनसेवा भाव की बात कही। मौके पर मनोज दास सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे जिन्होंने इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पत्रकार जसप्रीत सिंह की पत्नी का निधन पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

**गढ़वा।** थर्ड आई अखबार के प्रधान संपादक एवं दूरदर्शन भारती के जिला प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह की पत्नी गुड़िया सिंह का शनिवार सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं और तबीयत बिगड़ने पर उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों द्वारा लगातार प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। गुड़िया सिंह के निधन की खबर से पत्रकारिता जगत समेत सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दुखद समाचार की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पत्रकार अविनाश देव, हृदयानंद मिश्र, लक्ष्मी तिवारी, आशीष भारद्वाज सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और आम नागरिकों ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की।

### लहलहे में श्रीमद्भागवत कथा का पांचवां दिन संपन्न गोवर्धन पूजा और कृष्ण लीला का हुआ मंचन



**मेदिनीनगर।** लहलहे गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शुक्रवार को हुए पंचम दिवस की कथा में काशी से पधारे श्री श्री 108 मारुति किंकर जी महाराज ने गोवर्धन पूजा सहित भागवत की विभिन्न कथाओं का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन महाराज की कथा का मंचन भी हुआ, जिसमें बाल कलाकार आर्यन ने श्रीकृष्ण की भूमिका निभाकर भक्तों का मन मोह लिया। मंच से उन्होंने संदेश दिया—"हाय-हैलो छोड़ो, राधे-राधे बोलो," जिसे सुनकर पंडाल 'राधे-राधे' के जयघोष से गूंज उठा। कथा के आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी ने अपनी पत्नी के साथ आरती की। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पांचवें दिन की कथा में रुद्र शुक्ला, धीरज मिश्रा, अभिषेक तिवारी, अखिलेश तिवारी व्यास जी (रांकिकला), आलोक चौबे (भवनाथपुर) सहित कई स्थानों से श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप तिवारी, ब्रजेश मृत्युंजय, बिनोद तिवारी, आकाश, प्रियांशु, पवन, प्यायो और मनीष समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई। मंच संचालन ब्रजेश तिवारी ने किया।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर मिशन समृद्धि संकल्पबद्ध

- **शिक्षा के साथ नैतिकता, कला और खेलकूद में भी बढ़ाया जा रहा बच्चों का रुझान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला शिक्षा की लौ उन बच्चों तक पहुंचा रही है, जो पहले पढ़ाई में रुचि नहीं रखते थे। संस्था पांकी रोड जनकपुरी और कचरवा जैसे क्षेत्रों में लगातार शिक्षा का अलख जगा रही है। इन क्षेत्रों में शिक्षा देना आसान नहीं, लेकिन तमाम कठिनाइयों के बावजूद संस्था की टोली नियमित रूप से पहुंचकर बच्चों को न सिर्फ पढ़ा रही है, बल्कि उन्हें नैतिकता, सांस्कृतिक गतिविधियों, चित्रकला और खेलकूद की ओर भी प्रेरित कर रही है।

संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि ₹आज के बच्चों की नींव में शिक्षा का बीज बोना सबसे आवश्यक है, क्योंकि यही बीज आगे चलकर उन्हें सही दिशा देगा। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए सभी का शिक्षित होना अनिवार्य है।₹

उन्होंने बताया कि संस्था विगत आठ वर्षों से सीमित संसाधनों में कार्य कर रही थी, लेकिन हाल ही में शहर के एक सजग और संवेदनशील सहयोगी के योगदान से बच्चों की गतिविधियों को नई गति और ऊर्जा मिली है। संस्था ने इस मसीहा का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से पठन-पाठन की व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सकी है।

पाठशाला के संचालन में अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, वीणा राज, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या शेखर, ऋषि, नैसी गुप्ता और ममता का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। सभी स्वयंसेवक बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु लगातार प्रयासरत हैं।

# मई में गर्मी की जगह बरसात, लगातार बारिश से मौसम ने बदली करवट

- **24.3 मिमी वर्षा के साथ सड़कों पर जलजमाव, लोग महसूस कर रहे समय से पहले मानसून की आहट**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मई की चिलचिलाती गर्मी के बीच लगातार हो रही बारिश ने लोगों को हैरत में डाल दिया है। शनिवार को मेदिनीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई, जिससे सड़कों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को 24.3 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जो इस साल की दूसरी सबसे अधिक बारिश है। इससे पहले 1 मई को 40.8 मिमी बारिश हुई थी।

बारिश की वजह से जीएलए कॉलेज गेट, एसपी आवास के सामने बाईपास रोड, सुरभि नगर, गायत्री मंदिर सुदना, जेलहाता सहित कई क्षेत्रों की सड़कों पर पानी भर गया। इससे बाइक चालकों और पैदल यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मई में जहां आमतौर पर भीषण गर्मी पड़ती है, इस बार लगातार बारिश ने तापमान को काफी हद तक नीचे ला दिया है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा, जिसमें सुबह गर्मी और दोपहर बाद बारिश की संभावना है। लगातार हो रही वर्षा ने लोगों को समय से पहले मानसून के आगमन का एहसास दिलाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में और बारिश हो सकती है, जिससे तापमान और भी नीचे जा सकता है।

### राज्य स्तरीय सीनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू टीम का जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी

# पलामू की 18 सदस्यीय टीम बोकारो में राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



मेदिनीनगर। बोकारो जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 25 और 26 मई 2025 को स्पोर्ट्स कंपलेक्स चंदनक्यारी, बोकारो में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला सीनियर वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

पलामू की ओर से 18 सदस्यीय टीम, जिसमें युवा खिलाड़ी और खिलाड़ी शामिल हैं, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे एवं कोच मोनू कुमार के सान्निध्य में शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से बोकारो के लिए रवाना की गई। टीम का नेतृत्व टीम मैनेजर प्रवीण कुमार मेहता एवं कप्तान आर्यन कुमार कर रहे हैं।

पलामू जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय मुकाबलों में मौका मिला है। पुरुष वर्ग में कैप्टन आर्यन कुमार, नीतीश कुमार वर्मा, प्रभाकर कुमार, मनीष पासवान, सुनील शर्मा, धनुर्धारी सिंह, अरविंद कुमार, बबलू चौधरी, आर्यन कुमार, विशेष कुमार सिंह, राजेश सिंह, रवि रंजन यादव, एवं ज्ञानकर कुमार शामिल हैं। महिला वर्ग में चांदनी कुमारी, दीपमाला कुमारी, मनीषा कुमारी, मेघा कुमारी और रिया कुमारी चयनित हुई हैं।

पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे ओपन सीनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर पलामू के खेल जगत के कई दिग्गजों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इनमें जिला खेल पदाधिकारी किशोर कुमार पांडे, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन, शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता, योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल पाण्डेय, साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, राइफल शूटिंग संघ के सचिव अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सुनील उपाध्याय, शशिकांत त्रिपाठी, एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, सोनी कुमारी और प्रीति कुमारी शामिल हैं।

यह प्रतियोगिता पलामू के युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर पाएंगे।

## खुले ट्रांसफार्मर के नीचे सब्जी बिक्री जारी, मौत को दावत दे रहा सिस्टम

- **रेड़मा चौक पर खतरे के साये में खरीदारी, विभाग बेखबर**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के व्यस्त रेड़मा चौक पर दुर्गा पेट्रोल पंप के पास लगे खुले ट्रांसफार्मरों के नीचे सब्जी की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। विद्युत विभाग और नगर निगम की अनदेखी के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां चार ट्रांसफार्मर बिना किसी सुरक्षा घेरे के लगे हैं, जिनके ऊपर से नंगे तार भी झूलते रहते हैं।

नगर निगम द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत ट्रांसफार्मर के नीचे से विक्रेताओं को हटाया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों में वे दोबारा लौट आए। बरसात के दिनों में यहां करंट लगने का खतरा और बढ़ जाता है, बावजूद इसके न तो विभाग सक्रिय है और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

स्थानीय दुकानदार दीपक कुमार ने बताया कि कई बार सुरक्षा घेरा बनवाने की मांग की गई, लेकिन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया। इस बाबत पूछे जाने पर सहायक अभियंता अवधेश बक्शी ने कहा कि सब्जी विक्रेता अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर के सामने जाल लगाने पर विचार किया जाएगा।

स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्रशासन किसी हादसे के इंतजार में है? लोगों ने तत्काल ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा घेरे बनाए जाने और विक्रेताओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

# युवक का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड के बुढ़ापरास बांदू चुतरू व काशी सोत मुख्य मार्ग पर एक युवक का शव शनिवार को बरामद किया गया है। शव की पहचान कामेश्वर सिंह के पुत्र बुद्ध नारायण सिंह 16 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुद्ध नारायण सिंह अपने दो दोस्तों के साथ शादी से अपने घर बरदरी से बारवाही से बाइक से लौट रहे थे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# पदाधिकारी अपने कार्यों को ससमय पूर्ण करें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री जन मन योजना व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इस योजना को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर बिंदुवार चर्चा की गई। साथ ही इसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिए गए। बता दें कि प्रधानमंत्री जन मन योजना 15 नवंबर 2023 को खूंटी जिले से प्रारंभ किया गया था, जिसके अंतर्गत पूरे भारतवर्ष के आदिम जनजाति बहुल ग्रामों के संपूर्ण उत्थान के लिए विभिन्न विभागों द्वारा मूलभूत आवश्यकताओं में पक्का मकान, पेयजल, पक्की सड़क, हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, आयुष्मान, आधार कार्ड सहित कई योजनाओं का सैचुरेशन मोड में क्रियान्वित किया जाना है।



**पीएम जन मन योजना व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की बैठक**

उक्त योजना का कार्यकाल 31 मार्च 2026 रखा गया है। गढ़वा जिले के 17 प्रखंडो में कुल 195 आदिम जनजाति बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा 8 प्रमुख व कुल 17 से ज्यादा योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। इसी तरह 2 अक्टूबर 2024 को हजारीबाग जिले से धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का प्रारंभ किया गया था, जिसमें पूरे झारखंड के वैसे ग्रामों को चयनित किया गया था। जहां अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 50% से अधिक व एस्पिरेशनल ब्लॉक के अनुसूचित जनजातीय निवासित ग्रामों को लिया गया था। गढ़वा में कुल 15 ब्लॉक के 18 पंचायतों से 113 ग्रामों का चयन किया गया है, जिसमें रहने वाले कुल 18522 घरों के 96724 की जनसंख्या को सभी मूलभूत आवश्यकताओं व महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करते हुए आच्छादित किया जाना है। बताते चले की धरती आबा योजना 5 साल की योजना है, जो 31 मार्च 2029 तक क्रियान्वित की जानी है।

### पदाधिकारियों को सेक्रेटरी के निर्देशों से अवगत कराया

बैठक में मिनिस्ट्री ऑफ ट्राईबल वेलफेयर के सेक्रेटरी द्वारा दिए गए निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई व विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के लिए विभाग से निर्धारित टाइमलाइन की जानकारी दी गई। जिसमें जनमन आवास का निर्माण 30 सितंबर 2025 तक,पक्की सड़क का निर्माण 31 मार्च 2026 तक,जल जीवन मिशन 15 नवंबर 2025 तक, बीएसएनएल मोबाइल कनेक्टिविटी 31 जुलाई 2025 तक, इलेक्ट्रिसिटी से घरों का आच्छादन कार्य 30 जून 2025 तक,आदिम जनजाति हॉस्टल का निर्माण 15 नवंबर 2025 तक,आंगनवाड़ी केंद्रों को फंक्शनल बनाने का कार्य 31 मई 2025 तक,मल्टीपरपज सेंटर का निर्माण 30 अक्टूबर 2025 तक का समय दिया गया।

# होटल मालिक पर फायरिंग मामले में पांच में चार आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार



**एक पिस्टल, एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के मेन रोड स्थित विराट होटल के मालिक सोनू कुमार उर्फ सन्नी पर फायरिंग की घटना में संलिप्त आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक पिस्टल, एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पूछताछ में सभी ने घटना में संलिप्तता स्वीकार कर ली। शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी। घटना तीन बोतल बीयर के लिए 40 रुपये कम देने को लेकर हुए विवाद के कारण हुआ। एसपी बताया कि 15 मई की रात 11.58 बजे होटल मालिक सोनू पर गोली चालक की घटना हुई थी। घटना को लेकर 16 मई को होटल मालिक सोनू ने लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उसपर गोली चालन की घटना की जानकारी दी थी। आरोप लगाया था कि अपराधी 50 हजार रुपये रंगदारी की मांग कर रहे थे। घटना में छोटू तिवारी व उनके सहयोगियों की संलिप्तता की जानकारी दी थी। आवेदन के आलोक में पुलिस ने केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू की। अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल से फायरिंग किया गया खोखा भी बरामद किया गया था। एसपी ने बताया कि एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में घटना के उद्भेदन के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सुशील तिवारी उर्फ छोटू तिवारी को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उससे की गई पूछताछ में होटल मालिक पर फायरिंग की घटना में संलिप्तता स्वीकार कर ली। साथ ही बताया कि उसके साथ दीपक तिवारी, राजन तिवारी, रवि चंद्रवंशी, बम्पी पटवा भी शामिल था। उसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल छोटू तिवारी के सहयोगी राजन तिवारी को जिला मुख्यालय स्थित दिपुवां मोहल्ला स्थित उसके घर से एक लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल गढ़देवी मुहल्ला निवासी रितेश रंजन उर्फ बम्पी पटवा और गढ़देवी मोहल्ला निवासी रवि चंद्रवंशी को भी गिरफ्तार किया गया। एक अन्य आरोपी दीपक तिवारी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि पलामू जिला अंतर्गत सुशील तिवारी उर्फ छोटू तिवारी का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ गढ़वा थाना में चार मामले पहले से ही दर्ज हैं।

### मात्र 40 रूपए के कारण गोली चली

पूछताछ में पुलिस को गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि होटल मालिक सोनू उर्फ सन्नी अपने होटल में शराब परोसता है। घर में शराब रख कर उसकी बिक्री भी करता है। छोटू तिवारी अपने दोस्तों के साथ रात करीब 11 बजे शराब लेने के लिए उसके घर गया था। वहां उन्होंने तीन बोतल बीयर खरीदा। उसके लिए उनसे 600 रुपये मांगा जा रहा था। उसपर रवि चंद्रवंशी ने अपने फोन पे से 560 रुपये का भुगतान भी कर दिया। 40 रुपये कम देने पर होटल मालिक सोनू और छोटू तिवारी के बीच गाली गलौज हुई थी। उसके बाद छोटू ने साथियों के साथ मिलकर होटल मालिक पर गोली चालन की घटना को अंजाम दिया।

## वार्ड 4 में वार्ड ने निजी खर्च से किया मच्छरदानी वितरण

**खरौंधी।** प्रखंड के माझिगावां पंचायत स्थित वार्ड संख्या 4 में वार्ड सदस्य बालेश्वर यादव ने अपने निजी खर्च से 60 मच्छरदानी का वितरण किया। इस वितरण का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को मलेरिया, डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखना है। वितरण कार्यक्रम में रीना देवी, फुलवासी देवी, उर्मिला देवी, सोनी देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, सब्बा खातून, सदरु निशा, रिजवाना खातून, साइरा बीबी, प्रमिला देवी सहित कई जरूरतमंद महिलाओं को मच्छरदानी दी गई। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि यह पहल गांव में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और बीमारी की रोकथाम के लिए प्रेरणादायक कदम है। बालेश्वर यादव ने बताया कि वह भविष्य में भी समाज के कमजोर तबकों के लिए इस प्रकार की योजनाएं चलाते रहेंगे। यह पहल समाज के प्रति उनके दायित्वबोध और सेवा भाव का उदाहरण है।

# पेड़ से टकराई पिकअप, 8 बराती घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ पर विद्युत सबस्टेशन के समीप बारातियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ के टकराने से सवार आठ बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में यूपी के विंढ़मगंज थाना क्षेत्र के बैरखड़ निवासी प्रदीप कुमार 10 वर्ष, सत्यनारायण गोड़ 14 वर्ष, सुबेश कुमार पिता पिंटू भुइंया 10 वर्ष, मुकेश कुमार 11 वर्ष पिता जगमोहन गोड़, विकास कुमार 11 वर्ष पिता विनय कुमार, रामकुमार 13 वर्ष पिता भोला गोड़, पप्पू 11 वर्ष पिता जगमोहन गोड़, जयप्रकाश गोड़ 12 वर्ष पिता उपप्रधान गोड़ का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को



ईलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में लाया गया, जहां चिकित्सक फैज अहमद द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विकास कुमार, रामकुमार गोड़, पप्पू गोड़, जयप्रकाश गोड़ को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी पिकअप पर सवार लोग यूपी के विंढ़मगंज थाना के बरीखड़ गांव से खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव बारात जा रहे थे। इस बीच छह मईलवा स्थित विद्युत सबस्टेशन के समीप बारातियों से भरी पिकअप वैन तेज रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

# अज्ञात महिला का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़ीया गांव के समीप कनहर नदी से पुलिस ने शनिवार को 65 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। अज्ञात महिला का नदी में शव होने की सूचना पर बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। उन्होंने बताया कि नदी के बीच धार में पत्थर में शव के फंसे होने की



सूचना मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शव को बरामद कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। उक्त महिला लाल व हरा कलर का झूला (ब्लाउज) व हल्का हरे रंग की पेटिकोट पहनी हुई है। थाना प्रभारी ने अपील की है कि उक्त महिला की पहचान तीन दिनों के अंदर थाने से संपर्क कर की जा सकती है। महिला का शव गढ़वा पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा जाएगा। महिला के परिजन पहचान कर शव ले जा सकते हैं।

## प्रमुख ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शीघ्र चालू कराने की मांग की

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने प्रखंड अंतर्गत पाचाडुमर में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू कराने की मांग की है। उन्होंने गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर इससे अवगत कराया है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस अस्पताल भवन में एक माह पूर्व चिकित्सक की पदस्थापना की गई थी, इसके बावजूद यह केंद्र अभी तक कार्यशील नहीं हो पाया है। प्रमुख ने कहा कि इस अस्पताल का निर्माण ग्रामीणों को सरकारी स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन इसके संचालन में देरी के कारण लगभग 80 हजार की आबादी अब भी इससे वंचित है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रखंड में संचालित आरोग्य मंदिरों की भी स्थिति पर चिंता जताई। परती कुशवानी, बिजडीह, मुकुंदपुर और कधवन स्थित आयुष्मान केंद्रों पर सीएचओ (कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर) की नियुक्ति तो की गई है, परंतु ग्रामीणों की शिकायत है कि सीएचओ नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को किए गए निरीक्षण के दौरान सभी आयुष्मान केंद्रों पर सीएचओ अनुपस्थित पाए गए। इतना ही नहीं, जांच में यह भी सामने आया कि इन केंद्रों के लिए 61 हजार रुपये की दवाएं खरीदी गई थीं, जबकि उनका वास्तविक बाजार मूल्य मात्र दस हजार रुपये है।यह एक गंभीर अनियमितता है और उन्होंने इस फर्जीवाड़े में संलिप्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 15 वें वित्त की राशि से लगी कुर्सी में मुखिया व पंचायत सचिव पर मिलीभगत से फर्जीवाड़ा का आरोप





**जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी: एसडीओ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलझिकी में 15 वें वित्त आयोग की राशि से सीमेंटेड कुर्सी लगाने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर राशि का घोटाला कर लिया जाने का मामला प्रकाश में आया है। पंचायत में पांच गुना कीमत पर सीमेंटेड कुर्सी लगाई गई है। जिस सीमेंटेड कुर्सी की कीमत बाजार में साढ़े तीन से चार हजार रुपये है। उसी कुर्सी को कोलझिकी पंचायत में मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा 17 हजार 674 रुपये में लगाया गया है। इसका खुलासा कोलझिकी पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा डीसी से की गई लिखित शिकायत के बाद हुआ है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा डीसी को आवेदन देकर पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव के विरुद्ध फर्जी तरीके से कार्यकारिणी कर 15 वें वित्त आयोग की राशि का घोटाला किये जाने की शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड के ग्राम पंचायत कोलझिकी में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा फर्जी तरीके से कार्यकारिणी की बैठक कर 15 वें वित्त आयोग की राशि से 25 स्थानों पर सीमेंटेड कुर्सी लगाने के लिये पंचायत से स्वीकृति दी गई थी। पंचायत से स्वीकृति मिलने के बाद कुर्सी लगाने का ठेका पलामू जिले के विश्रामपुर के वेंडर उमा डिजिटल प्वाइंट को दी गई। पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव से स्वीकृति मिलने के बाद उक्त वेंडर द्वारा पंचायत के विभिन्न स्थानों पर 17 हजार 674 रुपये की दर से 25 सीमेंटेड कुर्सी लगाया गया। कुर्सी लगाने के बाद मुखिया व पंचायत सचिव द्वारा उक्त वेंडर उमा डिजिटल प्वाइंट को बकायदा दो किस्तों में 4 लाख 82 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। जबकि उसी कुर्सी की कीमत बाजार में साढ़े तीन से चार हजार रुपये है। कुल मिलाकर पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव की मिलीभगत से कुर्सी लगाने में सरकारी राशि का घोटाला कर लिया गया। इस संबंध में पूछने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# बीडीओ ने की प्रखंड स्तरीय विकास योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय आवास, मनरेगा, 15वें वित आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सचेत रहते हुए पंचायत में चल रही योजनाओं का पर्यवेक्षण करने व योजनाओं में गति लाने का निर्देश दिया। उन्हेंने बताया कि योजनाओं के कार्यन्वयन में किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। संबंधित पंचायत सचिव को रोजगार सेवक के साथ समन्वय बना कर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबुआ आवास की प्रगति व 2024-25 में अबुआ आवास में प्लिंथ लेवल तक की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना के भुगतान संबंधित मामलों में मनरेगा में आम बागवानी से संबंधित विषयों पर समीक्षा कर निर्देश दिए। बैठक में प्रधान सहायक राजीव दुबे, बीपीओ मनरेगा सरिता सिंह, आवास कोऑर्डिनेटर सुमित पाठक, पंचायत सचिव विनोद गुप्ता, चंद्रदेव तिवारी, सुरेश चौधरी, विजय यादव, परमानंद राम, अमित कुमार, आशीष कुमार, सीमा कुमारी, रूपा कुमारी सहित रोजगार सेवक उपस्थित थें।

## सरसोईया दायर टोले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय सटे सरसोईया दायर टोला के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आज तक सड़क नहीं बन पायी है। लोग खेतों के मेड़ या पगडंडी के भरोसे चलने को विवश हैं। प्रखंड अंतर्गत धुरकी पंचायत के सरसोईया दामर टोला टोले में आज भी सड़क के बिना लोग काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक कोई सड़क व पुल नहीं बना है, जनप्रतिनिधि लोग सिर्फ अपना वोट लेने यहां तक आकर अनेक प्रलोभन देते हैं। बावजूद यह टोला आज तक सड़क व पुल विहीन है। लोगों का आवागमन राजा तालाब के बीच से जान जोखिम में डाल कर गुजरना पड़ता है। इस टोले की आबादी 100 से अधिक है। इस टोले में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। इस टोले के ग्रामीणों का जीविकोपार्जन का साधन खेती एवं काम की तलाश में लोग पलायन भी करते हैं। बताया जाता है कि कई मर्तबा स्थानीय विधायक आदि एवं प्रशासन को उक्त नदी के बगल से रोड निर्माण करने की मांग की गयी।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,चतरा (जिला स्थापना शाखा)

–: सूचना :–

कार्यालय सूचना ज्ञापांक–347 / स्था0 दिनांक 20.03.2025 के आलोक में दिव्यांग कोटि के निम्नांकित अभ्यर्थियों का शारीरिक जाँच एवं दौड़ हेतु प्राप्त दावा आवेदन निम्नांकित कारणों से उपायुक्त, चतरा द्वारा अस्वीकृत किया गया है :–

| क्र0 | रौल नं0 | अभ्यर्थी का नाम / पिता का नाम | अस्वीकृति का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | 132383 | श्री अजय कुमार दाँगी, पिता– इन्द्रदेव दांगी | पूर्व में आयोजित दौड़ में भाग लिया गया है। |
| 2 | 131965 | श्री बब्लु कुमार, पिता– बासुदेव दाँगी | पूर्व में आयोजित दौड़ में भाग लिया गया है। |
| 3 | 130064 | श्री मिथिलेश कुमार, पिता–राजधानी साव | दावा समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् दावा आवेदन समर्पित किया गया है। |
| 4 | 131410 | रूपा कुमारी, पिता–छबीला शर्मा | दावा समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् दावा आवेदन समर्पित किया गया है। |

स्थापना उपसमाहर्त्ता, चतरा

PR 353406 District(25-26).D


# झामुमो नेता सह पूर्व मुखिया का निधन, शोक

**चिनियां।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सह पंचायत के पूर्व मुखिया रामनाथ तूरी का शनिवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। उनके निधन से लोगों में शोक व्याप्त है। सुबह अस्वस्थ होने पर उन्होंने गढ़वा सदर अस्पताल भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर फरीद खान, कपिल प्रसाद, रामसागर यादव,सुरेंद्र प्रसाद, शिवलाल सिंह,उमेश सिंह, भुट्टो मंसूरी, मनोज प्रसाद समेत कई सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनी

# बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना माताओं का प्रथम धर्म: मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत के मुखिया बेबी देवी, विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर,कोषाध्यक्ष गौतम कुमार सोनी, प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। आगंतुक अतिथियों का परिचय सह स्वागत सह प्राचार्या रुपलता ने किया। विद्यालय के भैया बहनों ने आदिति पाठक, पूर्णिमा सिंह तथा अंकित मिश्रा के निर्देशन में सिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माताओं का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में मातृ भाव



प्रेम को दर्शाते हुए भैया बहनों ने नृत्य एकल गीत सामूहिक गीत आदि प्रस्तुत किये। भैया बहनों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित एक नाटक किया गया, जिसे देख कर सभी माताएं भावुक हो गईं। मौके पर मुख्य अतिथि बेबी देवी ने कहा कि बच्चों के देखभाल के साथ-साथ भारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखना व अपने बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना माताओं का प्रथम धर्म है। प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने कहा कि निमार्णों के पावन युग में हम चरित्र निर्माण ना भूलें आप अभिभाविका हमारे विद्यालय के एक मजबूत स्तंभ है। आपके सुझावों से विद्यालय के प्रगति में बड़ा योगदान होगा। अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि पिता अपने पुत्रों के जरूरत को पूरा करने के लिए दिन रात घर से बाहर रखकर कार्य करते हैं। घर में मन ही होती है जो बच्चों में संस्कार एवं पढ़ाई के प्रति उनमें रुचि उत्पन्न करती है। कार्यक्रम के अंत में इस कार्यक्रम के प्रमुख विभा दीदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंच संचालन दशम की बहन इच्छा गुप्ता ने किया। इस मौके पर आचार्य राम इकबाल शर्मा, अजय कुमार, उज्जवल कुमार, योगेंद्र, चिरंजीवी, मनोज, पीयूष, धीरज, पुनीत, सुनीता, पूनम, पूजा, स्नेहा, सीमा, रीता, बेबी, रामदेव, विनोद, अशोक, राजीव, मुन्ना, बंधु-भगिनी उपस्थित थें।


## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

Gem निविदा संख्या– 01 / 2025–26

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

(Very Short term Tender Notice)

| | |
|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– 31.05.2025 / 05:00 बजे अपराह्न तक |
| हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि व समय | :– 02.06.2025 / 01:00 बजे अपराह्न तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | :– 02.06.2025 / 02:00 बजे अपराह्न |
| निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| निविदा खोलने का स्थान | :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

योजना विवरणी

| क0 | प्रखण्ड | योजना का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | भण्डरा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भण्डरा में 30 KVA Silen t Generator का अधिष्ठापन कार्य |
| 2 | किस्को | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, किस्को में 30 KVA Silent Generator का अधिष्ठापन कार्य |
| 3 | सेन्हा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेन्हा में 30 KVA Silent Generator का अधिष्ठापन कार्य |

जिला अभियन्ता, जिला परिषद्, लोहरदगा।

PR.NO.353400 Lohardaga(25-26):D

# ग्रामीण डॉक्टर के गलत इलाज से एक की मौत

● इंजेक्शन लगाते ही हुई मौत : परिजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** ग्रामीण डॉक्टर के लापरवाही से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान स्व. मनोइया भारती के पुत्र 35 वर्षीय बुगल भारती के रूप में हुई है। वह मांझीपारा टोला मुस्टगंवा गांव का निवासी था।आरोप है कि ग्रामीण ने बुगल भारती को गलत इंजेक्शन लगा दी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। कुंदा में लगातार गलत इलाज के कारण लोगों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और स्वास्थ विभाग बेखबर है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और ग्रामीण डॉक्टर को क्या सजा मिलती है। मृतक की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि कुंदा निवासी महेश साव के घर में क्लीनिक खोले प्रतापपुर प्रखंड के ऐघारा गांव निवासी डॉक्टर ने उसके पति को दो सुई लगा कर दवा दिया। जैसे ही सुई दिया उसके पति की तुरंत मौत हो गई। ग्रामीणों ने ग्रामीण चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रमिला देवी समेत 11वर्षीय पुत्र दिवेश कुमार,9 वर्षीय पुत्री रुपन्ति कुमारी, 5 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार को छोड़ गए। शव को आनन फानन में मामले को दबाते हुए दाहसंस्कार कर दिया गया है।

## पंचायत सचिवालयों में शुरू हुई आधार मोबाइल अपडेट कैंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** कामता समेत प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में शनिवार से आधार मोबाइल अपडेट कैंप की शुरूआत हो गई है। पंचायत के ग्रामीणों ने अपना आधार मोबाइल अपडेट कराया। चंदवा पूर्वी व पश्चिमी में शिविर की शुरूआत अब तक नहीं हो सकी है। इस संबंध में चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आधार ऑपरेटर का मशीन खराब है। उन्होंने ऑपरेटर से उसे जल्द ठीक कराने की बात कही। बता दें कि ग्रामीण पंचायत सचिवालय जा कर वापस लौट जा रहे हैं। बता दें कि महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों का आधार मोबाइल अपडेट नहीं होने के कारण उन्हें लाभ लेने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या के निराकरण के लिए 22 से 30 मई तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मेंआधार मोबाइल अपडेट कैंप आयोजित की गई है।

## मुखिया ने लगाया प्रखंड प्रमुख पर आरोप



**लातेहार।** मनिका प्रखंड प्रमुख पर कोपे पंचायत की मुखिया विनिता देवी ने आरोप लगाया है। शनिवार को बीडीओ संदीप कुमार को मुखिया विनिता देवी ने प्रखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए प्रखंड प्रमुख पर पंचायत के विकास कार्य मे हिस्सेदारी को लेकर बेवजह दखल देने का आरोप लगाया है। मुखिया ने दिये गये आवेदन में कहा है कि प्रखंड प्रमुख अपने पद का धौंस दिखाकर अपना पति सहित परिजनों के नाम पर सरकारी योजना में हिस्सेदारी देने का दबाव बनाते रहती है। इतना ही नही पंचायत के बगैर सुचना दिये पंचायत सचिवालय का जनरेटर अपना घर में ले जाकर उपयोग कर रही है। मुखिया ने बीडीओ से उक्त जनरेटर को पंचायत सचिवालय में जमा करवानी की मांग की है। प्रखंड कार्यालय परिसर में पत्रकारों से कहा किप्रखंड प्रमुख कोपे पंचायत में विकास कार्य को बाधित करने का प्रयास करती है। उनकी बात को नजरअंदाज करने पर अपने पद का हवाला देते हुए मुझपर कारवाई करवा देने की धमकी देती रहती है। इस मामला को लेकर बीडीओ संदीप कुमार ने कहा की मामले की जांच की जायेगी। वही प्रखंड प्रमुख पर लगा आरोप के बावत जिले के आला अधिकारियो को भी अवगत कराया जायेगा।

## डबल मर्डर केस का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** थाना अंतर्गत बामी गांव में डबल मर्डर केस में फरार चल रहे आरोपी कैलू भुइयां उर्फ पिंटू भारती, पिता स्व. कारू भारती, निवासी बामी को प्रतापपुर पुलिस ने छापेमारी अभियान के तहत गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कुल 9 आरोपी नामजद थे, जिनमें 7 को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आठवें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। प्रतापपुर थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसका यह एक अहम परिणाम है।

## संविधान को धीरे-धीरे बदलने का प्रयास हो रहा है : धीरज साहू

● कांग्रेस ने किया संविधान बचाओ रैली का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस पार्टी जिला इकाई द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार कांग्रेस के प्रभारी पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने किया। धीरज साहू ने कहा कि केंद्र सरकार मूलभूत ढांचा को बदलना चाहती है। संविधान को धीरे धीरे बदलने का प्रयास हो रहा है।

विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को मजबूत संविधान दिया, जिसमें समानता का अधिकार है। दबे कुचले, शोषित पीड़ित को सिर उठा कर चलने का अधिकार दिया।

भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी पिछले 12 साल से संविधान पर प्रहार कर रही है।लातेहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हर कांग्रेसियों का कर्तव्य है। मंच संचालन युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम , युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव,महिला जिला अध्यक्ष अनीता देवी, सेवादल अध्यक्ष वृन्दाबिहारी यादव जी, रउ मोर्चा रविंद्र राम जी विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव जी,प्रदेश प्रतिनिधि इफ़्तेखार अहमद , रविंद्र राम , कामेश्वर यादव , पंकज तिवारी, विजय बहादुर सिंह,प्रखंड अध्यक्ष दरोगी यादव, अख्तर, मोती उरांव, प्रिंस गुप्ता , असगर खान, रिगन प्रसाद,आमिर हयात समेत सुनील प्रसाद, मिथलेश पासवान,शमसुल हेसामूल, पिंटू , सईद , इनामूल , मनोज पासवान, लूलू डूबे, वाजिद,शहजाद अंसारी, हस्मत अंसारी, सुरेंद्र उरांव, संतोष रजक,तेतर यादव, संदीप साव,ओमप्रकाश यादव समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने किया पूर्व सासंद धीरज साहू का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान के नेतृत्व में शनिवार को पूर्व राज्यसभा सांसद सह लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू का चंदवा में स्वागत किया गया। धीरज साहू लातेहार में कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेने जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने इंदिरा चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में कार्यकर्ताओं के साथ संगठन तथा समस्याओं पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने उनके समक्ष कोल कंपनियों द्वारा ग्रामीणों कि अनदेखी समेत रोजी रोजगार की बात न करके अपना काम निकाल रही है, जिससे रैयतों का भरोसा कंपनी से उठ रहा है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि जल्द ही इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए चंदवा में बैठक रखी जाएगी। उन्होंने कोल ब्लॉक एरिया में इंटक का संगठन बनाने की बात कही। मौके पर संतोष प्रसाद साहू,मोफील खान,समशुल खान,इस्तेखार अहमद,प्रशांत जायसवाल डब्लू,सद्दाम खान,श्रीराम शर्मा,शीश आलम, दामोदर उपाध्याय,मो. छोटू, अमीत कुमार,इसरोज राय, बजरंगी सिंह,मो. शफीक समेत कई लोग मौजूद थे।

## पूर्णाहुति के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का समापन

## वैदिक मंत्रोच्चारण से गुंजायमान रहा क्षेत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** गाड़ी लौंग में शनिवार को आयोजित नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव में सराबोर रहे व पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंजायमान रहा। बताया गया कि आपसी सहयोग से जमा किये गये लगभग 75 लाख रूपए मंदिर के निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ के आयोजन में खर्च किये गये हैं। महायज्ञ का हर्षोल्लास पूर्वक सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोनू चौरसिया, सचिव मनीष चौरसिया, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, उपसचिव राहुल चौरसिया, मीडिया प्रभारी कुलदीप दास, पूजा प्रभारी जुगल साव, द्वारका बरई, तिलेश्वर साव, प्रताप चौरसिया विजय गिरी, सुनील चौरसिया, चिंतामन बरई,कालेश्वर साव, राम लखन साव,अजीत यादव ,शशि चौरसिया, प्रदीप साव, भीम साव ,मनोज राणा, सुरेंद्र चौरसिया ,लालमन साव ,विपिन यादव, मीनू गुप्ता, जगदीश राम,प्रवीण यादव, उपेंद्र यादव, पप्पू चौरसिया, राजू चौरसिया, सुधीर चौरसिया, पवन चौरसिया, पिंटू राणा ,विनय भुइंया, रामप्रवेश साव ,दिनेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्हें ग्रामीणों ने बधाई दिया।

## बारिश से सड़क पर जल जमाव, आवागमन प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** पलामू। पंडवा प्रखंड अंतर्गत पंडवा पंचायत के लोहड़ी ग्राम मे बारिश के कारण सड़क पर जल जमाव से आवागमन में परेशानी रुकने का नाम ही नहीं लेती है। हर बारिश के मौसम मे यह परेशानी गले पड़ जाती है। सरकारी मध्य विधालय लोहड़ी के समीप से गुजरने वाली सड़क जो की पी सी सी से निर्मित है उसका यह हालत वर्तमान स्तिथि को प्रदर्शित करती है। इस बदत्तर स्तिथि से निजात दिलाने हेतु किसी का भी ध्यान इस ओर आकर्षित नहीं होती है।पंचायत को सड़क,शिक्षा व अन्य जरुरी सुबिधाओं से परिपूर्ण करने के लिए इससे संबधित लोगों को तत्परता दिखाने की जरुरत है।

## 27 को विस्थापित प्रभावित रैयत देंगे धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** महुआमिलान श्रमिक सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड जमीरा के बैनर तले एस्सार प्लांट से विस्थापित व प्रभावित गांव के रैयतों की बैठक शनिवार को अनगड़ा स्थित एस्सार प्लांट परिसर के समीप संपन्न हुई। अध्यक्षता जमीरा पंचायत के पूर्व मुखिया बैजू मुंडा ने की। बैठक में अनगड़ा चतरो स्थित एस्सार पावर लिमिटेड को यथावत स्थिति में टेक ओवर करने वाली कंपनी उड़ीसा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड से विस्थापित व प्रभावित रैयतों को नौकरी, रोजगार, विस्थापन, पूर्णवास नीति का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराने को लेकर 27 एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिय गया है। विस्थापित व प्रभावित रैयतों ने बताया कि वर्ष 2007-08 में 1200 मेगावाट का थर्मल पावर संयंत्र स्थापित करने को लेकर हमलोगों से जमीन लिया गया था। 22 बिंदुओं पर एकरारनामा के साथ 524 एकड़ जमीन एस्सार कंपनी ने हम सभी से लिया था। उस समय हम सभी को झांसा दिया गया था कि विस्थापन एवं पुनर्वास नीति का पालन किया जाएगा, लेकिन किसी कारणवश कंपनी 2012 में बंद हो गई। इसके बाद एनसीएलटी कोर्ट द्वारा प्लांट को दिवालिया घोषित कर दिया गया। 2020 से चल रहे परिसमापन प्रक्रिया के अंतिम में इस कंपनी को कॉरपोरेट गोइंग ऑन कंसर्न बेसिस पर सफल बोलीदाता के रूप में उड़ीसा एलॉय प्राइवेट लिमिटेड रेशमी मेटालिक को हैंडओवर कर दिया गया है। प्लांट को टेक ओवर करने वाली नई कंपनी से अपने हक व अधिकारों को लेकर हम सभी मंगलवार को एकत्र होंगे व शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को रखेंगे। बैठक में चंद्रदीप कुमार,मैनेजर उरांव,अरुण ठाकुर,सजीव कुमार,मनजीत गंझू,प्रमोद गंझू,कामेश्वर गंझू, दीपक निषाद समेत अनगड़ा, चतरो, अर्धे,लोहसिंगना,महुआ मिलान,तूपी समेत कई गांव के लोग मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

अति–अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 05/2025–26

नगर परिषद, लोहरदगा के क्रय की गई वाहनों (TATA ACE GOLD + FL DISEL BSVI) की मरम्मति/सर्विसिंग हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक टाटा मोटर्स के अधिकृत व्यक्ति/एजेंसी/फर्म दिनांक– 31.05.2025 अपराह्न– 03:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जमा कर सकते है। समर्पित मुहरबंद लिफाफा दिनांक–31.05.2025 के अपराह्न 03:30 बजे नगर परिषद, लोहरदगा में खोला जाएगा।

नोटः–

1.श्री सुरज बेक, कनीय अभियंता (यांत्रिक) मो0नं0– 6299796577 से संपर्क स्थापित करते हुए सभी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनो में लगने वाले सामग्रियों का दर अंकित करना होगा।

2.उक्त से संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 353447 Lohardaga(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11RII/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–24.05.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /56/2024-25 | कुंभीकला पंचायत भवन से सोहदागखूर्द तक पथ निर्माण कार्य। 2.85कि0मी0 | 313.846 | तीन करोड़ तेरह लाख चौरासी हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 28.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.06.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.06.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 353449 Rural Development(25-26).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ**

SHORT NOTICE INVITING TENDER

**Tender Ref. No.-08/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 10.06.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 12.06.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 12.06.2025 from 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block in Approach Road From Main Road to Forest Colony, Sudna, Daltonganj, Palamu. | 11,59,600.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 2. | Laying of Paver Block from Office to Colony in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 21,72,100.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of Boundary Wall UPG Middle School at Chechnaha under Block Nawabazar, Palamu. | 23,05,400.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 23,82,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 5. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 23,82,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 6. | Construction of P.C.C Pathway to Godowns and Laying of Paver Blocks in District Animal Husbandry Office Campus, Palamu at Daltonganj. | 22,91,700.00 | 46000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Renovation of Meeting Hall Building in District Animal Husbandry Office Campus, Palamu at Daltonganj. | 14,52,800.00 | 26000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 8. | Renovation of Labour Office Building at Redma, Daltonganj, Palamu. | 49,60,600.00 | 100000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 9. | Estimate For GCI Shed in Backyard of A,B,C,D Type Quarter Building and Chequrred Tiles in Front of A,B,C,D E & F Type Building in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 20,74,000.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Construction of Boundary Wall Back Side & Raising of Rest Boundary Wall Height, Concertina Coil Fencing and Partition Wall Between Block&B & Block-C in Judicial Colony at Daltonganj, Palamau. | 20,58,700.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11. | Construction of GCI Shed in Front & backyard of C Type Quarter and in front of D & E Type Quarter Building in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 4,93,000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 12. | Installation of View Blocker in Boundary Wall of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 20,62,100.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Modulation of Staff Quarter Beside New Circuit House in a Finished Duplex along with attached Bathrooms at Daltonganj. | 24,88,200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14. | Renovation of Guard Room, Deep Boring in Circuit House, Palamu Campus at Daltonganj. | 19,21,800.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 15. | Repair of S.D.O Residence Building, Guard Room, P.C.C Work in S.D.O Chhattarpur Residence Campus, Palamu. | 38,88,900.00 | 78000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 16. | Estimate For Flooring (Tiles) and View Blocking Partition in Quarter E-01 SDPO Sadar Residence at Daltonganj, Palamu. | 7,61,500.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 17. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 31,20,000.00 | 64000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 18. | Repair and Painting of Awsadhi Nirakchhak office at Daltonganj. | 18,56,200.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj

PR 353450 District (25-26)_D



**जिला कृषि कार्यालय, चतरा**
**(जिला संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा)**

अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अन्तर्गत, चयनित ग्रामों में CGF के तहत् वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण (पक्का) के क्रियान्वयन किया जाना है। जिस हेतु दिनांक 22.04.2025 एवं दिनांक 06.05.2025 अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। परंतु निविदाकर्ता द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है, जो निम्नवत है :–

| क्रसं | प्रखण्ड | ग्राम | नाम | यूनिट | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्दा | बनियाडीह | वर्मी कम्पोस्ट | 05 | 64550.00 |
| 2 | प्रतापपुर | हारा | वर्मी कम्पोस्ट | 11 | 142010.00 |
| 3 | प्रतापपुर | लिप्दा | वर्मी कम्पोस्ट | 08 | 103280.00 |

इस हेतु अनुभवी FPO/सहकारी समितियों/गैर सरकारी संस्थायें NGOs/से दिनांक 31.05.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक आवेदन प्राप्त किया जाएगा। तथा उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोला जाएगा।

1. FPO/सहकारी समितियों/गैर सरकारी संस्थायें NGOs सहकारी समितियों के तहत् पंजीकृत हो।
2. योजना का क्रियान्वयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में स–समय कराना सुनिश्चित करेंगें।
3. उक्त क्षेत्र में 03 वर्षो का कार्य करने का कार्य अनुभव आवश्यक है।
4. औसत वार्षिक Turn Over 03 वर्षो तक 09 लाख रूपये से कम नहीं होना चाहिए।
5. निविदा राशि 1000.00 रू0 का डिमांड ड्राफ्ट जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा के नाम से देय होगा।

**नोट :– किसी भी प्रकार का अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यालय, संयुक्त कृषि कार्यालय तपेज, चतरा से सम्पर्क किया जा सकता है।**

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 353424 Agriculture(25-26)#D

# जनता के बीच रहकर ही करूंगा सेवा कार्य : डॉ. रामेश्वर उरांव

## पूर्व मंत्री व लोहरदगा विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजनों से की मुलाकात

● कार्यकर्ता ही मेरी पूंजी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह लोहरदगा के वर्तमान विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव शनिवार को राजेन्द्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय और विधायक कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं और आमजनों ने अपनी विभिन्न समस्याएं लिखित आवेदन के माध्यम से विधायक के समक्ष रखीं। डॉ. उरांव ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा, "मैं लोहरदगा की जनता का आभारी हूं, जिन्होंने दोबारा सेवा का अवसर दिया। यहां के कार्यकर्ता ही मेरी असली पूंजी हैं। मैं जनता के बीच रहकर कार्य करूंगा और विधायक निधि के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य तेजी से कराए जाएंगे। जनता बेझिझक अपनी समस्याएं रखे, हर समस्या का समाधान किया जाएगा।"





इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, खुर्सीद रूमी, सोमनाथ मुंडा, जिप अध्यक्ष रीना भगत, मोहन दूबे, विशाल डुंगडुंग, सीमा परवीन, संभु प्रजापति सहित दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सौहार्द्रपूर्ण माहौल में जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद स्थापित हुआ, जो लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने का प्रतीक रहा।

# विहिप और बजरंग दल का 11 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 27 मई से लोहरदगा में

● 400 युवाओं को मिलेगा फौजी अनुशासन व सनातन धर्म का बौद्धिक प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल द्वारा आगामी 27 मई से 6 जून 2025 तक शीला देवी सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में 11 दिवसीय अभ्यास एवं प्रशिक्षण वर्ग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में झारखंड के 24 जिलों से चयनित करीब 400 युवा भाग लेंगे। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, बौद्धिक तथा धार्मिक रूप से सशक्त बनाना है। शिविर के दौरान युवाओं को फौजियों की तरह अनुशासन में रहते हुए रस्सा आरोहण, बंकर प्रशिक्षण, निशानेबाज़ी, दंड प्रहार, योग, ब्रिज चढ़ाई जैसे विविध शारीरिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। साथ ही सनातन धर्म की रक्षा और विचारधारा को सुदृढ़ करने हेतु बौद्धिक सत्रों का भी आयोजन होगा। शिविर पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें प्रतिभागियों के रहने और खाने की संपूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी। शिविर की अवधि के दौरान प्रतिभागियों का परिसर से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, ज़िला अध्यक्ष रितेश कुमार, ज़िला मंत्री रंजीत कुमार एवं नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो की संयुक्त बैठक में लिया गया। ज़िला अध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर युवाओं को शारीरिक, मानसिक व वैचारिक रूप से मजबूत बनाएगा, ताकि वे सामाजिक व धार्मिक सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभा सकें। शिविर में 15 से 35 वर्ष तक के सभी सनातन युवाओं से भाग लेने की अपील की गई है।

## न्यूज बॉक्स

### गड्ढे में गिरने से युवक घायल

**भंडरा ।** भंडरा- आकाशी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के आकाशी धना टोली मोड़ के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीण व भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रूद्ध गांव निवासी कृष्णा राम के पुत्र रोहित कुमार (36 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से शुक्रवार की देर शाम आकाशी के रास्ते रुद्ध गांव जा रहा था। इसी दौरान धना टोली मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पांच फीट खाई में जा गिरा। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ देखा गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जिसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**भंडरा ।** भंडरा थाना मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भंडरा थाना क्षेत्र के बुड़का बेदाल गांव निवासी स्वर्गीय चरवा उरांव के पुत्र विश्राम उरांव अपने मोटर साइकिल से अपनी बहन और भतीजी को लेकर अकाशी स्टेशन जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही ऑटो ने टक्कर मार दी। इससे स्वर्गीय चरवा उरांव के पुत्र विश्राम उरांव (35 वर्ष) पुत्री रामरती कुमारी (30 वर्ष) व पोती करिश्मा कुमारी (8 वर्ष) घायल हो गई। जिसे प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

### सांसद के प्रयास से कोलसिमरी में लगा नया ट्रांसफार्मर



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड के ग्राम कोलसिमरी में स्थानीय सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन शनिवार को कुडू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ साहदेव ने किया। मौके पर विनोद उरांव, संतोष गोप, मोनु महतो, व्यास पासवान, रंजित महली, सतेन्द्र यादव, सुनिल महली, फागुन उरांव, नितिन महतो, काशी महली, दशरथ भगत, बसंती देवी, सरिता देवी आदि मौजूद थे। जिन्होंने सुखदेव भगत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की कमेटी विस्तार को लेकर बैठक आज

**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक 25 मई, रविवार को सुबह 10 बजे यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला, लोहरदगा में आयोजित की जाएगी। बैठक में महासभा की कमेटी विस्तार पर विशेष चर्चा की जाएगी एवं समाज के उत्थान के लिए आगे की कार्य योजनाओं पर मंथन होगा। बैठक में नई कमेटी के गठन के साथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी जाएंगी। संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाने और समाज की समस्याओं के समाधान हेतु रणनीति तैयार की जाएगी। महासभा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने सभी चंद्रवंशी भाइयों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। महासभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सागर वर्मा ने बताया कि चंद्रवंशी समाज पहली बार लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव कराकर संगठन विस्तार कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का समाज से जुड़ाव बढ़ा है और उन्हें कमेटी में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। बैठक में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी पर भी विचार होगा। सभी समाजसेवी, मातृशक्ति, युवा एवं चंद्रवंशी समाज के जागरूक नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इस बैठक में शामिल होकर संगठन को मजबूत करने में सहयोग करें।

## सवा लाख आहुतियों के साथ संपन्न हुआ नौ दिनी श्री रूद्र महायज्ञ

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उतका में पिछले 16 मई से 24 मई 09 दिनों तक चलने वाली विश्व कल्याणार्थ श्री रूद्र महायज्ञ का सवा लाख आहुति की पूर्ण होते ही महायज्ञ का समापन हो गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि यज्ञाधिश श्री भगवतानंद जी महाराज अयोध्या धाम के सानिध्य में यज्ञाचार्य कौशल कांत त्रिपाठी, शशि कांत त्रिपाठी, एवम मनीष तिवारी काशी के द्वारा प्रारंभ 16 मई से भव्य कलश यात्रा, पंचाग पुजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, दैनिक पूजन, देव आमंत्रण, जलाधिवास, दुग्धाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, अन्नाधिवास, शाई याधिवास के साथ श्री लक्ष्मी नारायण एवम नंदी महाराज की प्रतिमा की मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारा व संतो के विदाई के साथ यज्ञ पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस बीच यज्ञ समिति के द्वारा यज्ञ परिसर में काशी, वृंदावन, अयोध्या धाम, लातेहार महुआडाड से आए रमेश आचार्य, जैसे संतो की अमृत वाणी से शिवमय रहा माहौल वही श्री धाम वृंदावन से आए कलाकार भी रासलीला में प्रभु की लीला दिखाकर दर्शकों का मन मोहा। 24 मई शनिवार को पूर्णाहुति के बाद सामूहिक आरती और यज्ञ मंडप की सामूहिक परिक्रमा के साथ महायज्ञ की समाप्ति हो गई।

## राज्य स्तरीय सीनियर ओपन एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने बोकारो रवाना हुए खिलाड़ी



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला कोच विकास कुमार के नेतृत्व में पाँच खिलाड़ियों के दल के साथ चन्दनकियारी बोकारो रवाना हुए | इस अवसर पर लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव किशोर कुमार वर्मा ने कहा की जिला कोच विकास कुमार के नेतृत्व में जीतेन्द्र उरांव( 1500, 800मीटर ), विक्की यादव (5000, 3000 मीटर )निलेश उरांव (3000, 1500 मीटर )विलयम उरांव (800, 1500 मीटर ) तथा शिवा कुमार साहू उपर्युक्त खेलों में भाग लेंगे | जिला एथलेटिक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, संगठन सचिव संजय कुमार साहू, जिला कार्यकारी सचिव कयूम खान, अजय प्रसाद, और वरीय उपाध्यक्ष ज़ाहिद अहमद, तथा सरंक्षण मनोज प्रसाद अधिवक्ता, मदन मोहन पाठक, हाजी शकील अहमद, हाजी अफसर कुरैशी, हाजी अब्दुल जब्बारुल, ओमप्रकाश सिंह, ऐनुल अंसारी, शैयद सुजाउद्दीन, साजिद अहमद, अलोक रॉय, फोरोज राही, कमल केशरी, लालमोहन केसरी आदि ने जिला के एथलेटिक को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद किया है की जिला के एथलेटिक अच्छा प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेंगे| ज्ञातव्य हो की लोहरदगा जिला एथलेटिक मीट दो दिवसीय दिनांक 31 मई और 01 जून 2025 को ललित नारायण स्टेडियम में किया जायेगा जिसका ऑनलाइन इंट्री दिनांक 30 मई 2025 तक किया जायेगा| खेलकूद प्रतियोगिता प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 3 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा|

### जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को मिला निर्देश

# नगर क्षेत्र में स्वीमिंग पुल निर्माण में जल्द प्रगति लाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई। विशेषकर मनरेगा में मानव दिवस सृजन की उपलब्धि सौ प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास में विभिन्न चरणों में किश्त की हस्तांतरित राशि की समीक्षा की गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कैरो, भण्डरा, सेन्हा और पेशरार को एग्रीकल्चर-एलाइड स्कीम लेने का निर्देश दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना पूर्ण कूपों की समीक्षा की गई। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कुडू प्रखण्ड को योजनाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। आवास प्लस सर्वे में प्राप्त आवेदन की समीक्षा की गई। आइटीडीए अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा की गई और विद्यालयों में उपलब्ध कराये गये सुविधाओं हेतु विशेष निर्देश दिये गये। नीति आयोग अंतर्गत प्राप्त अवार्ड मनी से ली जा सकने वाली योजनाओं पर चर्चा की गई और जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिये गये। दीदी कैफे के निर्माण व संचालन की प्रगति पर चर्चा की गई। डेयरी प्लांट कुडू में विद्युत कनेक्शन प्रारंभ कराये जाने का निर्देश दिया गया। ब्रिकेटिंग प्लांट, डेयरी प्लांट, मिलेट प्रोडक्शन यूनिट, सरसों तेल उत्पादन यूनिट, दोना पत्तल यूनिट, बांस उद्योग का संचालन जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह को हस्तांतरित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। बायपास रोड हेतु अधिग्रहित भूमि के रैयतों को जल्द भुगतान करने और लंबित रिकॉर्ड को जल्द सरकार को भेजे जाने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। अनुमण्डल पदाधिकारी लोहरदगा को डीएमएफटी मद से नियुक्त विभिन्न खेलों के कोच व उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी व विभिन्न प्रतियोगिताओं में उन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा नियमित रूप से किये जाने का निर्देश दिया गया।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट को उपायुक्त ने दिखायी हरी झंडी

**लोहरदगा।** एस.बी.आई. फाउंडेशन एवं परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट को शुक्रवार को लोहरदगा के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यूनिट जिले के सेन्हा प्रखंड के 20 सुदूर वनांचल गांवों में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ग्रामीण परिवारों को घर के पास इलाज की सुविधा देना है। साथ ही, ग्रामीणों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना भी इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह सिखावत, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंभूनाथ चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समर कैंप में बच्चों ने दिखाया हुनर, सीखा आत्मविश्वास और पर्यावरण संरक्षण का पाठ

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** मां दमयंती देवी सेंचुरी फॉर एजुकेशनल नर्चर विद्यालय में 19 मई से 24 मई तक आयोजित समर कैंप ने विद्यार्थियों के बीच उत्साह और रचनात्मकता का संचार किया। इस कैंप के दौरान बच्चों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, वाटर फन, साइंस एक्विज़न, ड्रामा, 'जुरासिक पार्क' मूवी स्क्रीनिंग, पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण, सामान्य ज्ञान क्विज, कुकिंग फूड स्टॉल सहित कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता रही कि बच्चों ने पूरे जोश व उमंग के साथ भाग लिया और उनके अभिभावकों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के प्रिंसिपल मनोज पांडेय ने बच्चों को स्किल डेवलपमेंट के महत्व को सरलता से समझाया और उनकी प्रतिभा को निखारने में मार्गदर्शन प्रदान किया। चेयरमैन सुदीप सेन एवं राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि संस्था बच्चों के समग्र विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

## 11 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रांतीय आर्य वीरदल व गुरुकुल शांति आश्रम के संयुक्त तत्वाधान में युवा चरित्र निर्माण शिविर के चतुर्थ दिवस पर 11 कुण्डीय विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ के ब्रह्म आचार्य गणेश शास्त्री जी के ब्रह्मत्व में यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शास्त्री जी ने कहा सनातन वैदिक संस्कृति को जीवन शैली में उतरने की जरूरत है। हमारा जीवन मर्यादित होना चाहिए। आहार बिहार को अपना जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे संस्कृति के स्तंभ है। इस आयोजन में बबलू जी अम्मा भगवान सेवा संस्थान का विशेष योगदान रहा है। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए शंकर गुप्ता ने कहा कि आर्य वीरों को मोबाइल से कोई नया चीज़ सीखने की जरूरत है। आज का युवा मोबाइल में समय बर्बाद कर रहे हैं। इससे बचने की जरूरत है।

# संविधान की रक्षा करना हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है : धीरज प्रसाद

● संविधान में बदलाव सिर्फ लोकतंत्र नहीं, सामाजिक न्याय पर भी हमला है

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री के राजू के निर्देशानुसार एवं लातेहार जिला तत्वाधान में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में झारखण्ड कांग्रेस के कद्दावर नेता सह लातेहार जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह जी उपस्थित हुए,रैली में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे । लातेहार जिला की संविधान बचाओ रैली बाजार ताड़ से प्रारंभ हुई और समाहरणालय में आ कर इसका समापन हुआ, रैली में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे से पूरा शहर गूंज उठा । कार्यक्रम में उपस्थित लातेहार प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान के अनुसार चल रहा है, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग एकसाथ मिलजुल कर रहते है ऐसे पवित्र संविधान को बदलना देश की भोली भाली जनता के साथ छल माना जाएगा जिसका जवाब हम सभी मिलकर जरूर देंगे श्री साहू ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हर भारतीय नागरिक का कर्तव्य है यह संघर्ष उस सोच के लिए है जो भारत को न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व का देश बनती है,बीजेपी का असली इरादा बाबासाहेब अंबेडकर के बने संविधान को कमजोर कर देश को मनुवादी रास्ते पर ले जाना है यह सिर्फ लोकतंत्र नहीं सामाजिक न्याय पर भी हमला है यह रैली एक झांकी है अगर केंद्र की सरकार इसके बाद भी संविधान के साथ किसी भी प्रकार का परिवर्तन लाती है तो हम सभी भारी आंदोलन के लिए भी तैयार हैं मौके पर उपस्थित मनिका विधायक श्री रामचंद्र सिंह ने कहा कि अगर हमारी आवाज केंद्र सरकार के कानों तक जा रही है तो वह इस बात को अच्छी तरह समझ ले की संविधान में किसी भी प्रकार का बदलाव करना देश हित में अच्छा नहीं होगा इसलिए भविष्य में यह आंदोलन और भी विकराल रूप लेगा, आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लातेहार कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुंजर उरांव,प्रदेश प्रतिनिधि कामेश्वर प्रसाद यादव, इस्तखार अहमद,रविंद्र राम,पंकज तिवारी, नसीम अंसारी,युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम,महिला जिला अध्यक्ष अनीता देवी,युवा जिला अध्यक्ष अमित कुमार बरुआ, लोहरदगा जिला कांग्रेस नेता हातिम अंसारी,निश्चय वर्मा एवं लातेहार जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी गण और सभी प्रखंड अध्यक्ष के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


**कार्यालय :-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल-भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी आपूर्ति किया जाना है। जिला/अनुमण्डल स्तर के कन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वींटल उसना चावल और 1.05 क्वींटल चना/सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वींटल उसना चावल और 75 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से दिनांक 03.06.2025 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन् तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा की आवश्यक शर्तें एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 353444 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)#D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)**

*Phone Number:- 06526-222064* *email-id:* zplohardaga@gmail.com

**Gem निविदा संख्या- 02/2025-26**

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना) (Very Short term Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :- | 31.05.2025/05:00 बजे अपराह्न तक |
| हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि व समय | :- | 02.06.2025 /03:00 बजे अपराह्न तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | :- | 02.06.2025 /04:00 बजे अपराह्न |
| निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :- | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| निविदा खोलने का स्थान | :- | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

**योजना विवरणी**

| क्र0 | योजना का नाम | अधिकतम दर |
|---|---|---|
| 1 | 3 | |
| 1 | 45 KVA Silent Generator for Lohardaga indoor Shooting range | 700000/- |
| 2 | 62.5 KVA Silent Generator for Lohardaga Cricket Statdium Pavalion Building | 750000/- |
| 3 | 62.5 KVA Silent Generator for Lohardaga Cricket Statdium Block "B" Pavalion Building | 750000/- |

उक्त के आलोक में इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **06-05-2025** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग-अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **06-05-2025** के **12:30** बजे (अपराह्न) को खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा।

नोट :-विशेष जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 353404 (Lohardaga)25-26*D

## न्यूज बॉक्स

### पालकोट रोड पर वाहन ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**गुमला।** गुमला शहर के पालकोट रोड स्थित यामाहा शोरूम के सामने सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें घाटों बगीचा निवासी राजकिशोर बड़ाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजकिशोर पैदल चलकर पालकोट रोड से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गया और उसके सिर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल को उठाकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है और लगातार चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। वहीं पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद अज्ञात वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से परिजनों में चिंता का माहौल है और आम नागरिकों में भी सड़क पर लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

### पालकोट में 29 लाभार्थियों के बीच बकरी का किया गया वितरण



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड कार्यालय स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार सुबह 10 बजे से बकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा पालकोट प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 29 चयनित लाभार्थियों के बीच बकरियों का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कविता बाला टूटी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि बकरी पालन से न केवल लाभार्थियों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि इससे घर की महिलाएं और बच्चे भी लाभान्वित होंगे। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में भी इसका सकारात्मक असर दिखेगा। डॉ. टूटी ने सभी लाभार्थियों से अपील की कि वे वितरित की गई बकरियों की अच्छे से देखभाल करें ताकि लंबे समय तक इसका लाभ उठाया जा सके। उन्होंने इस पहल को सरकार का एक सराहनीय कदम बताया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक मजबूती और स्वावलंबन की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

### बंद पड़े घर में चोरों ने की ढाई लाख नकद समेत गहनों की चोरी

**गुमला।** गुमला शहर से सटे चेटर मोहल्ला में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर करीब ढाई लाख रुपये की चोरी कर सनसनी फैला दी है। पीड़ित पप्पू वर्मा का पूरा परिवार बहनोई की शादी में शामिल होने जशपुर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर को निशाना बनाया। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे करीब 25 हजार रुपये नकद और लगभग 2 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए जेवरों में चैन, अंगूठी, बाली, मंगलसूत्र और पायल शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि चोर जेवरात के सभी कागजात भी साथ ले गए, जबकि बाकी घर का सामान जस का तस छोड़ दिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह पड़ोसी द्वारा दी गई, जिसके बाद पप्पू वर्मा घर लौटे और पूरे मामले की सूचना थाना को दी। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पप्पू ने बताया कि वह कारपेंटर का काम कर परिवार चलाते हैं, और इस घटना से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आग लगाने के दौरान झुलसा युवक, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलागड़ा नवा टोली गांव में एक युवक खाना पकाने के दौरान आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक की पहचान बुद्धेश्वर उरांव के रूप में हुई है, जो मुर्गा बनाने के लिए लकड़ी के चूल्हे में आग जला रहा था। बारिश की वजह से लकड़ियां गीली थीं, जिससे आग पकड़ नहीं रही थी। ऐसे में बुद्धेश्वर ने घर में कृषि कार्य के लिए रखा गया पेट्रोल लाकर चूल्हे में डाल दिया। पेट्रोल डालने के दौरान कुछ हिस्सा उसके टी-शर्ट पर भी गिर गया और चूल्हे में भी फैल गया। जैसे ही पेट्रोल ने आग पकड़ी, अचानक लपटें उठीं और युवक का टी-शर्ट धधकने लगा। आग से बचने के लिए बुद्धेश्वर इधर-उधर भागने लगा, बाद में किसी तरह उसने टी-शर्ट और गमछा उतारकर फेंका। शोर सुनकर उसकी पत्नी और अन्य परिजन बाहर आए और किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना में बुद्धेश्वर उरांव का हाथ, पैर, छाती और पीठ बुरी तरह से झुलस गया। परिजनों ने शुरुआत में घरेलू उपाय के तौर पर उसके शरीर में कोलगेट लगाया, लेकिन जलन तेज होने पर तत्काल उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार युवक करीब 70% जल चुका है।

### फोरलेन पर खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक, युवक की हुई दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला-रांची नेशनल हाईवे फोरलेन पर स्थित पंडरिया गांव के समीप शुक्रवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बाइक के टकरा जाने से सिसई प्रखंड के पंडरिया गांव निवासी 20 वर्षीय धर्मेंद्र उरांव की मौत हो गई, जबकि उसका साथी विक्रम बाखला घायल हो गया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र उरांव अपने मित्र विक्रम बाखला के साथ शादी समारोह में शामिल होने लकेया नदी टोली गांव गया था। रात करीब 8 बजे दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी फोरलेन पंडरिया के पास सड़क किनारे बिना संकेत खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से उनकी बाइक जोरदार टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सिसई रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद विक्रम को छुट्टी दे दी गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टर सुनील राम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक का शव फिलहाल सदर अस्पताल के शवगृह में रखा गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र की अभी शादी नहीं हुई थी, लेकिन वह एक युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

### वाहन चेकिंग अभियान के तहत वसूले गये 52 हज़ार रुपये का जुर्माना

**पालकोट (गुमला)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गुमला थाना परिसर में मोटरसाइकिल जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की और थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने संयुक्त रूप से किया। शाम 3:30 बजे से 4:30 बजे तक चले इस एक घंटे के सघन जांच अभियान में मोटरसाइकिल चालकों के आवश्यक दस्तावेज़ जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और हेलमेट की अनिवार्यता की जांच की गई। जिन वाहन चालकों के पास ये दस्तावेज नहीं थे या उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया था, उनसे मौके पर ही जुर्माना वसूला गया।

---

जारी व भरनो के ग्रामीणों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बताई समस्याएं

# प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रतिबद्ध : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस में जारी और भरनो प्रखंड के नागरिकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याएं रखीं। इस विशेष कार्यक्रम में दोनों प्रखंडों के लगभग 20 ग्रामीणों ने पुल, जलमीनार, सड़क निर्माण, मंइयां सम्मान योजना, पेयजल संकट, सिंचाई जल उपलब्धता, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आवास, जलमीनार की मरम्मती सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान के निर्देश दिए। जमीन विवाद, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार, केसीसी लोन और राशन कार्ड संबंधी मामलों को लेकर भी कई ग्रामीणों ने शिकायतें दर्ज कीं, जिन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निपटारा करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर शिकायत का पारदर्शी व समयबद्ध निपटारा किया जाएगा।

जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

## 36 नई योजनाओं को मिली स्वीकृति

● सभी योजनाएं तय समयसीमा में पूर्ण होनी चाहिए

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं की घटनोत्तर स्वीकृति के साथ-साथ नए प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा लगभग 36 नई योजनाओं जैसे स्थानीय विकास कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, कृषि योजनाएं, पेयजल आपूर्ति, कलवर्ट निर्माण और सामुदायिक भवन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग क्षेत्रीय निरीक्षण कर अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करें और नई योजनाओं के लिए भी प्रस्ताव शीघ्र भेजें।वर्तमान और आगामी वित्तीय वर्षों में क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाएं तय समयसीमा में पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क निर्माण कार्य में आ रही वन विभाग से संबंधित अड़चनों को समन्वय के जरिए शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सरकारी भवनों में क्यूआर कोड लगाए जाने पर भी जोर दिया गया।

### पांच फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपका इश्तेहार

**जारी।** जारी थाना पुलिस ने शुक्रवार को तिगरा गांव में 2023 के एक मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाकर उन्हें कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी है।शाकिर मियां (पिता गोदोरी मियां), रोकशाद (पिता सिराजुद्दीन खान), कलुआ (पिता मुमताज), फिरोज (पिता सिराजुद्दीन खान) और सुल्तान (पिता तली खान) के घर पर यह इश्तेहार चस्पा किया गया है।यह मामला तिगरा गांव के राजेंद्र भगत द्वारा जारी थाना में दर्ज कराई गई शिकायत से जुड़ा है। राजेंद्र भगत ने 2023 में नौ लोगों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने और जाति सूचक गाली का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

बिशुनपुर के जमटी में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

## 150 मवेशी के साथ तस्कर गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** घनघोर नक्सल प्रभावित रहे जमटी गांव में शुक्रवार शाम बिशुनपुर पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 150 मवेशी और करीब एक दर्जन तस्करों को पकड़ कर जमटी पिकेट में रखा। हालांकि, इस कार्रवाई के बाद से पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है, क्योंकि न तो किसी आधिकारिक बयान में स्पष्ट जानकारी दी गई और न ही मीडिया को मामले की जानकारी लेने दी जा रही है।

**ग्रामीणों ने किया खुलासा**

ग्रामीणों के अनुसार, मवेशी तस्कर पिछले कुछ महीनों से जमटी और बनालात क्षेत्र को तस्करी के लिए 'सेफ जोन' के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। गारु, सरजू और कबरी होते हुए सैकड़ों मवेशी प्रतिदिन लोहरदगा और लातेहार भेजे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पुलिस को सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। शुक्रवार रात भी ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने चौपत नदी के पास तस्करों को पकड़ा, लेकिन कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। यह देख ग्रामीणों ने आगे के मवेशी झुंड को खुद तस्करों से छुड़ाने की योजना बनाई। इसी बीच पुलिस ने हालात को भांपते हुए दूसरे झुंड के मवेशी और तस्करों को जब्त कर जमटी पिकेट लाया। शनिवार सुबह जब पत्रकार घटना की सच्चाई जानने जमटी पिकेट पहुंचे, तो बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने पिकेट प्रभारी को निर्देश दिया कि किसी भी पत्रकार को अंदर घुसने और मवेशियों की तस्वीर लेने की इजाजत न दी जाए।

### 33 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए आचार्य शांतनु सिंह



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में शनिवार का दिन भावुक क्षणों का साक्षी बना, जब विद्यालय के समर्पित आचार्य शांतनु सिंह को 33 वर्षों की लंबी और अनुकरणीय सेवा के उपरांत गरिमामय विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकगण, प्रबंधन समिति के सदस्य और भैया-बहन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्नेह मिलन समारोह की अध्यक्षता गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने की। उन्होंने शांतनु सिंह को एक शिक्षक से बढ़कर, एक मार्गदर्शक, संरक्षक और प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि शांतनु जी ने शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों का जो पाठ बच्चों को पढ़ाया, वह चिरस्थायी है। विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि शांतनु सिंह ने इस विद्यालय को केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि अपने जीवन का ध्येय बना लिया था। उनका समर्पण, अनुशासन और बच्चों के प्रति प्रेम हम सभी के लिए प्रेरणा है।

## जन शिकायत निवारण दिवस में 40 मामलों का हुआ निष्पादन



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और जन सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को बसिया प्रखंड कार्यालय सभागार में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत एवं अंचल अधिकारी नरेश कुमार ने की। जन सुनवाई के दौरान कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शेष मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। आवेदनों में आवास योजना से जुड़े 3, राशन कार्ड में नाम संशोधन का 1, पेंशन से संबंधित 2, पंजी 2 नकल का 1 तथा सड़क दुर्घटना अनुग्रह राशि का 1 मामला सामने आया।

## विद्यालयों में समर कैंप का हुआ आयोजन, छात्रों में दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को रचनात्मकता, मनोरंजन और ज्ञान का मेल कराने के उद्देश्य से नवाडीह पंचायत के बिर्री स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं खेतली पंचायत के रतासिली स्थित मध्य विद्यालय में समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। इन आयोजनों ने बच्चों के चेहरों पर न केवल मुस्कान बिखेरी, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास, टीम भावना और रचनात्मक सोच को भी प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए बाल गीत, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिताएं, समूह गतिविधियाँ और गुब्बारा खेल जैसी अनेक रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लिया। बिर्री स्कूल में आयोजित कैंप में पंचायत मुखिया श्री चेतन भगत ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने की प्रेरणा दी और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। रतासिली विद्यालय में समर कैंप की खास बात यह रही कि शिक्षकगण पूर्ण सक्रियता के साथ मौजूद रहे और विभिन्न गतिविधियों को स्वयं संचालित कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### थाना प्रभारी ने चलाया सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना अंतर्गत करोन्दाजोर टुकुटोली गांव में शनिवार को एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी आशीष केशरी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। बैठक में डायन प्रथा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, नशापान, डिजिटल अरेस्ट, अफीम की खेती, सड़क सुरक्षा, और अफवाहों के प्रसार जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और ग्रामीणों को इससे होने वाले नुक़सान के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को आपात स्थिति में डायल 112 की सुविधा और पुलिस की तत्परता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना या संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, पुलिस हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस जनसेवा के लिए है और हर ग्रामीण की सुरक्षा उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## बच्चों का आधार नहीं बनने से अभिभावक परेशान

नवीन मेल संवाददाता

● जिला प्रशासन से जल्द समाधान की मांग

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सरकारी आधार केंद्र में बच्चों का नया आधार कार्ड नहीं बनने से स्थानीय अभिभावक खासे परेशान हैं। बीते कई महीनों से आधार निर्माण प्रक्रिया ठप पड़ी है, जिससे दूरदराज के जंगल व पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों को बार-बार लौटना पड़ रहा है। यह न सिर्फ आर्थिक नुकसान का कारण बन रहा है, बल्कि समय की भी भारी बर्बादी हो रही है। पालकोट प्रखंड का अधिकांश हिस्सा घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा है, जहां परिवहन और नेटवर्क की सुविधा बेहद सीमित है। ऐसे में एक बार केंद्र आने का मतलब है पूरा दिन खर्च करना और यात्रा में अतिरिक्त खर्च उठाना। किरमा पंचायत की सरिता देवी बताती हैं, "हम अपने बेटे का आधार कार्ड बनवाने के लिए कई बार पालकोट आधार केंद्र आए, लेकिन हर बार यही जवाब मिला कि अभी बंद है। लंबे समय से हम इस कार्य के लिए परेशान हैं। सरिता देवी सहित कई ग्रामीण महिलाओं और अभिभावकों ने जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन से अपील की है कि पालकोट क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और लोगों की कठिनाइयों को समझते हुए बच्चों का नया आधार निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराया जाए। उनका कहना है कि आधार कार्ड आज के समय में हर सरकारी योजना और स्कूल नामांकन के लिए अनिवार्य हो चुका है, ऐसे में बच्चों का आधार न बनना उनके भविष्य में रुकावट बन सकता है। ग्रामीणों की यह मांग सिर्फ एक सुविधा की नहीं, बल्कि उनके बच्चों के बेहतर भविष्य की जरूरत है।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में 108 दिवसीय हवन जाप पूर्णाहुति के साथ हुआ संपन्न



**गुमला।** गुमला जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पालकोट के घोड़लता स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विगत 108 दिनों से चल रहे हनुमान बीज मंत्र एवं अन्य मंत्रों के हवन-जाप अनुष्ठान की पूर्णाहुति बुधवार को विधिवत संपन्न हुई। समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। मंदिर के संस्थापक पुजारी शिवजी महाराज ने बताया कि यह अनुष्ठान पहले 91 दिनों के लिए तय किया गया था, लेकिन श्रद्धा और संकल्प के भाव में वृद्धि के साथ इसे 108 दिनों तक बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि विश्व शांति और मानव कल्याण की भावना से यह अनवरत हवन-जाप किया गया, जिसमें प्रतिदिन हनुमान जी के विविध मंत्रों का उच्चारण और अग्निहोत्र किया जाता रहा। समापन दिवस पर आयोजित भव्य पूर्णाहुति के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने इसे एक आध्यात्मिक पर्व के रूप में अनुभव किया और प्रभु श्री हनुमान के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कार्तिक उरांव पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में शनिवार को पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष किशोर साहू ने की, जबकि प्रमुख रूप से बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर और प्रमुख पारस नाथ उरांव उपस्थित रहे। बैठक में पुस्तकालय के संचालन, स्थापना के उद्देश्य व लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ और सीओ ने समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों से छात्र-छात्राओं के नामांकन, उपस्थिति, और आय-व्यय से संबंधित जानकारी ली। साथ ही पुस्तकालय संचालन में आ रही व्यवहारिक समस्याओं पर समाधान का सुझाव भी दिया गया। बैठक में तय हुआ कि पुस्तकालय में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का निबंधन कराया जाएगा और उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास होंगे।

### समर कैंप में छात्रों ने लिया बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

**चैनपुर।** प्रखंड में बच्चों के समग्र विकास और ग्रीष्मावकाश के दौरान उनकी रचनात्मकता तथा अधिगम स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा "गिफ्ट ऑफ एजुकेशन" गतिविधि के तहत समर कैंप एवं गृहकार्य आधारित नवाचारी पहल की शुरुआत की गई है। इस समर कैंप में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों के साथ-साथ विभिन्न खेल, संगीत, नाटक, कला, कहानी, हैंडक्राफ्ट और गणितीय खेल जैसी रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## घोरहट्टी में नल जल योजना फेल; ग्रामीण दूषित कुएं का पानी पीने को विवश

नवीन मेल संवाददाता



● 6 में से 5 जल मीनारें बेकार, महिलाओं को रोज़ 1 किमी दूर जाकर पानी लाना पड़ता

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर प्रखंड के जनवाल पंचायत स्थित घोरहट्टी गांव में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी नल जल योजना पूरी तरह फेल हो गई है। गांव के लगभग 350 लोग भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं और मजबूरी में दूषित कुएं का पानी पी रहे हैं। योजना के तहत स्थापित छह जल मीनारों में से पांच पूरी तरह खराब हैं और महीनों से मरम्मत की बाट जोह रही हैं। गांव में पानी की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिलाओं के कंधों पर है, जिन्हें प्रतिदिन लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी भरकर सिर पर ढोकर लाना पड़ता है। हालात तब और चिंताजनक हो जाते हैं जब यह कुआं भी दूषित पानी उगलता है, जिससे ग्रामीणों में त्वचा संबंधी व पेट की बीमारियां फैल रही हैं। गांव में मौजूद एकमात्र आंशिक रूप से चालू जल मीनार पर्याप्त पानी नहीं दे पा रही है, जिससे संकट बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नल जल योजना के तहत जल मीनारें पुराने हैंडपंपों के बोरिंग पर ही खड़ी कर दी गईं, जबकि योजना के अनुसार नई बोरिंग कराना जरूरी था। इस संबंध में जनवाल पंचायत की मुखिया प्रियंका असुर ने भी स्वीकार किया कि ठेकेदार और विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से यह गड़बड़ी हुई है। उन्होंने योजना में वित्तीय अनियमितता का आरोप भी लगाया है। गौरतलब है कि गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने हाल ही में जिले के सभी प्रखंडों में बंद पड़ी जल मीनारों को जल्द मरम्मत कर चालू कराने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके, घोरहट्टी गांव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# टूटते संवाद



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

रविवार सबेरे नाश्ता कर, मीता एक पत्रिका लेकर बैठी ही थी कि मोबाइल बज उठा। अपरिचित नंबर देख, अनमने भाव से फोन रिसीव किया तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। देश की एक प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था ने इस वर्ष का साहित्य सम्मान देने हेतु उसके नाम का चयन किया था।यह उसका पहला सम्मान था। उसे तो मानो पंख लग गए हों.... कई वर्षों से लिख और छप रही थी मीता। दो उपन्यास और तीन कहानी संग्रह की ख्याति भी थी उसके नाम। वह लपकी...." सबसे पहले पति को सुनाऊँगी यह खुशखबरी...।"

"बहुत ताने मारते थे न! कि छोड़ो ये सब लिखना - विखना , कोई अवार्ड नहीं मिलने जा रहा तुमको..." दौड़ी - दौड़ी गई ड्रांइग रूम में...

"सुनिए! सुनिए!" " क्यों शोर मचा रखा है..?"

" चुप रहो! दिखता नहीं है? टीवी पर इंडिया - पाक का क्रिकेट मैच चल रहा है..." " इस ' ओवर ' के बाद कहना जो भी...." रुआँसी होकर मीता बेटे के कमरे में गई ... कंप्यूटर में नजरें धंसाए बेटे ने पहले ही कह दिया" रुको मम्मी! अभी टाइम नहीं है'' बहू ने भी कानों में इयर फोन लगाए कोई धुन गुनगुनाते हुए हाथ के इशारे से'अभी नहीं ' जतला दिया। मीता अपने पंख समेटकर अपनी खास सहेलियों से फोन पर अपनी खुशी साझा कर लौट आई अपनी दुनिया में। दोपहर के खाने पर बेटे - बहू ने रोष व्यक्त करते हुए कहा " ये क्या मम्मी..! आपको इतना बड़ा सम्मान मिला और आपने हमें बताया भी नहीं..? हमें बाहर वालों से ये खबर मिल रही है..?" तानों की सीढ़ी पर एक कदम ऊपर चढ़ते हुए पतिदेव बिफरे -" आजकल तेरी मम्मी के लिए घर वालों से ज्यादा बाहर वाले सगे हो गये हैं.."

# माँ की चप्पल



सविता गुप्ता

सुधांशु टीन के बक्से में कुछ काग़ज़ात संभाल कर रख रहा था कि तभी उसकी माई एक पॉलिथीन में अपने हाथों बनाया आम और कटहल का आचार बाँध कर ले आई। बबुआ ! लो रख लो वहाँ शहर में जौन दिन बढ़िया तरकारी ना मिली तो इसके साथ खा लेना। सुधांशु ने माँ को पूरा मर्तबान ख़ाली कर प्लास्टिक में भरते देख लिया था इसलिए माँ से कुछ अपने लिए भी रखने का आग्रह करने लगा क्योंकि वह जानता था कि यहाँ इसकी ज़्यादा ज़रूरत है। घर पर कभी-कभी नून रोटी खाने की नौबत आ जाती है। सुधांशु के आग्रह पर बड़ी मुश्किल से गाँव का ही एक लड़का अपने साथ सूरत किसी फ़ैक्ट्री में काम दिलाने ले जा रहा था। घर से चलते समय माँ के नंगे पैर में फटी बिवाई देख सुधांशु ने मन ही मन सोच लिया था कि अपनी पहली कमाई से माई के लिए सबसे सुंदर, आरामदायक चप्पल ख़रीदूँगा । लेकिन माँ के चप्पल का नाप क्या बताऊँगा? तभी उसे विचार आया और उसने माँ के कीचड़ सने पाँव के छाप को एक सफ़ेद पन्ने पर ले माथे से लगा संदूक में सहेज कर रख लिया।

# फैशन तेरे रूप अनेक

हास्य-व्यंग्य







ललन शर्मा

बैलगाड़ी युग और लालटेन युग में रहते-जीते हम फैशन युग में प्रवेश कर गये हैं। इसका आभास मुझे तब हुआ जब मैंने एक भद्र महिला को मेले के भीड़-भाड़ से बचने के लिए कहा - मैडम इस रास्ते में तो भीड़ है। आप उस रास्ते से चले जाये। प्रतिक्रिया स्वरूप जवाब आया - अबे ये ! दिखता नहीं है क्या ? मैं ठहरा हाईपावर का चश्माधारी इन्सान, उस पर रात का वक्त, फलस्वरूप मैं घबरा गया और बोला - माफ कीजिए भाई साहब, गलती हो गई। आईंदा आदमी-औरत पहचान कर कुछ बोलूँगा। और हाथ जोड़कर कॉलर उसके हाथ से छुड़ाया। बात यहीं खत्म हो जाती तो फैशन-युग का शायद आभास भर हो कर रह जाता। पर चार कदम आगे बढ़ाया ही था कि देखा एक लड़का विचित्र चाल में लड़कियों के झुण्ड में घुसा चला जा रहा था। मैंने टोका - अबे ! लड़कियों के बीच कहाँ घुस रहा है, छेड़खानी करेगा क्या ? इतना सुनते ही वह पलटा, मेरा मतलब पलटी और बोली - क्यों रे मुए! रात-बेरात मुझसे छेड़खानी करता हैं तेरे घर में माँ-बहन.......... और शुरू हो गई। इससे पहले कि मुझपर कोई घटना घटती मैं संभला और बोला - माफ कीजिए मैडम ! मेरी कमजोर आँखों पर रहम कीजिए, मैंने समझा आप पुरूष जाति से हैं और इस तरह स्त्री समुदाय में प्रवेश...........लड़की ने कहा - ठीक है - ठीक हैं आईंदा ऐसी गलती भीड़-भाड़ में मत करना, अकेले में करना, जा माफ किया और कुछ विशेष गर्वित मुस्कान लिए भीड़ में गुम हो गई।

इस दुर्घटना से बचने के बाद मुझे लगा कि इस फैशन युग के आगमन से अब सड़कों पर या मुहल्लों में खुले आम चलने-फिरने से पहले फैशन के रूपों पर जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए वर्ना राह चलते किसी भी किस्म की घटनाएँ जन्म ले सकती है सो आदत के अनुसार इसी-विषय पर शोध कार्य प्रारंभ किया। पहले अपने अनुभवों के आधार पर खट्टे-मीठे आँकड़े इकट्ठे किए ।

सबसे पहले पड़ोस के एक कनछेदू लड़के से मिलने का प्रोग्राम बनाया। उसका नाम हैं मैल जोंकसन। मिस्टर मैल जोंकसन दिन में चार बार कपड़े बदलताहैं और गमकउआ ईत्र लगाता है क्योंकि वह महिने में चार बार ही नहाता है। उसके घर पहुँचा तो देखा कि घर की एक-एक चीज फैशन के साबुन से नहाई हुई थी। मैंने उस लड़के से पूछा - बेटा कनछेदू, ये सब क्या हैं। तो बोला - चश्मू अंकल, ये फैशन है और विज्ञापन की चीजों का इस्तेमाल करना हमारा धर्म हैं और दूसरों के दिलों में जलन और ईर्ष्या पैदा करना हमारा कर्तव्य हैं।

इसी क्रम में एक मूँछमुंडे से मुलाकात हुई जो सिरमुंडा भी था, कानों में बाली पहने था उसने बताया कि बाली पहनकर और मूँछमुंडा कर वह लड़कियों को बराबरी का दर्जा देता है इससे लड़का-लड़की एक दूसरे को जल्दी समझ लेते हैं और इल्लू-इल्लू गाड़ी में प्यार का पैट्रोल भर जाता है और गाड़ी छैंया-छैंया करती हुई चल पड़ती हैं। उसने यह भी रहस्योदघाटन किया कि आने वाले समय में लड़के सोलह श्रंगार भी करेंगे।

एक दिन मैंने इंटर कॉलेज की सीढ़ी पर कदम रखा तो एक शिक्षिका से भेंट हो गई। मैंने फैशन प्रसंग छेड़ा तो गदगद् हो गई और बोली "शर्मा जी फैशन का मतलब ही हुआ कि लोग हमें देखें, कुछ बोले, कुछ फेंके और फिर रास्ता रोके। ऐसा कह वह आगे बढ़ गई। पास से गुजरते एक विद्यार्थी ने बताया कि वह शिक्षिका कपड़े ऐसे पहनती है कि जब वो बोर्ड पर कुछ लिखती हैं तो विद्यार्थी बोर्ड पर कम देखते हैं, उनकी पीठ पर निगाहें ज्यादा केन्द्रित होती हैं कुछ विद्यार्थी अपना मेडिटेशन क्लास यहीं पूरा कर लेते हैं। कुछ कलाकार विद्यार्थी पीरियड समाप्त होते-होते अपने नोटबुक पर अच्छी खासी चित्रकारी भी कर लेते हैं।

फैशन का आजकल समाजीकरण भी हो गया है। शिष्टाचार का उल्लंघन भी आज फैशन में आता हैं, बड़ों के पैर छूना मजबूरी हो तो घुटने तक हाथ ले जाना ।किसी को आदर न देना, पिता को बुढ़ा और माँ को बुढ़िया कहना इत्यादि। फैशन का एक और रूप है। बच्चे पहले स्लेट पर शिक्षा-दीक्षा शुरू करते थे। आजकल यह स्लेट प्रथा आउटडेटेड हैं। बच्चें, जैक एंड जील, बा-बा ब्लैक शीप से भाषा पढ़ते हैं। आक्सफोर्ड स्कूल में बच्चों को पढ़ाना फिर उन्हें हरेक विषय के लिए अलग-अलग ट्यूशन लगवाना, अपने बच्चों को मुहल्ले के बच्चों से बढ़ा-चढ़ा कर बताना भी फैशन है।

कुल मिलाकर मुझे यही अंतर्ज्ञान प्राप्त हुआ है कि फैशन की कोई गिनती नहीं हैं यह सर्वव्यापी है और इसकी ही पूजा सभी जगह हो रही हैं। फैशन के भगवान हर दुकानों या मकानों में मिलते हैं। इनकी पूजा न करने वाला इन्सान पिछड़ा कहलाता हैं। मेरी तो राय हैं कि इस देश को पिछड़ापन से बचाने के लिए फैशन योजना, फैशन बॉण्ड, फैशन शेयर चलाया जाना चाहिए ताकि देश का हर समझदार फारवर्ड होकर फैशन के गुण गाए, भले ही खाने को दाल-रोटी मयस्सर न हो।

# जीवन संघर्ष, अनुभूतियां व कविता



पद्मा मिश्रा

कविता मानवीय अनुभूतियों की वाहक होती है,भावनाओं से जुड़कर कविता और अधिक संवेदनशील और भी अधिक मर्म स्पर्शी बन जाती है,लेकिन व्यंग्य का दर्द मन को झकझोरता है, कवि डा,श्यामलाल सिंहल जी द्वारा उपहार में में दी गई पुस्तक' दूल्हों की दुकान'' ने चेतना को जगा दिया-, एक बार पढना शुरु किया तो पढती ही चली गई,काव्य संग्रह की कवितायें संवेदित करती हैं,कवि कुशल व्यंग्यकार होते हुए भी संवेदनाओं पर अपनी गहरी पैठ रखते हैं..एक एक शब्द मन के, दरवाजे खोल शीतल वातायन से छन कर आती बयार की तरह कहीं गुदगुदाते हैं, तो कही अधरों पर एक मंद समिति भी छोड़ जाते हैं तो कहीं मानवीय पीड़ा का दर्द रुलाता भी है-और झकझोरता भी है,,, भीड़ की मनोदशा का वर्णन हृदय द्रावक लगता है,गरीबी की मार से त्रस्त युवाओं का दल अपना खून बेचने आया है, पुलिस डंडे बरसाती है, 'जिन्हे पुलिसवालों ने -

पिछले चौराहे पर मारा था, इसमें वही था
जो पिछली भीड़ में जिन्दा बच पाया था--
आज अपना खून बेचने -
इस देश का आम आदमी आया था,

कश्मीर में फैले आतंकवाद पर लेखक की कलम चली है और खूब चली है,जहां आतंकवाद की भयावहता भय और दहशत भरे माहौल की सृष्टि करती हैं,वहीं राजनीतिक छल छद्मों की ओर भी इशारा करती हैं डल झील में

शिकारों की जगह अब लाशें तैरती हैं,
चांदनी रात में अब परियां नहीं
काले लिबासों में लिपटी मूर्तियां उतरती हैं,...

साथ ही देश और समाज में पनपते अलगाववाद को लक्ष्य कर लिखी गई पंक्तियाँ मन को छू लेती हैं,और द्वेष -वैमनस्यता के बीच विपरीत परिस्थितियों में कविता की धार पैनी हो जाती है,व्यंग्य के माध्यम से व्यक्त की गई भावनाएं ...

एक सवाल छोड़ जाती हैं शायद समाधान कहीं नहीं,
तोड़ डालो, सरहदों पर पर लगी कंटीली बाड़
अलगाववाद के सारे बोल बदल दो,
कश्मीर का इतिहास तो नहीं बदलेगा, पर
भूगोल बदल दो।

इस पुस्तक ने जीवन के सभी पहलुओं -संघर्षों के एक एक क्षेत्र को छुआ है,,कवि की सशक्त लेखनी जीवन आकाश का कोना कोना झांक आई है,हर्ष,विषाद के मर्म स्थलों पर भी अनेक भाव मुखरित हुए हैं,----

जिंदगी जिंदादिली से कैसे जियें हम
मुश्किलों के भंवर में फंसकर रह गई है जिंदगी,
कागज की कश्ती सी, बनकर रह गई है जिंदगी,

कविता के स्वयं भोगे गये यथार्थ -जीवन अनुभवों एवं संघर्षों की करुण गाथा भी बखूबी बयान हुई है,कई बार पलकें भींगीं,,मन भावुक हुआ,पर यही समय की मांग हैं या नियति का प्रकोप यह मानकर अगला पृष्ठ पलटकर आगे बढ गई हूं,सिंहल जी का समूचा व्यक्तित्व समाहित है इस खूबसूरत कृति में,,,,आम आदमी का दर्द उभर कर सामने आया हैं इस पुस्तक के लिए,-खूबसूरत जीवंत,एवं मार्मिक भावनाओं केलिए ,कवि आदरणीय सिंहल जो मेरी अनंत शुभ-कामनाएं,एवं हार्दिक बधाई,,यह सृजन-यात्रा अनवरत चलती रहे, यही कामना है ।

# मेरे प्यारे आदिवासी दोस्त



डॉ आकांक्षा चौधरी

मेरे प्यारे आदिवासी दोस्त
मेरे अपने सलोने दोस्त।।
लाल पथरीली राहों में बेफिक्र
दो चोटियों
वाली तितलियां
उड़तीं
झूलते थे इमली
की शाखों पर
बेर की गुंडी
अमरंगा खातीं
जंगलों के
निवासी दोस्त
सुलभ सुंदर
सुहाने दोस्त।।
आलूपराठे कभी मटर पनीर
शहरी टिफिन को बांट कर
उत्साही बालमन कूद पड़ते
कुदरुम चटनी लाल भात पर
सीधे सच्चे सुहासी दोस्त
कोहिनूर से नगीने दोस्त।।
प्यार और स्नेह से भरे
सब सीधे सच्चे मन वाले
दुनिया घूम कर जाना
यही हैं भोलेपन वाले
हो उरांव संताली दोस्त
दुनिया से निराले दोस्त।।

काव्य कोना

## खेवइया

खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
लहरों पर लहरें उठती है
शीतल चले बयार रे
ले चल सागर पार रे।
खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
प्रीत की रीत लगी रे
घन बरसे उस पार रे
ले चल सागर पार रे।
खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
मनवा में है पंख लगी रे
पाँखी बन उड़ जाऊँ रे
ले चल सागर पार रे
खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
व्याकुल मन में धीर कहाँ है?
श्याम दिखे उस पार रे
ले चल सागर पार रे।

नाग मणि

# पत्रात्मक लघुकथा :- नजरअंदाज



मनीषा सहाय सुमन

**प्यारी बेटी रिदिमा,**

जानती हो आज सुबह मंदिर गयी थी। वहाँ कौशल्या से मिली। वही कौशल्या आंटी तुम्हारी फ्रेंड रिंकी की मम्मी। रिंकी के साथ उसका भाई विकास भी था । मुझे तो सभी को देख बड़ी प्रसन्नता हुई पर कौशल्या थोड़ी झेंप सी रही थी,जब ध्यान से देखा तो रिंकी की फटी जींस व छोटा सा बैकलेस टॉप देख शायद वह असहज हो रही थी। विकास का भी हुलिया अजब ही था, शायद आजकल का फैशन हो! खैर जैसे ही उसने आरती का थाल रिंकी के आगे किया कि रिंकी झुंझलाती बोल पड़ी .... "what the hell is this ! stop these stupid rituals!" शायद कौशल्या ठीक से समझ नही पाई । इसलिये सिर्फ आँख दिखा कर रह गई ,पर मुझसे रहा नही गया...! "बेटा लोक लाज ,आँखों की शरम,बड़ों का सम्मान तो आज वासना और अंग प्रदर्शन, दिखावे की समार्ट एजुकेटड दुनिया का हिस्सा बन ,स्मार्ट शहरी होने का तुम दंभ भर रहे हो! तुम्हे यह भी अहसास नही कि तुम कहाँ खड़ी हो ! यदी ध्यान से खुद को देखो तो तुम पूरे जोकर लग रहे हो!"तभी मंदिर के पुजारी जी, "भगवान का मान सम्मान करना तो बहुत दूर की बात है, तुमलोग अपनी माँ बाप को भी बीच बजार अपमानित करने से नही चूकते! हमारी गलती है कि पाश्चात्य, अर्द्धनग्न परिधान में तुम्हें अंदर आने दिया....!" एकाएक ही बेटी मुझे तुम्हारी बात याद आ गयी- "मम्मी पब्लिक प्लेस में तमाशा मत किया करो!" जब देखा तो थोड़ी शरमिंदा होते हुए, जो लोग मुझे घेरे थे,उन सभी से सॉरी कह कर मंदिर की सीढ़ियों से जल्दी -जल्दी उतरने लगी तभी कौशलया मेरे पीछे भागते हुए आई , हाथ पकड़ कर आँखों मे नमी लिये कहा ---"धन्यवाद तुमने इतना साहस तो किया। बच्चे तो बच्चे हैं, दोषी हम है जो उन्हें नजर अंदाज करते है।" सभी माँ बाप की आँखें तरल संवाद कर रही थी !.....

बेटी ! मैने सही किया या गलत तुम जरूर मुझे बताना, इधर कई घटनाओं ने एक माँ की चिंता को बढ़ा दिया है ।" जवाब के इंतजार में...

**तुम्हारी माँ।**

# छोटी माँ



रंजना वर्मा उन्मुक्त

सौम्या ! तुम्हारी छोटी माँ बहुत बीमार हैं तुम्हें उन्हें देखने जाना चाहिए ।.....रोहित ने सौम्या से कहा सौम्या सोचने लगी..... उसे छोटी माँ को देखने जाना चाहिए ......आखिर उनकी थी कि घर के सभी लोग उनके साथ इतनी बुरी तरह पेश आते थे।क्या उनकी गलती यह थी कि उनकी सौतेली माँ ने उनसे उनकी मर्जी पुछे बिना उनकी शादी दो बच्चे के पिता जो उनसे उम्र में काफी बड़े थे ,के साथ कर दिया था।दादी ने उसके और उसके भाई के मन में छोटी माँ के प्रति इतना जहर भर दिया था कि वे दोनों उन्हें अपना दुश्मन मानते थे तथा उनसे नफरत करते थे।छोटी माँ उनसे प्यार करने की कोशिश करती ,लेकिन उन दोनों के बुरा बर्ताव के कारण चुप हो जाती।बचपन में अपनी सौतेली माँ का अत्याचार सहने के बाद, ससुराल मे सभी के बुरा व्यवहार का प्रहार सहते सहते वह पत्थर की तरह बेजान सी हो गयी थी।सौम्या उन्हें अपनी माँ के कपड़े और गहनों को हाथ तक नहीं लगाने देती थी।पिताजी उन्हें एक बिना वेतन की नौकरानी से अधिक नहीं समझते थे।वह मायके से दो चार साधारण सी साड़ियाँ लेकर आयीं थी, उसे ही वह पहना करती थी।नयी नवेली दुल्हन सा न तो श्रृंगार था न उल्लास ,और ससुराल में न वैसा मान ही था। उनके चेहरे पर कभी भी प्रतिकार के नामों निशान नहीं रहते थे।बचपन से सबकुछ सहते सहते उनकी सहनशीलता इतनी बढ़ गयी थी कि उन्होंने ससुराल में सभी के अत्यंत कठोर और बेरुखी भरे व्यवहार को बड़ी सहजता के साथ स्वीकार कर लिया था। कुछ दिनों बाद उनकी कोख में एक फूल खिला, " आरज़ू " जिसे वो प्यार से अज्जू कहती थी।वह भी परिवार के बेरुखी और तिरस्कार का शिकार था कोई उसे गोद में उठाना तो दूर ,हाथ तक नहीं लगाता था।लेकिन वह बचपन से ही माँ का साथ देने लगा।उसकी अतरियाँ पेट से सटी रहतीं, फिर भी वह नहीं रोता था।छोटी माँ को जब काम से फुरसत मिलती, तभी वह उसे दूध पिला पाती।सौम्या की जब शादी हुई, तब विदाई के वक़्त उन्होंने अपना एकमात्र गहना, एक जोड़ा कंगन उसके हाथों में रखाऔर बोली," तुम्हारी इस अभागन माँ के पास बस यही है,इसे मेरा आशीर्वाद समझ कर रख लो।" सौम्या ने चुपचाप कंगन रख लिये थे।आज सोचकर पता नहीं क्यों,उसकी आँखों में आँसू आ गये। इसके बाद सौम्या अपने पिता की मृत्यु के पश्चात अपने मायके गयी थी।वहाँ छोटी माँ के उदास, निर्विकार चेहरे को देखकर उसका मन अन्दर से बहुत पसीजा, फिर भी वह उनके पास नहीं गयी वह अपनी दादी से ही लिपट कर रोती रही ।दादी रो रोकर छोटी माँ को ही कोसती रही," मेरे बेटे को खा गयी कलमुंही ।" किसी ने भी ऊनकी तकलीफ को जानने की कोशिश नहीं की।दादी की मृत्यु के बाद सौम्या और उसके भाई ने पैतृक घर का बंटवारा कर लिया ।दो बढ़िया हिस्सा दोनों भाई बहन ने ले लिया और छोटी माँ को घर का छोटा सा हिस्सा दे दिया ।छोटी माँ ने इसका भी कोई विरोध नहीं किया ।आज वो इतनी बीमार हैं, दोनों भाई-बहनों ने कभी उनकी चिन्ता नहीं की।वो कैसे रहती हैं, उनका खर्चा पानी कैसे चलता होगा।सौम्या को बहुत ग्लानि होने लगी।उसने निश्चय कर लिया कि वह उनसे मिलने अवश्य जायेगी। सौम्या ने छोटी माँ को देखा तो उसका कलेजा मुँह को आ गया ।वह बीमार,अत्यंत कमजोर निरीह सी बिस्तर पर पड़ीं थीं। उसे देखकर उन्होंने उठने का प्रयत्न किया,परन्तु उठ नहीं पायीं। "अज्जू कहाँ है? आपको ऐसी अवस्था में छोड़ कर मटरगश्ती कर रहा है।".....सौम्या गुस्से से बोली। तब तक आरजू आ चुका था।उसने सौम्या से कहा," मेरे पास मटरगश्ती करने का न तो समय है और न ही औकात ।मैं बच्चों को पढ़ाने जाता हूँ जिससे घर का खर्चा चलता है।मैं पढ़ाई भी कर रहा हूँ। मेरा सपना है जब मेरी नौकरी लगेगी तो मैं अपनी छोटी माँ का आँचल खुशियों से भर दूँगा ।" "बहुत बढ़िया, लेकिन तुम भी अपनी माँ को छोटी माँ बोलते हो।".......सौम्या ने आश्चर्य के साथ कहा। "हाँ! ये छोटी माँ हैं ।बड़ी माँ तो वो हैं ।" अज्जू ने सौम्या की माँ की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा।

सौम्या रो पड़ी उसने छोटी माँ के पैरों पर अपना सर रखते हुए कहा," तुम किस मिट्टी की बनी हो छोटी माँ ....

जो इस दुनिया में नहीं है,उसके भी अस्तित्व को तुमने सम्भाल कर रखा है। एक हम हैं जो तुम्हारे जिन्दा रहने पर भी हालचाल पूछने नहीं आये।मुझे माफ कर दो छोटी माँ ।"... सौम्या की आँखों से पश्चाताप के आँसू बह रहे थे।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

# तैयार सेना है



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

देश को बचाने, तैयार सेना है।
उत्सव हम मनाएँ, तैयार सेना है।
यहाँ खुशी से निकलती टोलियाँ ।
सरहद में खाते हैं वो गोलियाँ ॥
सुरक्षा-भार उठाने हर बार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
अमृत महोत्सव या मनाओ तुम होली।
गुरुपर्व, ईद या मनाओ दिवाली॥
देश-प्रीत बसाने हर बार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
आतंकियों से सामना कर। प्राकृतिक विपदा
से बचा कर ॥
कर्तव्य निभाने हर बार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
सिसकियाँ छोड़ तैनात सीमाओं पर ।
दृढ शैल-प्रहरी हिम हवाओं पर ॥
रिश्ते-खुशियाँ बलिदान को तैयार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
देश को बचाने तैयार सेना है।
उत्सव हम मनाएँ तैयार सेना है ॥

# जनता और नेता

लुट में खसोट में और जोरा जोरी में,
जनता को और भी कितना घुमाएंगे।
झूठ सच बोलकर सत्ता हथियाई है,
जीत की खुशी में आप जश्न भी मनाएंगे।
जनता औ नेता का संबंध बस एक यही,
हारकर या जीतकर जनता को रुलाएंगे ।।
खुशी तो आपको अपना ही प्यारा लागे,
धन जन गुणगान आपको भी न्यारा लागे,
झूठ सच बोलकर कितना फंसाएंगे ।
भ्रष्टाचार छोड़कर प्यार कर पाएंगे ।
या कि छल छंद से ही जनता भरमाएंगे ।
झूठ में जो पकड़े गए तो आप भाग जाएंगे ।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

# अहम् - पुष्टि की भूल



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

मैं अपनी पत्नी के साथ रात की बस से यात्रा समाप्ति के बाद स्टैंड पर उतरा था. सामान डिकी से निकाला गया था. मेरी ओर दो रिक्शे वाले बढ़े थे. रात की यात्रा के बाद निवास पर पहुंचने की जल्दी होती है. मैंने तुरंत एक रिक्शे वाले से बात की. भाड़ा तय कर लिया गया. वैसे मैं ऑटो से भी जा सकता था. तब तक श्रीमती जी ने एक ऑटो वाले से बात कर ली. अब मैं बड़े पेशोपेश में फंस गया. अगर ऑटो पर सवार होता हूँ, तो रिक्शा वाले का दिल टूट जाएगा. मैंने उसके साथ बात कर ली, तो सुबह - सुबह उसकी आँखों में एक उम्मीद की किरण जगी. उसने सोचा होगा कि आज की शुरुआत, जिसको उनकी भाषा में 'बोहनी' कहा जाता है, अच्छी हुई. इतने में ऑटो वाले ने सारा सामान अपने ऑटो पर लाद दिया. उस रिक्शा वाले की सुबह - सुबह आँखों में जगी उम्मीद की किरण को बुझते हुए मैं नहीं देख सकता था. मैं बच्चों और पत्नी सहित ऑटो पर बैठ गया. ऑटो स्टार्ट हो चुका था. मैं ऑटो से उतर गया. ऑटो वाले ने ऑटो रोक दिया था. मैं उस रिक्शा वाले के पास दौड़कर पहुँचा. उसे वाजिब किराया जो रिक्शा से जाने पर लगता, मैंने उसकी शर्ट की आगे वाली जेब में डाल दिए. वह आश्चर्यचकित था. उसने अपने जेब से नोट निकाले. उसने मुझसे कहा, "आप बिना मेरे मेहनत किए पैसे कैसे दे सकते हैं? मैंने कहा, "पहले मैंने आपसे बात की थी न. इसलिए आपके ये पैसे बनते हैं. जहाँ तक आप कहते हो कि बिना मेहनत के आपसे पैसे कैसे ले सकता हूँ. तो आप चलिए मैं आपके साथ ही चलूँगा." कहकर मैं उसके रिक्शा पर बैठ गया. उधर मेरी पत्नी और बच्चे मेरा इंतजार कर रहे थे. रिक्शा वाले ने संजीदा होकर कहा, "आप रिक्शा से उतरिए." मैं उसके रिक्शे से उतर गया. उसने मेरे दिए हुए नोट मेरी शर्ट की पॉकेट में डालते हुए कहा, " आप उधर जाइए. आपकी पत्नी और बच्चे आपका इंतजार कर रहें हैं." मैं चुपचाप सिर झुकाए अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ऑटो में बैठ गया. मेरा अंतर्मन मुझे झकझोर रहा था, जैसे अंदर से आवाज़ आ रही हो, 'किसी को गरीब और लाचार समझते हुए दान देकर अपने अहं - पुष्टि को चैरिटी समझने की भूल नहीं करनी चाहिए।'

## आज का दोहा

नदियाँ ज्यों पाती हुईं, चिट्ठी हुए पहाड़।
घूम घूम कर हर जगह, मौसम रहा दहाड़।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

पाकिस्तान से लौटे बीएसएफ जवान ने सुनाई आपबीती

# छोड़ दी थी घर लौटने की उम्मीद : पूर्णम

**हुगली (हि.स.)**

तकरीबन 22 दिनों तक पाक रेंजर्स की हिरासत में रहने के बाद शुक्रवार शाम अपने रिषड़ा स्थित घर लौटे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दस दिन पाक रेंजर्स की हिरासत में बिताने के बाद उन्होंने घर लौटने की उम्मीद छोड़ दी थी। उन्होंने इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़े रहने के लिए देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्णम का मानना है कि अपने परिवार में लौट कर उनका पुनर्जन्म हुआ है। बहरहाल, शनिवार सुबह भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्णम के घर गया। उन्होंने पूर्णम का अभिनंदन किया। पूर्णम ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से वीडियो कॉल पर बात की। उल्लेखनीय है कि गत 23 अप्रैल को पूर्णम ने ड्यूटी के दौरान गलती से भारत की सीमा पार कर ली थी। इसके बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। इसके बाद 14 मई को पूर्णम को रिहा किया था। इसके नौ दिनों बाद शुक्रवार को पूर्णम रिषड़ा स्थित अपने घर लौटे।





● जवान ने कहा, अपने परिवार में लौट कर मेरा पुनर्जन्म हुआ

## "सोचा था तीन दिन में छूट जाऊंगा, फिर लगा कभी लौट नहीं पाऊंगा"

पूर्णम को पाक रेंजर्स ने 22 दिनों तक बंदी बनाकर रखा था। जब उनसे पूछा गया कि उस समय वे क्या सोच रहे थे, "जब मुझे पहली बार हिरासत में लिया गया था, तो मैंने सोचा था कि मैं तीन या चार दिनों में रिहा हो जाऊंगा। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, दस दिन बीत जाने के बाद, मैंने सोचा कि मैं कभी घर वापस नहीं लौटूंगा। जो भी होगा, वहीं होगा।" पूर्णम के पाक रेंजर्स की हिरासत में रहने के दौरान ही भारत ने पहलगांव आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस बारे में पूछे जाने पर पूर्णम ने कहा, "जब मैं वहां था तो मुझे कुछ भी पता नहीं था। जब मैं घर लौटा और समाचार देखा तो पता चला कि ऑपरेशन चल रहा था।"क्या पाक रेंजर्स ने उन पर कोई अत्याचार किया? इस प्रश्न के जवाब में पूर्णम ने कोई टिप्पणी नहीं की।

### अब मतदान केंद्र के बाहर मोबाइल जमा कर सकेंगे वोटर


**नई दिल्ली।** मतदान दिवस की गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने और मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाताओं के लिए मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा को सुविधाजनक बनाने और मतदान केंद्रों के पास प्रचार मानदंडों को तर्कसंगत बनाने पर केंद्रित दो व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये कदम कानूनी अनिवार्यताओं का पालन करते हुए चुनावी प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाने के आयोग के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों जनसांख्यिकी में मोबाइल फोन के व्यापक उपयोग को देखते हुए और मतदान के दौरान अपने फोन को संभालने में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) सहित विभिन्न समूहों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को देखते हुए - ईसीआई ने निर्देश दिया है।

# दिल्ली में कोविड-19 के 23 मामले सामने आए, अस्पतालों के लिए परामर्श जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## दिल्ली सरकार अलर्ट मोड में, कोविड से निपटने के लिए अस्पतालों को किया तैयार

राजधानी में कोविड-19 के 23 मामले सामने आये हैं। संक्रमण के मामलों के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सभी अस्पतालों को बिस्तरों, ऑक्सीजन, दवाइयों और टीकों की उपलब्धता के लिए तैयार रहने को लेकर परामर्श जारी किया है। यह पहली बार है जब दिल्ली में लगभग तीन वर्षों के बाद कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने शुक्रवार को कहा कि बृहस्पतिवार तक कोविड-19 के 23 मामले सामने आए हैं और सरकार मरीजों के दिल्ली के निवासी होने या उनके शहर से बाहर की यात्रा करने को लेकर जानकारी जुटा रही है। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को कोविड-19 की तैयारियों के बारे में एक परामर्श जारी किया। यह परामर्श कई राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद जारी किया गया है। सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों से जीनोम अनुक्रमण के लिए सभी सकारात्मक नमूने लोक नायक अस्पताल भेजने को कहा है। इसमें कहा गया है, ''अस्पतालों को बिस्तर, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और टीके की उपलब्धता के मामले में तैयारी सुनिश्चित करनी चाहिए।



'दिल्ली सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने राजधानी के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों, चिकित्सकों और उनकी टीम के साथ पहले ही समन्वय कर लिया है।''बयान में कहा गया है कि तैयारियों के संदर्भ में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है तथा त्वरित प्रतिक्रिया और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और जनता को समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले, स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की तैयारियों के संबंध में दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को एक परामर्श जारी किया था।

## देश की एकता और अखंडता पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत : सिंधिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आदत है कि वे देश की एकता पर सवाल उठाते हैं, भले ही भारतीय एकजुट हों। यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछे गए तीन सवालों के बारे में पूछे जाने के बाद आई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देश की एकता, अखंडता और सम्मान पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत है, खासकर ऐसे समय में जब 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और कुछ तत्व भारत की संप्रभुता और एकता पर सवाल उठा रहे हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ने जयशंकर से पूछे गए सवालों के समय को लेकर भी कांग्रेस नेता की आलोचना की। सिंधिया ने कहा कि यहां तक कि जब आतंकवादियों और दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा हो? ऐसे गंभीर समय में इस तरह के सवाल उठाना-यह किस तरह की विचारधारा है? न तो आप और न ही हम इसे समझ सकते हैं। कभी गांधी के करीबी रहे सिंधिया 2018 में कांग्रेस से अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए थे। कांग्रेस की एक पोस्ट को टैग किया जिसमें जयशंकर का एक वीडियो क्लिप था जिसमें वे डच ब्रॉडकास्टर एनओएस के साथ साक्षात्कार के दौरान पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत-पाक संघर्ष पर सवालों के जवाब दे रहे थे।



## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी अपराधी गुरुदेव मंडल ढेर

**भागलपुर (हि.स.)।** नवगछिया पुलिस जिला में रंगरा थाना क्षेत्र में बीते देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार रुपये का इनामी कुख्यात अपराधी सनोज मंडल उर्फ गुरुदेव मंडल मुठभेड़ में मारा गया। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के मुरली चौक की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुरुदेव मंडल अपने साथियों के साथ किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर एसटीएफ और नवगछिया पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान गुरुदेव मंडल और उसके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं जिसमें गुरुदेव मंडल मारा गया। घटनास्थल से पुलिस ने हथियार भी बरामद किए हैं।

आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

# गुजरात एटीएस ने किया पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

● जासूसी के बदले आरोपी को 40,000 रुपये नकद दिए गए, जो कच्छ के दयापर चौकी क्षेत्र में प्राप्त किए गए

**अहमदाबाद (हि.स.)**

गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कच्छ से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में सहदेव सिंह गोहिल (28) को गिरफ्तार किया है। आरोपित गुजरात के विभिन्न स्थानों की गुप्त जानकारी एकत्र करके पाकिस्तान को भेज रहा था। एटीएस ने आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। उसे आगे की पूछताछ के लिए अहमदाबाद ले जाया गया है। गुजरात एटीएस के पुलिस अधीक्षक के. सिद्धार्थ ने शनिवार को अहमदाबाद में प्रेसवार्ता में कहा कि कच्छ के दयापर क्षेत्र से गुजरात एटीएस ने सहदेव गोहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपित पीएचसी मातानी मढ़ी में संविदा पर मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर के रूप में तैनात है। वह जल सेना (नेवी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गुप्त जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था। एटीएस की जांच में पता चला कि सहदेव ने नए निर्माण क्षेत्रों के फोटो और विवरण एक पाकिस्तानी महिला एजेंट, जो अदिति भारद्वाज नाम से जानी जाती है को वाट्सएप के जरिए भेजे थे। एटीएस के मुताबिक जून-जुलाई 2023 से आरोपित सहदेव पाकिस्तानी महिला एजेंट के संपर्क में था। पाकिस्तानी एजेंट के पास ऐसे संवेदनशील लोगों की सूची होती है, जिनसे वे संपर्क करते हैं। इसके लिए व्हाट्सएप में भारतीय नंबर का इस्तेमाल किया जाता था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कुछ वीडियो डिलीट कर दिए हैं, जिन्हें वापस पाने की कार्रवाई जारी है। युवक ने भारत से एक सिमकार्ड खरीदा था, जिसे पाकिस्तानी महिला जासूस एक्सेस करती थी।

### पाक महिला से व्हाट्सएप पर साझा की जानकारियां



पुलिस अक्षीधक ने बताया कि सूचना मिली थी कि कच्छ जिले का एक युवक बीएफएफ और नेवी की जानकारी पाकिस्तान को भेज रहा है। बाद में एक विशेष टीम बनाकर उसे गिरफ्तार किया गया। आदिति भारद्वाज नामक महिला के सम्पर्क में आने के बाद सहदेव सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशील जानकारी वाट्सएप के जरिए भेज रहा था। आरोपित को 40 हजार रुपए नकद भी दिए गए थे। कच्छ के दयापर चौकी के पास सहदेवसिंह गोहिल ने पैसे प्राप्त किए थे। आरोपित के फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इसी फोन से उसकी पाकिस्तान की महिला आदिती भारद्वाज से पाकिस्तान में बातचीत होती थी।

### गुजरात: घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी को बीएसएफ ने ढेर किया

**पालनपुर (हि.स.)।** गुजरात के बनासकांठा जिले में 23 मई की रात बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवानों ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) की तरफ से शनिवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक बीएसएफ जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखा। जवानों ने उसे रोकने की कोशिश की और चेतावनी दी, फिर भी वह आगे बढ़ता रहा, जिसके बाद स्थिति को देखते हुए बीएसएफ जवानों ने गोली चलाई, जिसमें घुसपैठिए की मौके पर ही मौत हो गई।

## बिहार के बक्सर में 3 लोगों की गोली मारकर हत्या, 2 लोग गंभीर रूप से घायल

**पटना (हि.स.)**

● शुक्रवार को गिट्टी-बालू बेचने को लेकर हुआ था विवाद, शनिवार सुबह हथियारबंद लोगों ने हमला किया

बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार सुबह आपसी विवाद में एक ही परिवार के 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को पहले कोचस स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया है। घायल मंटू सिंह के पेट और पैर में गोली लगी है, जबकि पुंज सिंह यादव के पेट में गोली लगी है। मृतकों की पहचान विनोद सिंह यादव, सुनील सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव के रूप में की गई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल, शुक्रवार को अहियापुर निवासी विनोद यादव और सुनील यादव का गिट्टी-बालू बेचने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था। जिसे लेकर शनिवार की सुबह हथियारबंद लोगों ने उनके परिवार के लोगों को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

## रक्षा कार्यालय ने दिल्ली हवाई अड्डे के पास दो एकड़ जमीन से अवैध कब्जा हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

● दिल्ली छावनी के इस इलाके में वर्षों से चल रहा था अवैध क जा

दिल्ली क्षेत्र के रक्षा संपदा कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1डी के पास दो एकड़ महत्वपूर्ण रक्षा भूमि से अवैध कब्जे को हटाने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। दिल्ली छावनी के मेहरम नगर इलाके में स्थित इस जमीन पर कथित तौर पर कई वर्षों से अवैध कब्जा था। दिल्ली क्षेत्र के रक्षा संपदा अधिकारी वरुण कालिया ने बताया कि यह संयुक्त अभियान दिल्ली छावनी बोर्ड, स्थानीय सैन्य अधिकारियों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से चलाया गया। कालिया ने कहा कि इस अभियान के तहत अनधिकृत पार्किंग क्षेत्रों को हटाया गया, वाहनों को जब्त किया गया तथा अवैध पशु आश्रय स्थलों को ध्वस्त किया गया। इस जमीन पर बने कई छोटे-बड़े ढांचों को भी हटा दिया गया। हाल के सप्ताहों में इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का यह दूसरा बड़ा अभियान है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह मेहरम नगर में रक्षा भूमि के अन्य हिस्सों को फिर से कब्जे में लेने के लिए भी इसी तरह की कार्रवाई की गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**वृष :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे।

**मिथुन :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभइक्षचतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**धनु :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**मकर :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## 'ऑपरेशन सिंदूर देश की रक्षा में एक अपरिहार्य कदम था': चंद्रबाबू नायडू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गये ऑपरेशन सिंदूर की देशभर में तारीफ हो रही है लेकिन अचानक से सीजफायर पर कुछ लोग नराज भी नजर आये। इसमें कांग्रेस के कुछ नेता भी शामिल है जो केंद्र सरकार की अलोचना कर रहे हैं और सीजफायर के पीछे के कारणों को जनता को बताने की बात कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को देश की सुरक्षा के लिए एक 'अपरिहार्य' कदम बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी ऐसे अभियानों की आलोचना नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह आतंकवाद को समर्थन देने के समान है।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई है

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को "आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई" बताया और पूछा कि क्या इसके आलोचक आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, "क्या आप आतंकवाद का समर्थन कर सकते हैं? किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधि की हम सभी को निंदा करनी चाहिए। अन्यथा, आपके यहां बैठने से क्या सुरक्षा मिलेगी? हम एक सभ्य दुनिया में रह रहे हैं। सभ्य दुनिया किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं कर सकती।

### फर्जी बैनामा करने की आरोपी महिला और 4 बेटों पर मामला दर्ज

**भदोही।** भदोही जिले में एक भूखंड को अपना बता कर एक व्यक्ति के नाम फर्जी बैनामा करने के आरोप में एक महिला और उसके चार बेटों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अनिल केशरी की शिकायत पर शहर कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में मालती देवी और उनके चार बेटों-अशोक कुमार जायसवाल उर्फ़ दादा, सुभाष चंद्र, अमित कुमार और रवि कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर कोतवाली इलाके के गंगापुर निवासी अनिल केशरी को हरियांव क्षेत्र के भूखंड को अपना बता कर इन लोगों ने 84 लाख रुपये तथा 6 लाख रुपया स्टांप शुल्क के नाम पर लिया।

# मानसून ने केरल में 16 वर्षों में पहली बार समय से पहले दी दस्तक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार (24 मई) को केरल पहुंचा, जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर सबसे पहले दस्तक देने वाला है। 2009 में 23 मई को मानसून की शुरुआत हुई थी। आम तौर पर, दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून, जो भारत में वार्षिक वर्षा का 75 प्रतिशत से अधिक लाता है, ने केरल तट पर अपनी शुरुआत की है, जो पिछले 16 वर्षों में इसका सबसे पहले आगमन है। पिछली बार यह इतनी जल्दी 2009 में आया था, जब यह 23 मई को भारतीय तट पर पहुंचा था। पिछले सप्ताह से केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश के साथ दक्षिणी प्रायद्वीप में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, केरल-माहे और कर्नाटक में 27-29 मई तक व्यापक बारिश जारी रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों में तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, रायलसीमा में भी भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है, खासकर 25 और 26 मई को अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, शुरुआत की तारीख और मौसम के दौरान देश भर में कुल वर्षा के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

### पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून पहुंचा था

1. 2023 में 8 जून को
2. 2022 में 29 मई को
3. 2021 में 3 जून को
4. 2020 में 1 जून को
5. 2019 में 8 जून को
6. 2018 में 29 मई को



# बिहार में मंडप से दूल्हे को उठा ले गए किन्नर

**एजेंसी। गोपालगंज**

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज से शादी समारोह के दौरान अजब कारनामा देखने को मिला है। यहां पर शादी समारोह में लौंडा यानी किन्नर नाच करने आए किन्नरों ने जमकर हंगामा मचाया और मारपीट कर दुल्हन के घर से गहने लूट लिए और साथ में दूल्हे का भी अपहरण कर फरार हो गए। मंडप से दूल्हे के अपहरण के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई है।

इस वारदात के बाद शादी भी रुक गई। जिससे शादी वाले घर में कोहराम मच गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के अरार मोड की है। बताया जाता है कि बैकुंठपुर से सुरेंद्र शर्मा की बेटी की बारात बीती रात गोपालगंज में आई थी। बीती रात शादी थी। इसी शादी समारोह में बारातियों के मनोरंजन के लिए लौंडा नाच का आयोजन किया गया था। इसी नाच के दौरान कुछ लोगों और लौंडा डांस करने आए कलाकारों में जमकर मारपीट हुई।

मारपीट और झड़प के बाद लौंडा नाच करने आए कलाकारों ने दुल्हन के घर में घुसकर घर के महिलाओं के साथ मारपीट की। दुल्हन के शादी के लिए रखे गए महंगे कपड़े, गहने सबकुछ लेकर फरार हो गए। दुल्हन पक्ष का आरोप है कि लौंडा नाच करने आए कलाकारों ने ही दूल्हे का भी अपहरण कर लिया है। इस घटना के बाद से ही दूल्हा लापता है।

मंडप से दूल्हे के अपहरण और इस झड़प की सूचना जैसे ही स्थानीय लोगों को मिली। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद हो गए। वहीं इस शादी समारोह में हुए कांड के बाद दुल्हन को सदमा लगा है। वह बार-बार बेहोश हो जा रही है। दूल्हे के बरामदगी को लेकर पुलिस के द्वारा भी लगातार छापेमारी की जा रही है।



● मंडप से दूल्हे के गायब होने के बाद शादी रुक गई, घर में मचा कोहराम

नेहा सिंह राठौर पर वाराणसी में एफआईआर

# पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी का है आरोप

**एजेंसी। वाराणसी**



लोकगीत गायिका नेहा सिंह राठौर पर एक बार फिर मामला दर्ज किया गया है। इस बार वाराणसी में यह मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने अपने एक हालिया वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की है। सामाजिक संगठन साधना फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मौर्य की शिकायत के आधार पर सिगरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, राठौर ने प्रधानमंत्री को कायर और जनरल डाय" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए संदर्भित किया और कथित तौर पर उनका वीडियो पाकिस्तानी मीडिया चैनलों पर प्रसारित किया गया है। डॉ. मौर्य ने दावा किया कि यह कृत्य न केवल प्रधानमंत्री का अपमान करता है, बल्कि देश की वैश्विक छवि को भी नुकसान पहुंचाता है।

# रूस ने यूक्रेन में मचाई तबाही, राजधानी कीव में त्राहिमाम-त्राहिमाम

● लोगों ने भागकर भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में शरण ली

**कीव (हि.स.)**

रूस ने शुक्रवार की देर रात यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के हिस्सों में भारी तबाही मचाई। रूस ने बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइलें दागकर पिछले दिनों मॉस्को में किए गए हमलों का माकूल जवाब दिया। इस हमले में पूरी राजधानी चपेट में आ गई। कीव में कई जगह विस्फोट के बाद आग लग गई। त्राहिमाम-त्राहिमाम मच गया। जब जान पर बन आई तो सैकड़ों लोगों ने भागकर भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में शरण ली।



### पहले चरण में 390 यूक्रेनी घर वापस लाए गए

कैदियों की अदला-बदली पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि पहले चरण में 390 यूक्रेनियों को घर वापस लाया गया। सप्ताहांत में और लोगों की रिहाई की उम्मीद है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे यूक्रेन से भी इतनी ही संख्या में कैदी मिले हैं। एक यूक्रेनी अधिकारी के अनुसार, यह अदला-बदली उत्तरी यूक्रेन में बेलारूस की सीमा पर हुई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रिहा किए गए रूसियों को उपचार के लिए बेलारूस ले जाया गया।

सीबीएस न्यूज के अनुसार, रूस का हवाई हमला सुबह होने के बाद थमा। बताया गया है कि रूस का हमला दोनों देशों के कैदियों की अदला-बदली शुरू करने के कुछ घंटों बाद हुआ। पिछले सप्ताह इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने कैदियों की अदला-बदली पर सहमति व्यक्त की थी। पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई। कीव सैन्य प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा है कि शनिवार की सुबह कीव के कम से कम चार शहरी जिलों में इंटरसेप्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन का मलबा गिरा है। छह लोग रक्तरंजित मिले हैं। कीव के सोलोमियांस्की जिले में दो जगह आग लग गई। हमले से पहले, मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कीव निवासियों को चेतावनी दी थी कि 20 से अधिक रूसी ड्रोन कीव की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सुबह कहा कि ड्रोन का मलबा कीव के ओबोलोन जिले में एक शॉपिंग मॉल और एक आवासीय इमारत पर गिरा। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन के युद्ध में अब तक दसियों हजार सैनिक मारे गए हैं। 16 मई की इस्तांबुल में बैठक के बाद तुर्किये के विदेशमंत्री हकन फिदान ने दोनों पक्ष प्रथम चरण की अदला-बदली के बाद फिर से मिलने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं। लेकिन, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि लड़ाई समाप्त करने के लिए अगले दौर की वार्ता के स्थल पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने 20 मई से 23 मई के बीच युद्ध के मैदान से दूर 788 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है।

## सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

# मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का अभिन्न अंग व महिला अधिकार का एक हिस्सा है

● कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती

**-ब्यूरो**



### मातृत्व अवकाश-

मैटरनिटी लीव एक ऐसी छुट्टी होती है, जो गर्भवती महिलाओं को उनके श्रम अधिकारों के तहत प्रदान की जाती है, ताकि वे अपने नवजात शिशु की देखभाल कर सकें और अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकें। ये छुट्टियां आमतौर पर बच्चे के जन्म से पहले और बाद में ली जा सकती हैं। गर्भवती महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आराम व देखभाल की आवश्यकता होती है। मैटरनिटी लीव की अवधि देश व कंपनी के अनुसार अलग-अलग हो सकती है, लेकिन आमतौर पर यह 6 महीने से 1 साल तक होती है। मैटरनिटी लीव के बाद, महिलाएं अपने काम पर लौटने के लिए तैयार हो सकती हैं और अपने करियर को जारी रख सकती हैं।

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभय एस ओका व न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने मातृत्व अवकाश से जुड़े फैसले में कहा कि मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था।अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता का पक्ष लिया और मातृत्व लाभ के दायरे का विस्तार करते हुए मातृत्व अवकाश को मूल प्रजनन अधिकारों का हिस्सा माना। मालूम हो कि 2017 में, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन किया गया, जिसके तहत सभी महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया। बच्चा गोद लेने वाली महिलाएं भी 12 सप्ताह के मातृत्व अवकाश की हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पहले इस बात पर जोर दिया है कि मातृत्व अवकाश सभी महिला कर्मचारियों का अधिकार है, चाहे उनकी नौकरी की प्रकृति कुछ भी हो।

## 2024-25 के लिए पीएफ खाते में जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज दर 8.25% रहेगा

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ खाते में जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज दर 8.25% बरकरार रखने के ईपीएफओ के फैसले को केंद्र ने मंजूरी दे दी। इससे पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में ब्याज दर को 8.25% बरकरार रखने का फैसला किया था। इससे पहले वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर को 8.15% से 0.10% बढ़ाकर 8.25% किया गया था। वहीं 2022-23 में 8.10% से 0.05% बढ़ाकर 8.15% किया गया था।

### ईपीएफ से जुड़ी अहम बातें

- ईपीएफ पर ब्याज दर हर साल बदली जाती है।
- सरकार की मंजूरी के बाद ही ब्याज खातों में जोड़ा जाता है।
- ईपीएफ का पैसा सुरक्षित निवेश ऑप्शन माना जाता है।
- ईपीएफ धनराशि चेक करने के लिए उमंग ऐप या ईपीएफओ की वेबसाइट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**किस हिसाब से पीएफ अकाउंट में जमा होती है राशि :** ईपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी+महंगाई भत्ता का 12% पीएफ अकाउंट में जाता है। वहीं, कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी+महंगाई भत्ता का 12 % जमा करती है। कंपनी के 12 % हिस्से में से 3.67% पीएफ अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33 फीसदी पेंशन स्कीम में जाता है। वहीं कर्मचारी के हिस्से का सारा पैसा पीएफ अकाउंट में जाता है। इससे पहले 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए अपने सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ईपीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक से अधिक के निचले स्तर 8.1 फीसदी कर दिया था। 2020-21 में यह ब्याज दर 8.5 % थी। इससे पहले 2020-21 के लिए ईपीएफ पर 8.10 % ब्याज दर 1977-78 के बाद से सबसे कम थी। उस समय ईपीएफ ब्याज दर 8 % थी। ईपीएफओ ने 2019-20 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को घटाकर सात साल के निचले स्तर 8.5 %कर दिया था, जो 2018-19 के लिए 8.65 % था। ईपीएफओ ने 2016-17 में अपने ग्राहकों को 8.65 %और 2017-18 में 8.55 % ब्याज दर प्रदान की थी। 2015-16 में ब्याज दर थोड़ी अधिक यानी 8.8 % थी। रिटायरमेंट फंड निकाय ने 2013-14 और 2014-15 में 8.75 % ब्याज दिया था, जो 2012-13 के 8.5 % से अधिक था। वर्ष 2011-12 में ब्याज दर 8.25 % थी।

### कैसे तय होती है ईपीएफ ब्याज दर?

ईपीएफओ की सीबीटी ब्याज दर पर फैसला करती है और फिर इसे वित्त मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजा जाता है। जब सरकार इस पर सहमति दे देती है, तब यह ब्याज ईपीएफओ ग्राहकों के खातों में जमा किया जाता है। पिछले कुछ सालों में ईपीएफ ब्याज दर में गिरावट आई है, जिससे कई कर्मचारियों को रिटायरमेंट बचत पर कम रिटर्न मिला है। ईपीएफ एक दीर्घकालिक बचत विकल्प है, जहां कर्मचारियों की सैलरी का एक हिस्सा जमा होता है और कंपनी भी उसमें योगदान देती है। लेकिन ब्याज दर घटने से रिटर्न पर असर पड़ता है।

## भारतीय पक्ष ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया, कहा

# भारत परमाणु ब्लैकमेल को सहन नहीं करेगा

● सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रखा आतंक के खिलाफ भारत का रुख

**नई दिल्ली (हि.स.)**



भारत के कूटनीतिक संवाद के तहत सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूस की यात्रा की। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत के पक्ष पर केंद्रित यह यात्रा महत्वपूर्ण रही। प्रतिनिधिमंडल ने रूस की संसद के दोनों सदनों और थिंक टैंकों के साथ कई बैठकें कीं। इन उच्च स्तरीय बातचीतों ने भारत और रूस के बीच आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और वैश्विक स्थिरता को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को फिर से पुष्टि की। रोज स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने रूस के उप विदेश मंत्री एंड्रेई रुडेनको के साथ विस्तृत चर्चा की। चर्चा में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर जोर दिया गया। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया और कहा कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को सहन नहीं करेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष एंड्रेई डेनिसोव के साथ व्यापक चर्चा की। इस संवाद में वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ विधायी समन्वय को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया।

इसके बाद, प्रतिनिधिमंडल ने राज्य ड्यूमा के अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लुत्स्की के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने भारत-रूस के ऐतिहासिक और विश्वसनीय संबंधों की पुष्टि की। चर्चा में वैश्विक सुरक्षा आर्किटेक्चर, उभरते भू-राजनीतिक माहौल और बहुपक्षीय सहयोग शामिल थे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री मिखाइल फ्रादकोव के साथ भी बातचीत की। उन्होंने आतंकवाद के रास्तों, दुष्प्रचार पारिस्थितिकी तंत्र और क्षेत्रीय शांति को कमजोर करने वाले राज्य प्रायोजित प्रचार पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर संयुक्त विश्लेषणात्मक कार्य के लिए निकटता से सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

## आईएमएफ दूसरी छमाही में पाक के लिए कर सकता है रिव्यू

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 2025 की दूसरी छमाही में पाकिस्तान के लिए अगला फंडिंग रिव्यू कर सकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आईएमएफ वित्त वर्ष 2026 के बजट की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंचने के लिए पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ निरंतर चर्चा जारी रखेगा। आईएमएफ के अनुसार, "अगली एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) और रेजिलियंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी (आरएसएफ) रिव्यू से जुड़ा अगला मिशन 2025 की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है।" नाथन पोर्टर के नेतृत्व में आईएमएफ मिशन ने अपने कर्मचारियों का दौरा पूरा कर लिया है, जिसमें हाल के आर्थिक विकास, कार्यक्रम कार्यान्वयन और वित्त वर्ष 2026 के लिए बजट रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया। पोर्टर ने कहा, "हमने अधिकारियों के साथ उनके वित्त वर्ष 2026 के बजट प्रस्तावों, व्यापक आर्थिक नीति और 2024 ईएफएफ, 2025 आरएसएफ द्वारा समर्थित सुधार एजेंडे पर उपयोगी चर्चा की।"

# स्टार लिंक का डाटा प्लान 840 रु. प्रति माह से भी कम का हो सकता है

● सैटेलाइट कंपनियां जल्द ही भारत में सेवा शुरू कर सकती हैं

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अति विश्वासपात्र व दुनिया के सबसे धनी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक सहित अन्य सैटलाइट कंपनियां जल्द ही भारत में अपनी सेवा शुरू कर सकती हैं। इसमें ग्राहकों को लुभाने -पटाने वाला शुरुआती अनलिमिटेड डेटा प्लान 840 रुपये प्रति महीने से भी कम का हो सकता है। क्योंकि कंपनियां धीरे-धीरे अपने कस्टमर बढ़ाना चाहती हैं। उनका लक्ष्य पहले कम खर्च वाले प्लान से धीरे -धीरे पटाते हुए लॉन्ग टर्म में 1 करोड़ ग्राहक बनाना है। ताकि स्पेक्ट्रम की ऊंची लागत को कम करने में मदद मिले। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने शहरों में प्रति ग्राहक 500 रू. प्रति महीने का एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का सुझाव दिया है। इससे सैटेलाइट कम्युनिकेशन के लिए स्पेक्ट्रम जमीनी सर्विस से महंगा हो जाएगा।स्टारलिंक जैसी बड़ी कंपनी के लिए यह कोई बड़ी रुकावट नहीं होगी। कंपनी भारत के शहरों में आसानी से मुकाबला कर पाएगी। ग्लोबल टीएमटी कंसल्टिंग फर्म एनालिसिस मेसन के पार्टनर अश्विंदर सेठी के अनुसार स्पेक्ट्रम चार्ज व लाइसेंस फीस ज्यादा होने के बावजूद सैटकॉम कंपनियां भारत में कम कीमत पर सर्विस शुरू कर सकती हैं। यह कीमत लगभग 10 डॉलर से कम हो सकती है। इससे उन्हें ज्यादा कस्टमर मिलेंगे और उनकी फिक्स्ड कॉस्ट कम हो जाएगी।टेलीकॉम सेक्टर के रेगुलेटर ने सुझाव दिया है कि सैटकॉम कंपनियों को अपने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू का 4% देना होगा। इसके साथ ही, उन्हें 3,500 रू. प्रति मेगा हार्त्ज स्पेक्ट्रम ब्लॉक का मिनिमम सालाना चार्ज भी देना होगा। कमर्शियल सर्विस देने के लिए सैटकॉम कंपनियों को 8% लाइसेंस फीस भी देनी होगी। इन सुझावों को सरकार की मंजूरी मिलना बाकी है।सैटेलाइट की संख्या कम होने से स्टारलिंक के लिए भारत में मार्केट शेयर बढ़ाना मुश्किल हो सकता है। भारत, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम मार्केट है। आईआईएफएल रिसर्च के अनुसार स्टारलिंक के पास अभी 7,000 सैटेलाइट हैं और उसके लगभग 40 लाख (4 मिलियन) कस्टमर हैं। यदि स्टारलिंक 18,000 सैटेलाइट तक पहुंच जाती है, तो भी वह वित्त वर्ष 2030 तक भारत में सिर्फ 15 लाख (1.5 मिलियन) कस्टमर को ही सर्विस दे पाएगी। आईआईएफएल रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा कि सैटेलाइट की संख्या कम होने से कस्टमर बढ़ाने में दिक्कत आ सकती है। कम कीमत का फायदा भी कम हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्टारलिंक ने सैटेलाइट की कमी के कारण अमेरिका और अफ्रीका के कुछ इलाकों में कस्टमर जोड़ना बंद कर दिया था।

# बांग्लादेश में राजनीतिक हलचल तेज, क्या हटेंगे यूनुस

● यूनुस ने वार्ता के लिए बीएनपी और जमात को किया आमंत्रित

**ढाका (हि.स.)**

बांग्लादेश में 'पतन के भंवर' की अटकलों में फंसी 10 माह पुरानी अंतरिम सरकार के प्रमुख और मुख्य सलाहकार प्रो मोहम्मद यूनुस के शनिवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से मिलने की संभावना के बीच राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। संसदीय चुनाव के मुद्दे पर कुछ माह से यूनुस राजनीतिक दलों के निशाने पर हैं। यूनुस बढ़ते राजनीतिक तनाव और अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में अपने भविष्य पर सवालिया निशान के बीच बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से मिलने के लिए तैयार हो गए हैं। बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य खांडेकर मुशर्रफ हुसैन और जमात प्रमुख शफीकुर रहमान अपनी-अपनी पार्टी नेताओं का नेतृत्व करेंगे। बीएनपी नेता सलाहुद्दीन अहमद व जमात के उप प्रमुख सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर ने इसकी पुष्टि की है। सनद रहे कि पिछले साल छात्र व जन विद्रोह के बीच तत्कालीन पीएम शेख हसीना ने पांच अगस्त को देश छोड़ दिया था। तीन दिन बाद नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो यूनुस ने अंतरिम सरकार के सलाहकार के रूप में शपथ ली थी। लगभग 10 महीने बाद देश में फिर राजनीतिक तनाव भड़क गया है।

कहानी फिल्म जगत की

# 'आर... राजकुमार' और 'जय हो' के एक्टर मुकुल देव का निधन



**मुंबई (आईएएनएस)।** 'आर... राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। मुकुल देव एक लोकप्रिय और मेहनती कलाकार थे, जिन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा से कई लोगों का दिल जीता था। उन्होंने न केवल मुख्य भूमिकाएं निभाई, बल्कि सहायक भूमिकाओं में भी अपनी छाप छोड़ी। शुक्रवार रात को अभिनेता ने 54 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। खबर लिखे जाने तक अभिनेता के निधन के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उनकी करीबी दोस्त और एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की और इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, "आरआईपी।" उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म 'अंत द एंड' में देखा गया था। वह अभिनेता राहुल देव के भाई थे। मुकुल देव ने साल 1996 में तनुजा चंद्रा के धारावाहिक 'मुमकिन' के जरिए टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा। उस समय महेश भट्ट ने उन्हें देखा और उन्हें साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'दस्तक' में सुष्मिता सेन और शरद कपूर के साथ कास्ट किया। उनके काम को लोगों ने काफी सराहा। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह कई फिल्मों में नजर आए, जिनमें 'इसकी टोपी उसके सर', 'मेरे दो अनमोल रतन', 'किला', 'वजूद', 'कोहराम', 'इत्तेफाक' और 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' जैसी फिल्में शामिल हैं। फिल्मों के साथ-साथ वह टीवी पर काम करते रहे। उन्होंने 'घरवाली ऊपरवाली', 'एक टुकड़ा चांद का', 'कहीं दिया जले कहीं जिया', 'कुटुंब', 'भाभी', 'कशिश', 'कुमकुम-एक प्यारा सा बंधन' और 'शशश.. फिर कोई है' जैसे टीवी शोज का हिस्सा रहे। उन्होंने 'फियर फैक्टर इंडिया' के पहले सीजन को होस्ट भी किया था। 2003 में, मुकुल ने पंजाबी फिल्मों में कदम रखा और फिल्म 'हवाएं' में बब्बू मान और माही गिल के साथ काम किया।






नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य

### विधि-व्यवस्था एवं अन्य विषयों का होगा विश्लेषण

# मुख्यमंत्री 27 मई को करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी मंगलवार (27 मई) को राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस उच्चस्तरीय बैठक में अवैध घुसपैठ और बड़ी आपराधिक घटनाओं सहित कई विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री सोरेन के साथ मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं, जोनल पुलिस महानिक्षक (आईजी), रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी), सभी जिलों के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक से ठीक एक दिन पूर्व 26 मई को डीजीपी इन विषयों पर जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

**रांची में प्रोजेक्ट भवन में होगी बैठक**

**कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से लेंगे भाग**

## मुख्यमंत्री इन विषयों की करेंगे समीक्षा

- राज्य में घटित हुई प्रमुख आपराधिक घटनाओं की स्थिति, उनके खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी पर समीक्षा।
- साइबर अपराधों पर नियंत्रण, रोकथाम के उपाय और ऐसे मामलों में कार्रवाई की प्रगति।
- अवैध हथियारों की तस्करी, निर्माण और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदम।
- राज्य में अवैध घुसपैठ की समस्या और इसे रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई।
- महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनकी रोकथाम और पीड़ितों को न्याय दिलाने संबंधी प्रगति।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के प्रति होने वाले अत्याचारों पर नियंत्रण और उनसे जुड़े मामलों में कार्रवाई।
- राज्य में बढ़ते भूमि विवादों और उनसे उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की चुनौतियों पर चर्चा।
- मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और ऐसी घटनाओं में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।
- विधायकों, सांसदों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा।
- न्यायालय परिसरों और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा।
- राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और सांप्रदायिक घटनाओं की रोकथाम के उपाय।
- विभिन्न जातियों के बीच उत्पन्न होने वाले तनावों और उनसे निपटने के लिए पुलिस प्रशासन की रणनीति।
- एसिड अटैक की घटनाओं पर नियंत्रण और पीड़ितों को सहायता प्रदान करना।
- राज्य में जारी अवैध खनन गतिविधियों और उन पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई।
- अवैध लॉटरी कारोबार पर नकेल कसने और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई।
- अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदम।

# समाज में भी स्थिरता और विश्वास स्थापित करती है सीए बिरादरी : मंत्री

- राज्य के विकास पर आईसीएआई और वित्त विभाग करेगा टॉक शो

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, सचिव सीए भुवनेश ठाकुर, सदस्य सीए अंकित राजगढ़िया और सीए विकास सहाय शामिल थे।
इस दौरान मंत्री ने संस्थान की रांची शाखा और सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन, रांची की ओर से प्रकाशित न्यूजलेटर के नवीनतम संस्करणों का अनावरण किया।
मौके पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इन प्रकाशनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास राज्य में वित्तीय जानकारी के प्रचार-प्रसार और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने राज्य के आर्थिक विकास में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन, ईमानदारी और विशेषज्ञता के साथ कार्य करने वाली यह बिरादरी शासन के साथ-साथ समाज में भी स्थिरता और विश्वास स्थापित करती है।
मंत्री ने आईसीएआई, रांची शाखा की पहल को समर्थन देते हुए भविष्य में सरकार और संस्थान के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और छात्रों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए मंत्री से आग्रह किया कि आईसीएआई, रांची शाखा और वित्त विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के विकास के लिए एक टॉक शो का आयोजन किया जाए। इसके लिए मंत्री ने भी अपनी सहमति व्यक्त कर दी। वहीं, सचिव सीए भुवनेश ठाकुर ने सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन की भूमिका और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों को प्रस्तुत किया।

### भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए संस्कृत का उत्थान जरूरीः रामाशीष

**रांची।** यदि भारत को पुनः विश्वगुरू के रूप में प्रतिष्ठित करना है तो इसके लिए संस्कृत विद्या का पुनरुत्थान जरूरी है। यह बातें संस्कृत सेवा संघ के महासचिव और मारवाड़ी कॉलेज के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) रामाशीष पाण्डेय ने कही। पांडेय संस्कृत भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र की ओर से आयोजित क्षेत्रीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन अवसर पर रांची के विद्यानगर स्थित डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार, जनसामान्य तक पहुंचने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है। यह कार्य भारत की सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

# सीसीएल मुख्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडी) में शनिवार को एक महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (सिस्टम) द्वारा किया गया। हाल के साइबर हमलों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सत्र में उद्यम-स्तरीय साइबर जोखिमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साइबर खतरों से निपटने के लिए सतर्कता तथा रोकथाम संबंधी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, सुरक्षित डिजिटल व्यवहारों से जुड़ी अनेक सावधानियों - 'क्या करें' और 'क्या न करें' - की जानकारी दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से 68 कर्मचारियों, जिनमें विभागाध्यक्ष और कार्यपालक शामिल थे, ने सक्रिय भागीदारी की। अधिक से अधिक कर्मचारियों तक जागरूकता पहुंचाने के उद्देश्य से सत्र का सीधा प्रसारण (लाइव वेबकास्ट) सीसीएल के सभी क्षेत्रों में किया गया, जिसमें 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
इस पहल के अंतर्गत महीने के अंत में एक विस्तृत फॉलोअप सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसका संचालन साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा, ताकि संगठन में साइबर खतरों के प्रति सजगता और तैयारियों को और सुदृढ़ किया जा सके। ज्ञात हो कि सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में, सीसीएल समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों में साइबर धोखाधड़ी के प्रति समझ विकसित हो सके और वे डिजिटल संसाधनों का बेहतर एवं सुरक्षित उपयोग कर सकें।

# संजय सेठ मुठभेड़ में घायल जवान अवध सिंह से मिले

- रक्षा राज्य मंत्री ने जवान से हालचाल जाना, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की


**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** देश के गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प नक्सली मुक्त भारत अभियान के तहत लातेहार के इचावार जंगल में पुलिस ने जेजेएमपी के कुख्यात उग्रवादी पप्पू लोहरा समेत दो उग्रवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ में घायल हुए पुलिस के जवान अवध सिंह का उपचार रांची के राज अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने पर भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जवान अवध सिंह से मिलकर हालचाल जाना। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर सजय सेठ ने कहा कि नक्सली उग्रवादी अब देश से समाप्ति की ओर हैं। देश के गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प 2025 के अंत तक नक्सली मुक्त भारत के तहत आज पूरे देश भर में नक्सलियों और उग्रवादियों के विरोध में अभियान चलाया जा रहा है। उसी का परिणाम है कि आज नक्सल और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सलियों व उग्रवादियों पर कार्रवाई हो रही है।

# बैंक घोटाला मामले में 10 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सीबीआई ने 5.33 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में दस लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इसमें तीन बैंक अधिकारी, एक सीए, एक वैलुअर, दो कर्जदार, दो सप्लायर और एक डॉयगनोस्टिक सेंटर का मालिक शामिल है। आरोपित लोगों में ट्रस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर के जतिन सहाय, चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज अग्रवाल, वैलुअर संजय कुमार सहित अन्य लोगों का नाम शामिल हैं। बैंक ऑफ इंडिया के वरीय अधिकारियों की शिकायत पर सीबीआई ने यह प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें यह आरोप लगाया गया था कि मयंक साहा और रोमी साहा ने कर्ज और सूद का 5.33 करोड़ रुपये नहीं चुकाया। कर्ज लेने के लिए फर्जी दस्तावेज का सहारा लिया गया। कर्ज की रकम में 38 लाख का होम लोन, 1.50 करोड़ रुपये का कैश क्रेडिट लोन और 3.00 करोड़ रुपये का टर्म लोन शामिल है। सीबीआई रांची ने बैंक की इस शिकायत के आधार पर अगस्त 2024 में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच चंदन कुमार सिंह को सौंपी। सीबीआई ने जांच में पाया कि बैंक से कर्ज लेने के लिए मयंक साहा और रोमी साहा ने हीरा हाईट्स नाम के आवासीय भवन के चार फ्लैट को गिरवी रखा था। सेल डीड में हीरा हाईट्स में चारों फ्लैट होने का उल्लेख था। हीरा हाईट्स का निर्माण बिल्डर सह ट्रस्ट डॉयगनोस्ट के जतिन साह द्वारा किया जा रहा था। टर्म लोन के लिए यह मयंक साहा की ओर से यह दावा किया गया था कि उसने ट्रस्ट डायग्नोस्टिक के जतिन सहाय के साथ पार्टनरशिप किया है। कर्ज की इस रकम से एमआरआइ मशीन खरीद कर डायग्नोस्टिक सेंटर में लगाया जायेगा। सीबीआई ने जांच में पाया कि एमआरआई मशीन कभी खरीदी ही नहीं गयी। लेकिन एमआरआइ मशीन बेचने का कोटेशन कंप्यूटर व्यापार से जुड़े राजेश कुमार श्रीवास्तव और कुमार राकेश ने दिया था। बैंक से कर्ज लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज सीए पंकज अग्रवाल ने बनायी थी।

# छः बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जियाउल अंसारी नामक व्यक्ति जेल से छूटने के बाद फिर से मोटर साईकिल चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा जियाउल अंसारी के घर पर छापामारी करते हुए घर की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में एक चोरी का मोटर साईकिल बरामद हुआ। जियाउल अंसारी के निशानदेही पर सजीबुल अंसारी के घर पर तलाशी लेने पर उसके घर से बिना कागज का तीन मोटर साईकिल बरामद किया गया। जिसके बाद सजीबुल अंसारी और इमरान अंसारी के निशानदेही पर कलीम अंसारी के घर से एक मोडिफाई किया हुआ एक पल्सर और एक बजाज डिस्कभर मोटर साईकिल बरामद हुआ। इमरान अंसारी के ही निशानदेही पर मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डु और समीम अंसारी के घर से एक-एक मोडिफाई किया हुआ पल्सर मोटर साईकिल बरामद हुआ है। मोटर साईकिल की पहचान छुपाने की नियत से पल्सर मोटर साईकिल की तेल टंकी को बदलकर डिस्कवर की तेल टंकी लगा दिया, ताकि चोरीका मोटर साईकिल की पहचान ना हो सके।

## पृष्ठ एक के शेष

**ईचाबार जंगल में मुठभेड़...**

पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार मिश्र, समेत सशस्त्र बल शामिल थे। पप्पू लोहरा के खिलाफ लातेहार, मनिका, गारू, नेतरहाट और बरवाडीह थानों में 2006 से लेकर 2020 तक कुल 14 गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, आगजनी, पुलिस पर हमला, सरकारी संपत्ति को नुकसान, लेवी वसूली और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को उग्रवाद विरोधी अभियान में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

**भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ...**

सांसद वी.डी. राम की अध्यक्षता में समीक्षा चल रही थी, तभी विधायक ने पहले वन विभाग के पदाधिकारी और फिर जिला आपूर्ति पदाधिकारी पर खुलेआम अभद्र भाषा का प्रयोग किया। झासा पदाधिकारियों ने कड़ा ऐतराज जताते हुए निर्णय लिया कि अब विधायक द्वारा आयोजित किसी भी बैठक या कार्यक्रम में झासा के सदस्य भाग नहीं लेंगे। साथ ही इस अपमानजनक व्यवहार की सूचना केंद्रीय झासा इकाई और राज्य स्तर के वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। संघ ने साफ किया कि जनप्रतिनिधियों को यह याद रखना होगा कि अधिकारी कोई उनका निजी कर्मचारी नहीं, बल्कि संवैधानिक पदाधिकारी हैं। दुर्व्यवहार और दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झासा ने जनप्रतिनिधियों से शिष्ट, मर्यादित और गरिमापूर्ण व्यवहार की सख्त अपेक्षा जताई है।

**'विकसित गांव' से साकार...**

तक का स्वास्थ्य बीमा करवा रही है। साथ ही, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार जिलावार हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए, जिससे प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर स्वास्थ सेवाएं मजबूत हो सकें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उग्रवाद की समस्या से निवारण के लिए सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिधारण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, जिसे सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से खत्म करने की आवश्यता है। नक्सल समस्या पर प्रकाश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राज्य के 16 जिले इससे प्रभावित थे, जो कि अब 2 जिलों पश्चिमी सिंहभूम एवं लातेहार तक सिमट गया है। फिर भी विशेष केंद्रीय सहायता सभी 16 जिले में लागू रखने की आवश्यकता है।
मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि कोविड जैसी महामारी में विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई, जिससे प्रदेश के जो मजदूर राज्य के बाहर काम करते थे, उन्हें सहायता राज्य सरकार से प्रदान कराई गई। हाल ही में कैमरून में फंसे मजदूरों को राज्य सरकार ने अपने व्यय से वापस बुलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे मजदूर जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते है, उनके वीजा, सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि 16वें वित्त आयोग द्वारा संघीय व्यवस्था में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच राजस्व के बंटवारे के संदर्भ में आवश्यक प्रक्रिया बनाई गई है। राजस्व के वर्टिकल डेवल्यूशन 41 प्रतिशत से 50 प्रतिशत होने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभाज्य पूल का आकलन केंद्र सरकार द्वारा वसूला जाता है। सभी उपकर, अधिभार को घटाते हुए यह किया जाता है। इसका कोई अंश विभाज्य पूल में सम्मिलित नहीं होता है। वर्ष 2017 से जीएसटी अधिनियम लागू होने के के बाद झारखंड जैसे विनिर्माता राज्य के लिए पूर्व के वैट से राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रारंभिक पांच वर्षों के लिए राज्य को 14 प्रतिशत प्रोटेक्टेड रेवेन्यू के अनुसार कंपनसेशन की राशि मिली है। जून 2022 के बाद से राशि न मिलने से राज्य को हजारों करोड़ की राजस्व हानि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत @2047 झारखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित सहयोग प्रदान होने से 'विकसित झारखंड' और 'विकसित भारत' की परिकल्पना साकार होगी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल, योजना सचिव मुकेश कुमार भी झारखंड की ओर से शामिल हुए।

**केंद्र की योजनाएं राज्यों के अनुरूप लागू की जाएं :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि मे वृद्धि होनी चाहिए। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट के कारण योजनाएं उद्यम के लिए कारक बन रहे है, जिसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है।

# इंग्लैंड दौरे के लिए गिल बने भारत के कप्तान



**मुंबई।** इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है जबकि विकेटकीपर ऋषभ पंत को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। करुण नायर की भारतीय टीम में वापसी हुई है जबकि बी साई सुदर्शन और अभिमन्यु ईश्वरन को भी टेस्ट टीम में जगह दी गई है। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम की शनिवार को घोषणा की। शार्दुल ठाकुर और नीतीश कुमार रेड्डी भारतीय दल में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह को शामिल किया गया है। वहीं स्पिन विभाग में कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा का साथ देते दिखाई देंगे। हालांकि चयनित दल में सरफराज खान जैसे चेहरे नदारद हैं। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिल पाई है, वह इंग्लैंड दौरे के लिए फिट नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा कि इंग्लैंड दौरा चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन गिल पर उन्हें पूरा विश्वास है।

## 37वें टेस्ट कप्तान होंगे शुभमन गिल

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

## इंग्लैंड दौरे का कार्यक्रम

| पहला टेस्ट | दूसरा टेस्ट | तीसरा टेस्ट | चौथा टेस्ट | पांचवां टेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| 20 जून - हेडिंग्ले | 2 जुलाई - एजबस्टन | 10 डुलाई - लॉर्ड्स | 23 जुलाई - ओल्ड ट्रैफर्ड | 31 जुलाई - द ओवल |

## गिल की कप्तानी में जायसवाल के लिए एक नए सफर की शुरुआत : ज्वाला सिंह



**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह को लगता है कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलना बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए लाल गेंद के प्रारूप में एक नए सफर की शुरुआत होगी। 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण पांच टेस्ट के दौरे से पहले गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समाप्त होने के बाद जायसवाल ने दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।



# मैगनस कार्लसन और गुकेश के बीच टक्कर पर दुनिया की नजरे

**एजेंसी**

**ओस्लो ,नॉर्वे ( निकलेश जैन )।** सोमवार से यहाँ शुरू होने वाले नार्वे शतरंज के तेरहवें संस्करण में भारत के वर्तमान विश्व चैंपियन डी गुकेश और मेजबान देश के पाँच बार के विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन दोनों भाग लेने जा रहे है और शतरंज प्रेमियों के लिए यह पहला मौका होगा जब विश्व चैंपियन बनने के बाद गुकेश क्लासिकल शतरंज में कार्लसन का मुकाबला करेंगे । आज भी कार्लसन एक दशक से भी अधिक समय से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी है जबकि गुकेश दुनिया के फ़िलहाल नम्बर तीन खिलाड़ी है ।इन दोनों के अलावा भारत के अर्जुन एरिगैसी , यूएसए के फैबियानो कारूआना और हिकारू नाकामुरा आवर चीन के वे यी भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे , यह सभी खिलाड़ी दोहरे राउंड रॉबिन के आधार पर कुल दस राउंड खेलेंगे ,मतलब हर खिलाड़ी आपस में एक बार सफेद और एक बार काले मोहरो से मुकाबला खेलेंगे । कार्लसन नॉर्वे शतरंज का खिताब रिकॉर्ड छह बार जीत चुके है आवर अब देखना होगा की क्या गुकेश इस बार उन्हें यह खिताब हासिल करने से रोक पायेंगे ।

# श्रीकांत रविवार को फाइनल में ली शि फेंग से भिड़ेंगे

**एजेंसी**



**कुआलालंपुर।** भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत शनिवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी तनाका पर सीधे गेम में जीत के साथ छह साल में बीडब्ल्यूएफ इवेंट में अपने पहले पुरुष एकल फाइनल में पहुंचे। 2023 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता 32 वर्षीय श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने अपने पुराने फॉर्म की झलक दिखाते हुए तेज नेट प्ले और आक्रामक शॉट-मेकिंग के साथ दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी तनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से हराया। 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहने के बाद श्रीकांत का यह पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल है। उनका आखिरी खिताब 2017 में आया था, जिस साल उन्होंने चार रजत पदक जीते थे। कभी विश्व में नंबर 1 रहे श्रीकांत हाल के वर्षों में फॉर्म और फिटनेस में गिरावट से जूझते हुए रैंकिंग में 65वें स्थान पर खिसक गए हैं। छह साल के अंतराल के बाद फाइनल में पहुंचने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए श्रीकांत ने कहा, "काफी खुश हूं। शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, लेकिन यह भी तथ्य है कि मैंने आज रात या पिछले साल क्वालीफाइंग में नहीं खेला है, इसलिए शायद मैच खेलने का वह स्पर्श खो दिया है। किसी तरह इस बार सब कुछ ठीक चल रहा है।' उन्होंने कहा, "मैंने वास्तव में कुछ भी योजना नहीं बनाई है। यह सिर्फ शारीरिक रूप से फिट होने, चोट से मुक्त होने और फिर जितने घंटे संभव हो उतने खेलने के बारे में है। मेरे पास वास्तव में खेलने का कोई लक्ष्य नहीं है, इसलिए यह सिर्फ प्रशिक्षण और शारीरिक रूप से फिट होने और फिर खेलने के बारे में है। जाहिर है, अगर मैं खेलता, तो मैं बस थोड़ा खेलता। इसलिए, मैं वास्तव में खुद को ठीक होने, प्रशिक्षण लेने और फिर इस बार खेलने के लिए पर्याप्त समय देना चाहता हूं।



# नेपोली ने इंटर पर एक अंक की बढ़त के साथ जीता चौथा सीरी ए खिताब

**रोम।** नेपोली ने शुक्रवार को कैग्लियारी के खिलाफ अंतिम दौर में 2-0 की घरेलू जीत के बाद इंटर मिलान के दबाव को दूर करते हुए अपना चौथा सीरी ए खिताब दर्ज किया, जिससे नेराज़ुरी की कोमो पर जीत बेकार हो गई ।शुक्रवार से पहले स्कुडेटो रेस व्यावहारिक रूप से दो टीमों की रेस थी। नेपोली ने अपने अंतिम मैच में 79 अंकों के साथ प्रवेश किया, जो इंटर से एक अंक आगे था, इसलिए एंटोनियो कॉन्टे की टीम को इंटर के परिणाम की परवाह किए बिना, अपने सीरी ए चैंपियन खिताब को सुरक्षित करने के लिए केवल एक जीत की आवश्यकता थी। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार कैग्लियारी ने 37वें दौर के बाद अपनी सीरी ए स्थिति की पुष्टि की थी और शुक्रवार को उनके पास खेलने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन नेपोली ने हाफटाइम के स्ट्रोक पर गतिरोध को तोड़ दिया जब माटेओ पोलिटानो ने एक क्रॉस को घुमाया, स्कॉट मैकटोमिने ने एक आश्चर्यजनक एक्रोबेटिक कैंची किक के साथ नेट पाया।

रोमेलु लुकाकू ने ब्रेक के छह मिनट बाद ही बढ़त को दोगुना कर दिया, जब बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने मिडफील्ड से गेंद को संभाला और आगे बढ़ते हुए, चुनौतियों का सामना किया और फिर लो-स्ट्राइक के साथ गोल कर दिया ।यह तीन वर्षों में नेपोली की दूसरी सीरी ए चैंपियनशिप है, क्योंकि इसने लुसियानो स्पैलेटी के नेतृत्व में 2022-2023 सीजन में भारी बढ़त के साथ गौरव का आनंद लिया था, जिससे 33 साल का इंतजार खत्म हुआ। यह कॉन्टे के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है, जो तीन अलग-अलग क्लबों के साथ सीरी ए खिताब जीतने वाले पहले कोच बन गए हैं, इससे पहले वे जुवेंटस और इंटर मिलान को खिताब दिला चुके हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 'मेड इन अमेरिका' एप्पल आईफोन की कीमत करीब 3 लाख रुपए हो सकती है : विश्लेषक



### आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का विस्तार देश के विनिर्माण पर एप्पल के भरोसे को दर्शाता है : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में चुनौतियों के बावजूद आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का विस्तार करने का एप्पल का निर्णय देश के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दिखाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा, "उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी दूरदर्शी नीतियों और भारत सरकार के निरंतर प्रयासों की बदौलत, भारत तेजी से हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक ग्लोबल हब बन रहा है।" एप्पल के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन ने भारत में 12,700 करोड़ रुपए का निवेश किया है, साथ ही पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन जैसे अन्य साझेदार भी परिचालन बढ़ा रहे हैं।

**नई दिल्ली।** शीर्ष विश्लेषकों ने कहा है कि पूरी तरह से इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन के अभाव में 'मेड इन यूएस' एप्पल आईफोन की कीमत 3,500 डॉलर (2,98,000 रुपए से अधिक) हो सकती है। वेडबश सिक्योरिटीज में टेक्नोलॉजी रिसर्च के वैश्विक प्रमुख डैन इवेस ने सीएनएन को बताया कि पूरी तरह से घरेलू आईफोन उत्पादन का विचार एक काल्पनिक कहानी है। इवेस ने यह भी चेतावनी दी कि अमेरिका में एप्पल की जटिल एशियाई सप्लाई चेन की नकल करने से लागत में भारी वृद्धि होगी। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है, "आप वेस्ट वर्जीनिया और न्यू जर्सी में फैब के साथ अमेरिका में सप्लाई चेन बनाएं। वे 3,500 डॉलर के आईफोन होंगे।" इसके अलावा, बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, एप्पल को अपनी सप्लाई चेन का 10 प्रतिशत अमेरिका में शिफ्ट करने के लिए कम से कम तीन साल और 30 बिलियन डॉलर की भारी भरकम राशि की जरूरत होगी। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कंपनी की लेटेस्ट तिमाही अर्निंग कॉल के दौरान कहा कि जून तिमाही के लिए अमेरिका को भेजे जाने वाले अधिकांश आईफोन जल्द ही भारत से आएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आईफोन अमेरिका में नहीं बनाए जाने पर यूरोपीय संघ से सभी आयातों पर 50 प्रतिशत कर लगाने की धमकी दी है और साथ ही एप्पल उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। हालांकि, जानकार सूत्रों के अनुसार, भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त इसे एप्पल जैसी तकनीकी दिग्गजों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनाती है। इसके अलावा, तकनीकी दिग्गज ने सरकार को अपने उत्पादों के निर्माण और 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया है। देश ने एप्पल जैसी बड़ी कंपनियों को 'मेक इन इंडिया' का महत्व दिखाया है। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, "भारत में एप्पल की निवेश योजनाओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है।" हाल के वर्षों में भारत एप्पल की ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

# भारत ने भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं के बावजूद ऊर्जा के क्षेत्र में अच्छा काम किया: केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने, एलपीजी कवरेज का विस्तार करने और देशभर में रिफाइनिंग और वितरण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों के बारे में जानकारी दी। हरियाणा के मानेसर में मंत्रालय की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, केंद्रीय मंत्री पुरी ने विस्तार से बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं से पार पाते हुए नागरिकों के लिए बिना किसी कमी के ऊर्जा की वहनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने में सफल रहा। विशेष रूप से, सरकार ने दो बार उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिसमें पहली कटौती 4 नवंबर, 2021 को और दूसरी कटौती 22 मई, 2022 को पेट्रोल पर 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 16 रुपए प्रति लीटर के रूप में की गई। अप्रैल 2025 में की गई हालिया बढ़ोतरी को तेल विपणन कंपनियों ने वहन कर लिया, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बोझ से बचाया जा सके। एलपीजी सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। इसकी शुरुआत के बाद से, एलपीजी कवरेज 2014 में 55 प्रतिशत से बढ़कर आज लगभग सार्वभौमिक पहुंच तक पहुंच गया है। एलपीजी की खपत में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें प्रतिदिन 56 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी हुई है। अब देश भर में 25,000 से अधिक एलपीजी वितरक काम कर रहे हैं, जिनमें से 86 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जो अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करते हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि भारत में एलपीजी की कीमतें वैश्विक स्तर पर सबसे कम हैं। अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में 58 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बावजूद, पीएमयूवाई उपभोक्ता अब 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए केवल 553 रुपए का भुगतान करते हैं। एलपीजी की कीमतें किफायती रखने के लिए तेल कंपनियों को पिछले साल 40,000 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।

# सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। यह ब्याज दर पिछले वित्त वर्ष के समान ही रखी गई है। फरवरी में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने की घोषणा की थी। राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक में ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने यह निर्णय लिया। वित्त मंत्रालय ने अब वित्त वर्ष 2025 के लिए कर्मचारियों के पीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इस सप्ताह श्रम मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना भी सेवानिवृत्ति निधि निकाय को भेजी गई है। 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ सदस्यों के खातों में जमा की जाएगी। ईपीएफओ ने इससे पहले अपने 7 करोड़ सदस्यों के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 में 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था। इस बीच, ईपीएफओ ने मार्च में 14.58 लाख नेट मेंबर जोड़े और मार्च 2024 की तुलना में नेट पेरोल एडिशन में 1.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की पीएफ संगठन ने मार्च 2025 में लगभग 7.54 लाख नए ग्राहक नामांकित किए, जो फरवरी की तुलना में 2.03 प्रतिशत की वृद्धि और मार्च 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 0.98 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, नए ग्राहकों की वृद्धि का श्रेय बढ़ते रोजगार अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल आउटरीच कार्यक्रमों को दिया जा सकता है। आंकड़ों का एक महत्वपूर्ण पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, क्योंकि 18-25 आयु वर्ग में 4.45 लाख नए ग्राहक जोड़े गए, जो मार्च 2025 में जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 58.94 प्रतिशत है।

# इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह का समापन सुस्ती के साथ किया, क्योंकि निवेशक वैश्विक अनिश्चितताओं से जूझ रहे थे और प्रमुख घरेलू घटनाक्रमों पर नजर बनाए हुए थे। भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद होने से पहले एक सीमित दायरे में रहे। निफ्टी 24,853.15 और सेंसेक्स 81,721.08 पर बंद हुआ, जो निवेशकों की सतर्क भावना को दर्शाता है। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, सुस्त प्रदर्शन वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन की वजह से दर्ज किया गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा, "ग्लोबल फ्रंट पर, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि और अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर चिंताओं ने विदेशी पोर्टफोलियो से निकासी को बढ़ावा दिया, जिससे भारत सहित उभरते बाजारों पर दबाव बढ़ा।" इसके अलावा, अमेरिका-चीन व्यापार सौदे में अनुकूल घटनाक्रमों के बारे में अटकलों ने भारतीय बाजारों में संभावित पूंजी निकासी या कम प्रवाह के बारे में चिंताएं बढ़ा दीं, जिससे सेंटीमेंट और भी खराब हो गया। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक फ्रंट पर, मिश्रित कॉर्पोरेट आय और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी ने अनिश्चितता को बढ़ा दिया, जिससे बाजार सहभागियों के बीच मुनाफावसूली और सतर्क रुख को बढ़ावा मिला। इस सप्ताह सेक्टोरल परफॉर्मेंस भी मिलाजुला रहा। रियलिटी और मेटल लगातार दूसरे सप्ताह शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सेक्टर बने रहे।